जनाब वाला इस हाउस के अन्दर जो सन् ५४ का बिल आया, मैं उस समय सेलेक्ट कमेटी का चेअरमैन था और हम ५१ आदमियों ने गवनमेंट की खिदमत में और इस हाउस की खिदमत में अपनी अर्जदाश्त भेजी कि यह रकम बहुत थोड़ी है, इस को और

अधिक बढ़ाया जाये। जैन साहब ने उस मौके पर जो जवाब दिया, उस के लिये मैं उन का बहुत शुक्रगुजार हूं बेशक यह सही है कि जैन साहब उस रकम को नहीं बढ़ा सकते थे। चूनांचे उन्होंने कहा कि मैं उस रकम को नही बढा सकता। मुझे इस की शिकायत नहीं है कि उन्हों ने हम को ऐसा जवाब दिया। मुझे शिकायत तो इस बात की है कि जैन साहब ने जो यह फरमाया था और मैं समझता हूं दुरुस्त तौर पर फरमाया था और खुले दिल से फरमाया था कि मैं एक भी आदमी को किसी मकान से बेदखल नहीं करूंगा, मैं एक आदमी को भी उस के घर से नहीं निकालूंगा। यह उनके अल्फाज हैं और मैं चाहता हूं कि इन अल्फाजों को जो जैन साहब की स्पीच में दर्ज हैं, उन को सुनहेरे लफ्जों में लिख कर हर एक शरणार्थी भाई अपने घर के आगे लटका ले और जब कोई आदमी उसे बेदखल करने जाये तो उस के सामने वह तख्ती पेश कर दे कि तुम मुझे क्यों बेदखल करते हो, जैन साहब का तो यह हुक्म है। आज होने यह जा रहा है कि बावजूद जैन साहब के उन ऐलानात और वायदों के कि मैं एक भी आदमी को घर से नहीं निकालूंगा, देहली में और दूसरी जगह बहुत काफी तादाद में लोग आप के इन रूल्स की पालिसी से बेदखल हो जायेंगे। यह मिनिस्ट्रि वाले हालात से वाकिफ नहीं मालूम होते या मगेरे बने हुए है, मुझे नहीं मालूम। मुझे तो आज की हालत देख कर शर्म आती है कि लोगों को बेदखल किया जा रहा है जब कि हम को मिनिस्ट्री ने मजबूर किया कि दिल्ली में यह जो शरणार्थी पटरियों पर बैठे हैं, वह वहां से उठ जायें और उठाते वक्त यह कहा गया कि हम उन के वास्ते कमला मार्केट व दूसरी मार्कीटें बना रहे हैं, वहां उन को जगह देंगे। हमारे कहने से वे लोग पटरियों पर से उठ गये, वर्ष दो वर्ष तक काम नहीं किया और इस उमीद पर बैठे रहे कि कमला मार्केट में हम को दुकानें मिलेंगी और हमारे लिये इस तरह पक्का इंतजाम हो जायेगा। लेकिन आज उन को मायूसी का सामना करना पड़ा है। मैं खन्नां साहब की खिदमत में दस्त बस्ता अर्ज करूंगा कि जैन साहब ने जो वायदा किया था और इस हाउस में ऐलान किया था, आप उस वायदे को पूरा करें, आखिर को आप उन के सक्सेसर हैं। जो अच्छी बातें उस जमाने में हुई उन की तो आप जिम्मेदारी लेते हैं लेकिन अगर कोई कमी है बुराई है तो उस के लिये भी तो अब आप की ही जिम्मेदारी है। आज आप किस मुंह से कहते हैं कि तुम इन मकानों से निकल जाओ जब जैन साहब कह चुके हैं कि मैं एक भी आदमी को उस के मकान से नहीं निकालूंगा मैं बिना आलटरनेटिव जगह के उस को मकान से नहीं निकालूंगा और मैं ने उन को गेनफुल एम्प्लायमेंट देने का जिम्मा लिया हुआ है। मेरी आज खन्ना साहब से गुजारिश है कि यह आप पर वाजिब है कि आप अपने सक्सेसर के वायदों को निभायें और उन को तोड़ें नहीं।

जब मैं जनाब की तवज्जह दूसरी जानिब मबजूल करना चाहूंगा। सेलेक्ट कमेटी में इस मामले को ले कर बड़ा तनाजा चला था और चुनांचे हमारे जैन साहब ने फरमाया था कि हम इन मकानों से कोई मुनाफा नहीं कमाना चाहते और हम इन मकानों की मुनासिब कीमतें रक्खेंगे और उन्हों ने यहां तक कहा कि इंजीनीयर्स जो उनकी कीमत आंकेंगे और अगर रिफ्यूजीज को वह ज्यादा जान पड़ी तो उस पर अपील का हक होगा और उन्होंने फरमाया था कि मैं मार्केट वेल्यू चार्ज नहीं करूंगा। जैन साहब की वह स्पीच मेरे हाथ में इस समय मौजूद है, मेरे पास वक्त नहीं है कि उस में से उन के वह फिकरे पढ़ कर सुनाऊं। उन्हों ने साफ अल्फाज में कहा था कि हम मार्केट वैल्यु चार्ज नहीं करेंगे लेकिन आज क्या हो रहा है, जो रूल्स बनाये गये हैं उस के मुताबिक मार्केट

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

वैल्यू वसूल की जा रही है। अब मार्केट वैल्यू का किस्सा जरा सा बयान कर दूं और मार्केट वैल्यू के बाबत जैन साहब ने खुद फरमाया था कि कई जगह मार्केट वैल्यू पहले के मुकाबले दुगनी, तीन गुनी और चौगुनी हो गई है और यह जगहें वह हैं जहां पहले कोई जाता नहीं था, वीरान पड़ी थीं, और चोर और डाकुओं का डर बना रहता था, वहां आदमी नहीं दिखाई देता था, कुत्ते और बिल्ली और दूसरे परिन्दे घूमते फिरते थे, आज वह जगहें गुलजार बनी हुई हैं क्योंकि शरणार्थी लोग वहां जा कर बसे और उन को आबाद किया और उन्होंने अपने मकानात बनाये और नतीजा यह हुआ कि मकानों की कीमतें बढ़ गयीं और आज जिस मकान की कीमत पहले ४ हजार ५ सौ थी, आज उस के नौ हजार ६०४ रुपये मांगते हैं। और मुझे कई आदमियों ने कहा कि हमारे दस हजार के क्लेम थे, लेकिन गवर्नमेंट ने उस मकान की कीमत में एक हजार और फालतू जोड़ कर उस मकान की कीमत दस हजार से ज्यादा कर दी और जिस का नतीजा यह निकला कि हम को वह मकान नहीं मिल सका। मैं इस बात को मानता हूं कि वह रुपया गवर्नमेंट की जेब में आयेगा और हमारे दूसरे भाइयों को कम्पेन्सेशन देने के काम में आयेगा लेकिन वह यह क्यों भूल जाते हैं कि जैन साहब ने अपने उस पैम्पलेट के सफे तीन पर यह फरमाया है कि यह सब मकानात शरणार्थियों के वास्ते बने थे। यह मकानात लोगों को कम्पेन्सेशन देने के वास्ते नहीं बने थे लेकिन आज मालूम यह पड़ता है कि रिहैबिलिटेशन मिनिस्ट्री कंपेन्सेशन मिनिस्ट्री बन गई है और जो नये रूल्स बनाये गये हैं उन में जैन साहब के जितने पुराने वायदे और ऐलानात थे, उन को खैरबाद कह दिया गया है क्योंकि मालूम ऐसा होता है कि गवर्नमेंट ने जो कीमत १८० करोड़ की, फिलवाया उतनी नहीं है, यह फेस सेविंग डिवाइस है और मैं गवर्नमेंट से कहूंगा कि अगर यह रहने वाले तबाह हो गये तो क्या करेंगे। मैं अदब से गवर्नमेंट की खिदमत में अर्ज करना चाहता हूं कि इस में बैलेन्स स्ट्राइक करना चाहिये जनाबवाला जो कीमत बढ़ाई गई है इस वक्त मेरे हाथ में उसकी एक लिस्ट है पहले तो ६ रुपये फी गज उस जगह की कीमत थी लेकिन अब २५ रुपये फी गज कर दी गई है। इस कीमत की बात को छोड़ कर मैं दो तीन और चीजों की तरफ आप का ध्यान दिलाना चाहता हूं।

एक रोज सुबह के वक्त बैठ कर गालिबन महूरत निकलवा कर इस मिनिस्ट्री ने तकरीबन ६,५०० क्लेम्स खारिज कर दिये। एक कमेटी बनाई गई जिस का नाम रूरल स्करीनिंग कमेटी था और जिस के अन्दर बगैर उन लोगों को बुलाये सेंकड़ों और हजारों आदमियों के क्लेम्स खारिज कर दिये गये। मैं अपने साथ दो तीन चिट्ठियां उठा लाया हूं जो कि रिप्रिजेंटेटिव चिट्ठियां हैं और मैं समझता हूं कि रोजमर्रा बड़ी तादाद में गवर्नमेंट के पास इस किस्म की चिट्ठियां मौसूल होती होंगी। एक मेरे पास चिट्ठी है एक बेवा की जिस की मार्फत गारू राम वल्द चेला राम की जो जमीन थी उस के क्लेम को खारिज कर दिया गया है क्योंकि दूसरे किसी उसी नाम और पिता के नाम वाले आदमी के पास कोई जमीन थी, लेकिन इस बेवा के पास नहीं थी। उस की आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई, उस को बुलाया तक नहीं गया और उस बेचारी ने अनेकों जगह अर्जियां दीं और कई जगह वह टकरें मार चुकी है लेकिन किसी दर्खास्त का जवाब ही उस को नहीं दिया जा रहा है.

श्री मेहर चन्द खन्ना : कब की बात कर रहे हैं, यह तो बहुत पुरानी बात मालूम पड़ती है

पंडित ठाकर दास भार्गव : यह पुरानी बात नहीं है, नई बात है और

उन के वास्ते जिन के क्लेम खारिज कर दिये गये हैं उन के लिये यह अब भी बिल्कुल नई है । उस बेवा का नाम तगी बाई है ।

मेरे पास एक दूसरी दर्खास्त है उस शख्स की जिस के पास सिर्फ १/२ आफ ए यूनिट था । उस का १०,५०० का क्लेम था और वह नामंजूर कर दिया गया है । उस का नाम थानाराम वल्द भवानी दास अहुजा है ।

तीसरी बात जो मैं कहना चाहता हूं कि एक शख्स मेरे पास आया जिस का क्लेम था । मैं यहां पर आप को बतना चाहता हूं कि पंजाब के अन्दर जो लोग आबाद थे इस तरफ और उस तरफ उनकी जो जायदादें थीं उन में बहुत फर्क था । जो लोग यहां से पाकिस्तान गये उन के तो ६० फी सदी कच्चे मकान थे और जो लोग उधर के थे हिन्दू और सिख उन के पास काश्त के सिवा और भी काम थे जैसे तिजारत और दूसरी किस्म का लेन देन वे लोग जमीन भी रखते थे और उन के पक्के और अच्छे मकान भी थे । जिस वक्त आप का यह १६५० का एक्ट बना तो मुझे याद है कि यह १०-१५ मिनट के अंदर पास हो गया उसका न फर्स्ट रीडिंग हुआ और न थर्ड । मैं ने उस में एक अमेंडमेंट पेश किया था जो कि मंजूर कर लिया गया और इस के सिवा कुछ भी नहीं हुआ । इस का क्या रिजल्ट हुआ । सेन्ट्रल गवर्नमेंट को अख्तियार मिल गया कि वह अर्बन एरिया के लिये मुआवजा दे सके । बाकी के जो एरियाज रहें उन के बारे में सेन्ट्रल गवर्नमेंट को यह अख्तियार मिला कि वह इंडिकेट करेगी क्लास आफ प्रापर्टी । क्लास आफ प्रापर्टी के क्या माने हैं । इस के माने यह हैं कि फलां जगह क्या कोई मकान है, सारायें है, धर्मशाला है, फैक्टरी है या क्या है खुली जमीन है या बंजर है । अब आप देखिये कि इस का क्या नतीजा निकला । नोटिफिकेशन जारी किये गये जिन में यह लिख दिया गया कि जिन लोगों को चार एकड़ से कम जमीन दी गई है उन की १०,००० की जायदाद खत्म और जिस को चार एकड़ से ज्यादा जमीन दी गई है उसकी २०,००० की जायदाद खत्म । मैं अर्ज करता हूं कि इस एक्ट के नीचे जो नोटिफिकेशन जारी किये गये हैं वे बिल्कुल अनकांस्टीट्यूशनल हैं, बिल्कुल इल्लीगल हैं । अखित्यार तो दिया गया था क्लास आफ प्रापर्टी इंडिकेट करने का न कि क्लास आफ मैन या पर्सन इंडिकेट करने का । चार एकड़ और उस से कम व बेश एकड़ की जो बात रखी गई है वह बिल्कुल गलत है । एक शख्स जिस का क्लेम १,३०,००० का था और जिस में से २३,००० का एक क्लेम वैरिफाईड क्लेम था और बाकी के १,७,००० में जो उस की जायदाद थी उस में से कोई भी २०,००० से ज्यादा की नहीं थी । अब उस की १,२३,००० की जो जायदाद थी वह सारी की सारी खत्म हो गई और उस का क्लेम सिवाय २३,००० के खारिज कर दिया गया । यह किस तरह से हुआ यह बात मैं आप को बतलाना चाहता हूं । शायद यह चीज नीचे से हुई है : एक ज्वाइंट सेक्रेटरी था जिस का नाम श्री कपूर था । उन्हों ने एक प्रेस नोट जारी कर दिया जिस की कापी मेरे पास मौजूद है । उन्होंने उस में यह व्याख्या कर दिया कि :

"The building" means "a building of the value of less than 10,000 rupees or 20,000 rupees as the case may be".

अगर दस बिल्डिंग्ज हुई और किसी की भी कीमत १०,००० से उपर नहीं हुई तो उस की सारी की सारी बिल्डिंग्ज ही खत्म हो गई और उस का कोई भी क्लेम न था और उस का सारे का सारा क्लेम खारिज कर दिया गया । यह बात भी कैसे हुई यह भी मैं इस भवन में सुना चुका हूं । और मुझे आशा है कि आप को याद भी होगा । जब भारत और पाकिस्तान के बीच फैसला हुआ तो मालूम हो गया कि हमारी जायदाद इतनी है कि अगर सारा पाकिस्तान रहन भी हो जाये तो भी हमारी जायदाद की कीमत वह अदा

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

नहीं कर सकता । यहां से जब पाकिस्तान के सेक्रेटरी वापस गये और उन्होंने जिन्ना साहब को बताया कि हम भारत से फैसला कर आये हैं कि जो भी डिफिरेंस इनप्राइस होगा व हम अदा करेंगे तो इस पर जिन्ना साहब ने कहा कि अगर तुम ऐसा करते हो तो तुम. बहुत अर्से तक पाकिस्तान को मार्टगेज कर के भी कई बरस तक कर्ज अदा नही कर सकोगे। इस पर गवर्नमेंट आफ इंडिया ने सोचा कि उतनी चीज की ही मांग की जाये जितनी पाकिस्तान दे सके ताकि ऐसा न हो कि कुछ भी न मिले। उस वक्त हमारे मिनिस्टर यह चाहते थे कि जिन के उधर मकान थे उन को यहां पर एक मकान दे दिया जाये। असल में यह बात भी दुरुस्त नहीं है अगर ऐसा होता तो सरकार अब यह न कहती कि उन मकानों के बजाये दो ऐकड़ जमीन की ४५० रुपये के हिसाब से कीमत ले लो। मकानों पर पानी फिर गया । जिस आदमी के दस मकान थे उस के दस के दस मकान खत्म हो गये। यह मैं मानता हूं कि बड़ी मुसीबत नजर आती है। अब आप देखें कि उनको क्या मिला। इस वैलफेयर स्टेट के इंसाफ को देखिये कि उन को क्या दिया गया और जब यही हालत है तो वे लोग सरकार को क्या कहेंगे। यह जो सारी बातें हैं मैं समझता हूं कि इनको दूर करने के लिये कुछ रद्दोबदल करने की जरूरत है जिसके लिये गवर्नमेंट तैयार नहीं है। चूंकि मुश्किलात हैं इसलिये मुझे को इस के सिवा और कोई चारा नजर नहीं आता। अगर श्री मेहर चन्द खन्ना साहब.ने ईमानदारी के साथ अपनी रिहैबिलिटेशन मिनिस्टरी के काम को करना है तो मैं उन से ऐज मिनिस्टर नहीं बल्कि ऐज श्री खन्ना साहब के अपील करूंगा कि वे इन सब चीजों को देखें और इन्हें दूर करें। यह जितनी भी बेइंसाफियां हुई हैं इन को दूर करने की जरूरत है और जब यह दूर हो गई तो किसी को भी कोई शिकायत करने का मौका नहीं मिलेगा। मैं बड़े अदब से अर्ज करना चाहता हूं कि जो गलतियां हुई है उन का एतराज किया जाये और उन को दुरुस्त करने की कोशिश की जाये ताकि वे लोग जो कि उजड़ कर यहां आ गये हैं उन के साथ इंसाफ हो सके। जो जस्ट क्लेम्ज हैं उन को मान लिया जाये और मुआवजा कानून के मुताबिक दिया जाये। जिन लोगों के क्लेम किसी वजह से रिजिस्टर नहीं किये गये हैं उन को रजिस्टर करें और उन को भी मुआवजा कानून के मुताबिक दें।

श्रीमती सुचेता कृपालानी (नई दिल्ली) : जो थोड़ा सा समय मुझे दिया गया है उस में में जो इस स्कीम में नुक्स है और जो बेइंसाफियां हैं उन को बतलाने की कोशिश करूंगी। इस बात में कोई शक नहीं है कि कई नुक्स हैं और कितनी ही बेइंसाफियां स्कीम में मौजूद हैं। आठ साल के इंतजार के बाद और कठिन परिश्रम करने के बाद भी यह जो स्कीम आई है इस में भी कई खामियां हैं। आज कोई भी रिफ्यूजी यह नहीं समझ रहा है कि उस को पूरा कम्पेन्सेशन मिलेगा उस प्रापर्टी का जो कि वह उधर छोड़ आया है। वे लोग इस चीज को बर्दाश्त करने को तैयार हैं। लेकिन रिफ्यूजीज कम से कम यह उम्मीद जरूर करते हैं कि जो भी कानून गवर्नमेंट बनाये उस को इंसाफ की बुनियाद पर बनाया जायें और साथ ही एक रिफ्यूजी और दूसरे रिफ्यूजी के बीच अन्तर न किया जाये। एक ही कानून के मुताबिक और एक ही रेट के मुताबिक सब रिफ्यूजीज को कम्पेन्सेशन दिया जाना चाहिये। पंजाब के रिफ्यूजीज को एक रेट से मिले और दूसरों को दूसरे रेट से मिले. यह बात ठीक नहीं है और न ही यह इन्साफ

है। वैसा ही इवैकुई प्रापर्टी पूल से रिफ्यूजीज और नान-रिफ्यूजीज को जब कुछ दिया जाता है, तो उन दोनों में भी किसी किस्म का फर्क न होना चाहिये, कोई डिस्क्रिमिनेशन न किया जाये, बल्कि उन को एक ही स्टैण्डर्ड से दिया जाये। यही मुनासिब है और यही इन्साफ है। अब हमें देखना यह है कि वह इन्साफ इस एक्ट और रूल्स में मौजूद है या नहीं।

अभी मिस्टर चटर्जी ने एक Act के बारे में जिक्र किया है। मैं भी कुछ कहना चाहती थी, लेकिन उन्हों ने काफी कुछ कह दिया है। उस एक्ट का नाम है इवैकुई इन्ट्रैस्ट्स (सैपरेशन) एक्ट, १९५१ और उस के द्वारा यह इन्तजाम किया गया है कि अगर इवैकुई पूल की किसी प्रापर्टी में यहां के किसी नागरिक का हक है—वह को-शेयरर है या मारगेजी है या मागजर है तो वह हक गवर्नमेंट कैसे पूरा करेगी। मेरे पास कुछ फिगर्ज हैं। अगर वे गलत हों, तो मिनिस्टर साहब बैठे हैं, वह उन को करेक्ट कर देंगे। नान इवैकुई १,०७,००० तो क्लेमेंट हैं और उन में से ३८ हजार से ऊपर का एक्चुअल सेपरेशन हो चुका है। ७३,००० का एडजुडिकेशन हो गया है २४,००० को कस्टोडियन में वेस्ट कर दिया गया है और सिर्फ १४,००० केसेज पेंडिंग हैं। इस का मतलब यह है कि करीब करीब पौने दो लाख केसेज में से ज्यादातर का फैसला हो चुका है और थोड़े से बाकी हैं। यह फैसला किस कानून के मुताबिक किया गया है? जो लोग हिन्दुस्तान के रहने वाले हैं अर्थात् जो नान पार्टीशन्ड एरिया के रहने वाले हैं, उन को इवैकुई प्रापर्टी पूल में से क्या मिलेगा? हमारे पास एक नोट है, जिस में कहा गया है कि :

> "The non-evacuee sharer is not evicted properly and as such he is entitled to his full share either by partition or by any other mode of separation permissible under the law."

उस को फुल शेयर दिया जायेगा और यह भी कहा गया है कि फुल शेयर के साथ ही साथ उस को ५ परसेंट इन्ट्रैस्ट भी दिया जायगा। अगर कोई साधारण अपनी जायदाद वसूल करना चाहता है तो उस को कोर्ट में जाना पड़ता है और काफी खर्च और बड़ी परेशानी उठानी पड़ती है। लेकिन नान इवैकुईज जो Evacuee pool से जायदाद वसूल करना चाहते हैं उन पर हमारी सरकार इतनी मेहरबान है कि उस को कोर्ट में बिल्कुल नहीं जाना पड़ेगा। मिनिस्टर साहब चैक लिख देंगे और उन को मिल जायेगा। हम इस बात से बहुत खुश हैं, लेकिन अगर यही इन्तजाम सब के लिये किया जाये, तो बहुत अच्छा है। तभी सब के साथ इन्साफ हो सकता है। वह कानून पास करने के बाद अब सरकार ने यह कानून हमारे सामने रखा है।

पंडित ठाकुर दास भार्गव : सरकार ने नहीं, हाउस ने वह कानून पास किया है। बक्शी टेक चन्द, लाला अचिन्तराम और हम में से बहुत से लोग सिलेक्ट कमेटी में थे।

श्रीमती सुचेता कृपालानी : हाउस ने पास किया है, मगर हम तो उस का समर्थन नहीं करते हैं।

इस कानून के मुताबिक आप रिफ्यूजी को क्या देना चाहते हैं? इस बारे में जो सकेल रखा गया है, वह सफा ४५ पर दिया हुआ है। छोटे से छोटे क्लेमेंट को, जिस को कि ५०० रुपये तक मिलेगा, ६६ परसेंट मिलेगा। उस को भी फुल कम्पेन्सेशन नहीं मिलेगा, हालांकि उस का क्लेम इतना थोड़ा है : जैसे जैसे क्लेम बढ़ता जायेगा, वैसे वैसे परसेंटेज घटता जायेगा। इस तरह जिस का क्लेम २० लाख का है, उस को ११ परसेंट मिलेगा। इस के बाद जिन लोगों का क्लेम करोड़ों में होगा—दस बीस करोड़ होगा—उन को सिर्फ

[श्रीमती सुचेता कृपालानी]

दो चार परसेंट मिलेगा । जो रिफ्यूजी सब कुछ गंवा कर यहां आये हैं, उन को तो इक्वीटी पूल में से ६६ परसेंट से १ परसेंट तक मिलेगा, लेकिन नान-रिफ्यूजी को, जिस का कोई नुकसान नहीं हुआ है, जो यहां बैठा हुआ है, जिस की जायदाद का एक टुकड़ा सिर्फ गया है, बगैर कोर्ट में गये और स्टेम्प ड्यूटी वगैरह दिये फुल कम्पेन्सेशन मिलेगा और साथ ही ४ परसेंट इन्ट्रेस्ट भी दिया जायेगा । यह इन्साफ नहीं है । मैं यह नहीं कहती कि यह उन को क्यों दिया जा रहा है । मैं बड़ी खुश हूंगी अगर आप उन को १० परसेंट इन्ट्रेस्ट भी दे दें, बशर्ते कि आप रिफ्यूजीज को भी उसी हिसाब से दें । मैं तो यही कहना चाहती हूं कि रिफ्यूजी और नान-रिफ्यूजी के लिये एक ही कानून होना चाहिये । जो कुछ आपने किया है, उस को किसी भी तरह इन्साफ और सोशलिज्म नहीं कहा जा सकता है ।

इस के बाद में सीलिंग फिक्स करने के सवाल पर आती हूं। इस बारे में मेरी पोजीशन बहुत आकवर्ड है, क्योंकि मैं तो सोशलिस्ट पार्टी में हूं । मैं तो यह चाहती हूं और मुझे बहुत खुशी होगी अगर यहां पर सोशलिस्टिक पैटर्न कायम कर दिया जाये और प्रापर्टी पर भी सीलिंग रख दी जाये। मगर मैं यह कहना चाहती हूं कि आप यह सीलिंग का सिद्धान्त रेफ्यूजीज से मत शुरू कीजिये । सवाल यह है कि अगर यह सीलिंग फिक्स कर दी जाये, तो फायदा किस को होगा ? अगर फायदा गरीब रेफ्यूजीज को हो, तो वह बड़ी अच्छी बात है । आप ने पचास हजार का सीलिंग फिक्स किया है, लेकिन गवर्नमेंट के पास कैश नहीं है । लोगों को कैश से कम्पेन्सेन्ट नहीं किया जायेगा, प्रापर्टी से किया जायेगा और ये प्रापर्टीज आक्शन होंगी—नीलाम होंगी । नीलाम में एक रेफ्यूजी चाहे वह दस करोड़ की जायदाद छोड़ कर आया हो—पचास हजार तक की ही बोली देगा । लेकिन एक नान-रेफ्यूजी कोई मारवाड़ी, जिस के पास पहले ही दस बीस मकान हैं और करोड़ों रुपये की जायदाद है—पचास हजार से दो तीन हजार बढ़ा कर उस प्रापर्टी को ले लेगा, फिर चाहे वह उस मकान में रहे या न रहे, हालांकि वह रेफ्यूजी सिर्फ अपनी रिहाइश के लिये ही मकान चाहेगा । इस तरह हम देखते हैं कि रेफ्यूजी को इस से कोई फायदा नहीं होगा । उस को तो मकान से निकाल दिया जायेगा और नान-रेफ्यूजी अमीर आदमी को उस में रख दिया जायेगा, फिर चाहे वह उस मकान में रहे या उस से मुनाफा करे । मेरे पास पंजाब से एक चिट्ठी आई है, जिस में कहा गया है कि जिस मकान में हम रहते थे, वह आक्शन हुआ, हम लोग चार हजार नहीं दे सके और दूसरे लोग ले गये । मैं कहना चाहती हूं कि यह सोशलिज्म नहीं है, इन्साफ नहीं है । यह तो चीप स्लोगनाइजिंग है । सोशलिज्म, तो वह होगा जिस में रेफ्यूजी, नान-रेफ्यूजी Small claimant big claimant और सब के साथ एक जैसा व्यवहार किया जायेगा । यह तो लोप-साइडिड, अनबैलैंस्ड, सोशलिज्म है ।

जो कम्पेन्सेशन स्कीम हमारे सामने बन कर आई है, उस पर गवर्नमेंट के लोगों ने बड़ा परिश्रम किया है, और नान गवर्नमेंटल लोगों ने भी बड़ा परिश्रम किया है लेकिन इस में बे-इन्साफी की बू आ रही है । इस में सैकड़ों नुक्स हैं इस बारे में कुछ ज्यादा बताने की जरूरत नहीं है, क्योंकि श्री ठाकुर दास भार्गव बहुत अच्छी तरह समझा चुके हैं । आखिर इस की वजह क्या है वजह यह है कि रिहैबिलिटेशन मिनिस्ट्री के पास काफी रकम नहीं है, जिस से कि वह कम्पेन्सेशन स्कीम को अच्छी

तरह से चला सके। जब तक कैश न होगा तब तक कम्पेन्सेशन स्कीम चल नहीं सकती है। और फिर कैश कैसे आये? देश के वास्ते रिहैबिलिटेशन मिनिस्ट्री और हमारी सराकार ने एक बहुत बढ़िया तरकीब निकाली है। कैश को रिफ्यूजीज के माथे रख दिया गया है। एक रिफ्यूजी की जेब से रुपया ले कर दूसरे रेफ्यूजी को कम्पेन्सेट किया जा रहा है। इसी को कहते हैं "राबिंग पीटर टु पे पाल"। एक से ले लिया और दूसरे को दे दिया, यह कोई मुनासिब बात नहीं है।

आज यह रूल बनाया गया है कि दो हजार रुपये वाली दुकानें और पांच हजार रुपये वाले मकान नीलाम होंगे और जो लोग उन में रह रहे हैं, उन को नहीं दिये जायेंगे। यह इन्सफ नहीं है। इन्साफ यह है कि जो लोग उन मकानों की आकुपेशन में हैं, उन को लांग लीज टर्म पर और ईजी इन्स्टालमेंट्स पर वे मकान दे दिये जायें, ताकि वे लोग आहिस्ता आहिस्ता वह रुपया अदा कर सकें। लेकिन मुश्किल यह है कि अगर उन को आक्शन नहीं किया जायेगा, तो सरकार के पास पैसा कहां से आयेगा। सरकार ने लोन और मकानों की रिकवरी और कम्पन्सेशन स्कीम को कोरिलेट कर दिया है। जब तक ऐसा रहेगा, तब तक कम्पेन्सेशन स्कीम नहीं चल सकती। मिनिस्ट्री के सामने तो एक बहुत बड़ा डाइलेमा है, एक बड़ी समस्या है। अगर मैं मिनिस्टर होती तो "आई वुड नाट टच इट विद ए लार्ज पोल।" इतना मुझ को इस से डर लगता है। अगर हम मान जायें कि मकानों को नीलाम नहीं करेंगे, तो कम्पेन्सेशन कहां से देंगे, क्योंकि हाथ में पैसा नहीं है। अगर इन्स्टालमेंट में रुपया लें तो सारी स्कीम पिछड़ जायेगी। इस स्कीम को जल्दी खत्म करने के लिये सरकार के ऊपर बहुत प्रेशर डाला जा रहा है। सीधी सी बात यह है कि जब तक कम्पेन्सेशन पूल में और रकम न डाली जायेगी, तब तक यह स्कीम चल नहीं सकती है। इस वक्त तो सरकार लोगों से मजाक कर रही है, एक फार्स खड़ा किये हुए है, एक ड्रामा खेल रही है। अगर सरकार सचमुच कम्पेन्सेशन देना चाहती है, तो वह पूल में और पैसा डाले। इधर उधर से खींच तान कर कम्पेन्सेशन के रूल्ज बना दिये गये हैं, जिन से रिफ्यूजीज को कोई फायदा नहीं होगा।

अब यह जो फाइनेन्सल पोजीशन है वह क्या है? हमारे मिनिस्टर साहब के पास वह कौन सी रकम है जिससे कि वह कम्पेन्सेशन देने जा रहे हैं? मैं माफी चाहती हूं कि मुझे कुछ बातें दुहरानी पड़ रही हैं। कहा जाता है कि हमारे रिफ्यूजीज का कुल क्लेम ५०० करोड़ का है। हमारे पास देने को क्या है? हमारे पास देने को १८५ करोड़ है। जो लोग ५०० करोड़ की जायदाद छोड़ कर आये हैं आप उन को १८५ करोड़ देने को तैयार हैं। यह १८५ करोड़ कैसे बना? इस में से १०० करोड़ की तो इवैकुई प्रापर्टी है, ५० करोड़ वह है जो गवर्नमेंट ने मकान वगैरह बनाने में लगाया है और ३५ करोड़ वह है जो कि गवर्नमेंट ने रिफ्यूजीज को कर्जा दिया है। तो यह जो १८५ करोड़ रुपया बताया जाता है यह कोई समूची रकम गवर्नमेंट के पास नहीं है। यह तो एक नोशनल और ख्वाबी रकम है। जैसा मैं ने शुरू में कहा इस में तो नान इवैकुई इंटरेस्ट को अलग कर दिया जाये। कुछ रकम मुसलमान जो वापस आयेंगे उन को जायेगी। इस के अलावा जो प्रापर्टी रिमोट जगहों में है उस की आज वैल्यू बहुत कम रह गयी है। मान लीजिये कि जूना गढ़ में किसी गांव में किसी नवाब ने अपने लिये एक बड़ा मकान बनवाया। आज नहीं कहा जा सकता कि उस की कीमत क्या होगी। तो इस तरह से जो १०० करोड़ इवैकुई प्रापर्टी का रुपया बतलाया जाता है

[श्रीमती सुचेता कृपालानी]

यह १०० करोड़ है नहीं मुमकिन है कि उस से ७५ करोड़ मिले या ६० करोड़ मिले । मैं तो मिनिस्टर साहब से यह जानना चाहती हूं कि यह तो नोशनल एमाउन्ट है । सही एमाउन्ट क्या होगा, ५० करोड़ या ४० करोड, अब जो ८५ करोड़ बाकी रहा उस में ५० करोड़ तो गवर्नमेंट ने कालोनीज में लगाया है और ३५ करोड़ लोन की शक्ल में दिया गया है । गवर्नमेंट कालोनीज में जब मकान बनाये गये थे तो यह किसी ने नहीं सोचा था कि इन को कम्पेन्सेशन स्कीम में शामिल किया जायेगा । वह मकान तो रिहैबिलिटेशन करने के लिये बनाये गये थे । उन में किस को बिठाया गया है ? उन में क्लेमेंट, नान क्लेमेन्ट हर एक को बिठाया गया है । आज स्थिति यह है कि इन मकानों में दो तिहाई नान क्लेमेन्ट बैठे हुए हैं । और बाकी ऐसे लोग हैं जिन के क्लेम इतने कम हैं कि मकानों की कीमत तक नहीं पहुंच सकेंगे । तो यह जो ५० करोड़ की रकम है इस को गवर्नमेंट कैसे कम्पेन्सेशन के लिये ले सकेगी । कुछ समय हुआ जब एक मीटिंग हुई थी उस में मिनिस्टर साहब ने हम को बतलाया था कि बहुत सी कालोनीज की कीमत कम हो गई है ।

श्री गिडवानी : बहुत से मकानों में तो कोई रहता ही नहीं है ।

श्रीमती सुचेता कृपालानी : ऐसी जंगली जगहों में कालोनीज बनायी गयी हैं जहां पर कोई काम ही नहीं है । हम नहीं समझते कि गवर्नमेंट क्या होशियारी कर रही है । राजेंद्र नगर में हल्ला मचा हुआ है कि राजेंद्र नगर को खाली किया जायगा । W.H.S. मिनिस्ट्री को वह जगह मिलेगी । जाने वह मिनिस्ट्री उस जगह की क्या वैल्यू करेगी । असल में यह मालूम नहीं है कि इन कालोनीज की क्या कीमत होगी । न मालूम इस में ५० करोड़ वसूल होगा या कितना वसूल होगा ।

अब इस के बाद आप लोन पर आइये । यह जो ३५ करोड़ का लोन लोगों को दिया गया था वह कम्पेन्सेशन स्कीम के अन्दर नहीं दिया गया था । यह कर्ज तो डिस्प्लेस्ड लोगों को मदद देने के लिये दिया गया था । क्योंकि इन लोगों को रोजगार देने का जिम्मा गवर्नमेंट का था । यह कर्जा क्लेमेन्ट्स को भी दिया गया था और नान क्लेमेन्ट्स को भी दिया गया था । मुझे डर है कि इस लोन में से कम से कम, बहुत आपटिमिस्टिक व्यू अगर लिया जाय, ३० परसेंट बैड डैट हो जायेगा । तो यह ३५ करोड़ भी आप को पूरा नहीं मिलेगा । तो मैं यह कहना चाहती हूं कि एक तरफ तो यह १८५ करोड़ का नोशनल फिगर है । दूसरी तरफ हमारा यानी रिफ्यूजीज का क्लेम ५०० करोड़ का बताया जाता है । यह ५०० करोड़ कैसे बना ? यह रिफ्यूजीज के क्लेम्स को बहुत घटा कर बना है । अपने तो १३० या १३५ करोड़ रकम को बढ़ा कर १८५ करोड़ बतलाया जाता है और जैसा कि ठाकुर दास जी ने बतलाया, उन के क्लेम्स को घटा कर ५०० करोड़ ही बतलाया जाता है । जो प्रापर्टी लोग वहां छोड़ आये हैं उस का ठीक कोई हिसाब नहीं है । जो मूवेबिल्स लोग वहां छोड़ आये हैं, जो मूवेबिल्स बड़े बड़े बिजनस हाउसेज में लोग छोड़ आये हैं और जो मूवेबिल्स देहातों में लोग छोड़ आये हैं उस का कोई हिसाब नहीं है । रूरल क्लेम्स अगर दस हजार या बीस हजार से कम के हों तो आप उन को मानते नहीं हैं । इस तरह से उन के क्लेम्स को घटाया गया । एक बहुत लम्बी चौड़ी फैहरिस्त ठाकुर दास जी ने बतलाई है । उन सब को रजिस्टर नहीं किया गया । आप ने हजारों रिफ्यूजीज के क्लेम्स को रजिस्टर नहीं किया । अगर सारे क्लेम्स का हिसाब लगाया जाय तो यह ५०० करोड़ से बहुत ज्यादा होगा । आप दो रोटियां

ले कर बैठे हैं और खिलाना है आप को बीस आदमियों को। मुझे आप के साथ बहुत हमदर्दी है कि आप किस तरह से इस काम को कर सकेंगे। आप इस १८६ करोड़ में से ५०० करोड़ के क्लेम कैसे अदा करेंगे। अगर आप क्लमेंट्स को खुश करेंगे तो आप को नान क्लेमेन्ट्स को नाखुश करना होगा और अगर आप नान क्लेमेन्ट्स को खुश करना चाहें तो आप को क्लेमेन्ट्स को नाखुश करना होगा। जो जमीन इन लोगों को मिली है आज उस को लेने की कोशिश की जा रही है। यह क्या कोई इन्साफ है, । मैं सख्त लफ्ज इस्तेमाल नहीं करना चाहती, लेकिन मैं यह कहूंगी कि यह डिसआनस्टी है। आप साफ साफ कह दीजिये कि हमारे पास पैसा नहीं है, हम कम्पेनसेशन नहीं दे सकते। यह ज्यादा ईमानदारी की बात होगी। लेकिन ऐसा सरकार नहीं करती। रिफ्यूजीज के क्लेम को तो कम करना चाहते हैं और अपने दो पैसे को एक रुपया बतलाते हैं। मैं समझती हूं कि इस तरह से सरकार गलत रास्ता अख्तियार कर रही है यह मैं अपनी पूरी जिम्मेदारी से कहती हूं। मैं ने आप को एनेलाइज कर के दिखा दिया है कि यह जो १८५ करोड़ की कम्पेन्सेशन पूल है यह १५० करोड़ का भी नहीं है। इस का मुकाबला करिये उस कम्पेन्सेशन पूल के साथ जिस के बारे में गोपालस्वामी आयंगर ने कहा था वह तीन चीजों से बना है, एक्स, व्हाई और जैड। (Formula)। उस पूल में तीन चीजें यह थीं, एक तो थी इवैक्वई प्रापर्टी, दूसरी थी गवर्नमेंट कंट्रीब्यूशन और तीसरी वह रकम थी जो कि पाकिस्तान से मिले। अब इस में वाई और जैड तो है ही नहीं। यह आठ साल बाद अब हालत है। इवैकुई प्रापर्टी सौ करोड़ से भी कम की होगी। पाकिस्तान से हम को कुछ नहीं मिलने वाला है और गवर्नमेंट का कंट्रीब्यूशन कुछ नहीं है। जो यह कहा जाता है कि गवर्नमेंट का कंट्रीब्यूशन ८५ करोड़ यह गलत है। यह रकम तो आप न रिहैबिलिटेशन के वास्ते खर्च की है। इस को आप दो दो जगह नहीं दिखला सकते। यह रकम तो आप ने क्लमेंट नान क्लेमेन्ट सब को दी है। इसी को आप अब कम्पेन्सेशन पूल में दिखलाना चाहते हैं। अब आप अगर क्लेमेन्ट्स को सेटिसफाई करेंगे तो नान क्लेमेन्ट्स के हक से और अगर नान क्लेमेन्ट्स को सेटिसफाई करेंगे तो क्लेमेन्ट्स के हक से। आप यह गलत रास्ता अख्तियार कर रहे हैं। इस तरह से यह स्कीम नहीं चल सकती। अगर गवर्नमेंट इस को ठीक तरह चलाना चाहती है तो उस को इस पूल में ७०, ८० या १०० करोड़ रुपया डालना चाहिये ताकि मिनिस्ट्री के पास कैश हो और वह लोगों के क्लेम्स का रुपया फौरन दे सके। लोग आज कमपेन्सेशन चाहते हैं। वह बहुत इन्तिजार नहीं कर सकते। लेकिन अगर आप रिक्वरी कर के उन को रुपया देना चाहते हैं तो इस में चार छः दस साल तक लग सकता है। अगर गवर्नमेंट इस स्कीम को चलाना चाहती है तो उस को पूल में एक अच्छी रकम देनी चाहिये।

जो रूल्स गवर्नमेंट लाई है इन में रिफ्यूजीज के साथ बहुत बेइन्साफी होगी। इस का प्रमाण यही है कि इन में दुरुस्ती करने के लिये सब तरफ से इतने अमेंडमेंट दिये गये हैं। चाहे कांग्रेस पार्टी के मैम्बर हों या यह किसी दूसरी पार्टी के, सब ने इन में दुरुस्ती के लिये इतने ज्यादा अमेंडमेंट दिये हैं। सब लोग एक एक क्लाज पर लड़ने वाले हैं। हम समझते हैं कि इस स्कीम में लोगों के साथ बहुत बेइन्साफी होगी। अगर आप को कम्पेन्सेशन देना है तो आप ठीक प्रकार से रिफ्यूजीज को कम्पेन्सेशन दें।

Mr. Speaker: Looking to the trend of the debate, because there are a

[Mr. Speaker]

number of speakers whose names are coming to me, I think there shall have to be some revision in the allotment of the time that the House agreed to yesterday. A request was made to divide the time 6 and 6 hours. Another proposal was 4 and 6; I struck a mean by 5 and 6.

Sardar Hukam Singh (Kapurthala-Bhatinda): We were ahead of time in respect of the Companies Bill. Those two hours may be given extra.

Mr. Speaker: The real difficulty in the problem is this. The Business Advisory Committee considered it very carefully. These rules were placed on the Table on a certain date. Unless the House gives its decision within a month of that date, all these debates in the House will be wasted. That last date is, the 16th. From this House, the rules have to go to the other House and it is all to be finished before the 16th. Unless we send the rules tomorrow........

Shri Kamath (Hoshagabad): We have the whole of tomorrow.

Mr. Speaker: Unless we send them by 4 o'clock tomorrow and they are distributed and laid on the Table, it is unfair to the other House to expect them to take up the rules immediately. We have to finish at the latest by 4 o'clock tomorrow.

An Hon. Member: Two hours more.

Mr. Speaker: Let hon. Members instead of making suggestions, take care to see what the overall picture is. It is certainly the desire of the Chair that these rules and the policy should be discussed as thoroughly and as threadbare as possible. But, we are in a certain difficulty about it. If we send them by 4 o'clock tomorrow, that House can be in possession of these rules, they can be circulated,—tomorrow will be the 14th—they can discuss them on the 15th and finish the business by the 16th. It will be conceded that the other House has also to be given some time, a fair proportion of time. Different points of view may come before the other House. What we want is that the rules should be examined in all their aspects so that the Government may know the reactions of the House and amend the rules as both the Houses may like. That is our objective. So, I was suggesting that the time for the general discussion may have to be considered.

An Hon. Member: Two hours more.

Mr. Speaker: I am not fixing two hours. I am fixing the maximum at 4 o'clock tomorrow, and everything must be finished by then. Then, the House has already got an extra of 1½ hours because we started discussion yesterday. It is in excess of the allotment made by the Business Advisory Committee. I was thinking in my mind that I would call the hon. Minister to reply after full five hours or if it is put the other way, after 6 hours of this debate. It will mean that an additional 2 hours are to be given. That is how it will work out. If the House is agreeable, I am prepared to go beyond the 5 hours allotment.

Some Hon. Members: Yes.

Mr. Speaker: If I put it as 7 hours, it will be inclusive of the hon. Minister's reply. If I say 6 hours, the hon. Minister's reply will be excluded from that. It comes to the same thing.

Shri Mehr Chand Khanna: May I know at what time I would be called?

Mr. Speaker: About 3 o'clock.

There has been a further motion indicated by Shrimati Ila Palchoudhury for being added to the list already announced. The number is: 135 to Rule 21A to 21F (New).

Shrimati Ila Palchoudhury (Nabadwip): I beg to move:

This House resolves that in pursuance of sub-section (3) of section 40 of the Displaced Persons (Compensation and Rehabilitation) Act, 1954, the following new rules under a new chapter be inserted after rule 21 of the Displaced Persons Compensation and Rehabilitation Rules, 1955, laid on the Table on the 16th August, 1955, namely:

"Chapter IVA.

21A. For displaced persons who receive a total compensation of Rs. 10,000/- or below that amount and not exceeding Rs. 30,000/- there should be a Health Pool created by Government of a sum thought to be adequate from this Pool, convalescence and post-hospital amenities for the displaced persons will be provided for. It will also be able to be used, where necessary for bearing or supplementing the expenses of a change to a healthier climate where it may benefit the displaced persons.

21B. There will be provision made by Government to take children of displaced persons to some health resort for one month in the year, whose parents have got compensation of or below Rs. 10,000/- and not exceeding Rs. 30,000/-. For this purpose there will be a fund of at least Rs. 10 crores from the Government.

21C. The entire work of payment of compensation and rehabilitation grants shall be completed within a period of two years ending on the 26th September, 1959 except realisation of debts and instalments from displaced persons.

21D. The preliminary scrutiny of nomination under rule 5 shall be completed within 15 days from the receipt of application and the final scrutiny including the verification of further dues shall be completed within a further period of three months.

21E. After the final scrutiny the applicant shall as soon as possible be informed of the amount of compensation due to him.

21F. There will be some one competent and helpful to put right small technical difficulties in details of applications, and these should not be handed back to be done again thus causing needless delays

21G. For purposes of efficient and speedy implementation of the Compensation and Rehabilitation Scheme adumbrated in these rules the Rehabilitation Ministry shall take a loan of fifty crores of rupees from the Government without interest and utilize the same where proper, expedient or necessary for the grant of ready cash to displaced persons."

This House recommends to Rajya Sabha that Rajya Sabha do concur in the said resolution.

Mr. Speaker: This motion is also before the House.

The Deputy Minister of Rehabilitation (Shri J. K. Bhonsle): I have heard what the various speakers have had to say about the various aspects of the rules framed under the Compensation Act. I must concede that the scheme which was evolved by us and as embodied in the Act and the rules, is by no means perfect; but in so controversial a matter as payment of compensation, perfection would hardly be possible. We are conscious that some of the salient features of the scheme may perhaps not be acceptable to the refugees in all sections of life, but, we can fairly claim that it does represent the best that could be done in the circumstances with which we are faced. We have tried to strike a balance between the assets and the liabilities bearing in mind that if this balance is upset, the scheme would be failure. It is naturally our ambition to give the refugees the best that could possibily be given and give them all sorts of concessions. But, certain hard facts have necessarily to be borne in mind and we cannot think in terms of any scheme which ignores the financial aspect. We cannot take a leap in dark, nor could we undertake new commitments, as would make heavy and unforeseen inroads on the compensation pool I would therefore urge that the House, in taking decision on various policy matters reflected in the rules, should give due thought to the financial as-

[Shri J. K. Bhonsle]

pect of these policy matters. In this context therefore, I shall try to explain certain salient features of the rules in as brief a manner as possible and leave the rest to my senior colleague to deal with.

[SHRI BARMAN *in the Chair*]

As was rightly pointed out by one or two Members yesterday, the pool consists largely of properties derived from 2 sources: properties left behind by Muslims in India and properties built by Government for the refugees from Government funds. That being so, it is inevitable that to a majority of the claiments' property will have to be allotted and we have made provision for this in the rules, but we have also provided that in certain cases, cash payments will be made where the property cannot easily be transferred or where the displaced person concerned could not possibly take compensation in the form of property. Even so, to a very large number of claimants who are not living in the property forming part of the compensation pool, and who have very small claims compensation will have to be given in cash.

Yesterday, some of the speakers, including Shri Gidwani and Lala Achint Ram attempted to make a point that the claimants of rural houses had been discriminated against in the rules. This apparent discrimination arises from the fact that in calculating the value of rural houses *vis-a-vis* urban houses, it was not possible to consider a rural houses as having any market value as against an urban houses. Rural houses were built more or less for residential purposes and they had practically no market value. However, in view of the widespread demand both inside and outside the House for equal treatment of urban and rural claims and in order to make the property in the pool available on equal terms to all claimants, we have decided that the rural claims shall be given full value. This also applies to the owners of properties in the sanitary areas of Sind. They suffered because these places had been treated as rural areas. There were many places in West Punjab and North-west Frontier Province also which had large populations and had all the attributes of a town, but had been treated as rural areas because no municipality or notified area committee had been constituted. As a result of the decision that the scales of compensation for both urban and rural claimants should be the same, the property owners in all such places will no more have any grievances.

Among other points of policy which provoked some strong speeches yesterday was the one relating to the claims of non-substantial houses for allottees of agricultural land. Since one or two of the speakers appeared to be at a loss to understand how such claims were disallowed, I would explain that one of the salient features of the Punjab and PEPSU land resettlement schemes which has also been incorporated in our own scheme is that every allottee is to get a suitable rural house in addition to his land. In the Punjab and PEPSU several lakhs of land allottees have been given such houses. It would be unfair if they were also paid separately for similar houses left behind in Pakistan. This was the basis of the notification issued in 1950 referred to by speakers yesterday. However, we are conscious of the fact that especially where the land allotments are small and where such land allotments have perhaps not even been accepted, the cancellation or rejection of claims for rural houses would be a hardship. We have, therefore, decided that any person who has been allotted two standard acres or less of agricultural land in Punjab and PEPSU under the land settlement scheme may be given rehabilitation grant at the rate of Rs. 450 per standard acre of the area allotted to him, provided that he has refused such allotment of agricultural land or that the allotment has been cancelled and also provided that he has not received in all his due compensation in respect of any other kind

of property. In rule 97, we have already provided for rehabilitation grants to allottees of less than four acres of agricultural land under certain conditions. I feel that these rules taken together will deal with hard cases in this category of claimants and will, I am sure, be received with satisfaction by them, and I hope, by the House. Any other course would lead to the reopening of several thousand claims and would probably necessitate a wholesale revision of the scale of compensation to accommodate the increased commitments. The provisions which we propose to make will bring rough and ready justice by and large to most small land allottees.

Finally, I would refer to the point made by Shri Gidwani and my hon. friend Shri Chowdhury that certain allottees were given land on lease but are now being made to pay the full price of such land and at the same time debarred from filling claims for rural houses. This question is being examined by the Government, and I hope we shall take a decision in this connection very shortly.

In conclusion I would remark that the object of some of the hon. Members of this House who spoke yesterday has been more or less to paint us as Frankensteins, heartless and ruthless. In this connection, I may point out to the House that we have very sympathetic hearts and we are very conscious of the duties which have devolved on us, and had we the means we would like to go one better and give all the refugees the houses of the type that they would be happy to live in, and all other rehabilitation benefits. And personally speaking, if I had my way, I would not only think in terms of giving them brick and mortar houses, but I would give them houses made of gold, because I know it very well that this would not be enough compensation for what they have lost in Pakistan.

Pandit Thakur Das Bhargava: May I just put one question to the hon. Minister?

The hon. Minister has said that so far as the particular allotment of Rs. 185 crores is concerned, this is not enough. We all realise it is not enough. But, at the same time, we were told by Shri A. P. Jain, when he was making his speech on the Compensation Bill, that the door is not closed. He said he would do his best and get more from the Government. I can just present his speech to the hon. Minister. He gave a promise that he would get more money in the shape of rehabilitation grants, and that he would again go to Government with all these cases. What has happened to that promise.

Shri Mehr Chand Khanna: I believe the hon. Member wants to speak for a second time. I have not followed him.

Pandit Thakur Das Bhargava: I remind him that the previous Minister said that he would go to the Government for getting more rehabilitation grants. I do not know what has happened to that promise

Mr. Chairman: I think the Minister will consider any reply.

Shri Mehr Chand Khanna: A number of amendments have been moved, and hon. Members will have ample opportunity I believe to say what they want.

Pandit Thakur Das Bhargava: Does it mean that there is no reply? Has any attempt been made after Shri A. P. Jain made this speech that he would get more funds for rehabilitation purposes from the Government?

Mr. Chairman: I think that is simple English. The Minister has understood.

Pandit Thakur Das Bhargava: I want to know whether any attempt has been made.

Mr. Chairman: What he says is he will reply at the end.

Shri H. N. Mukerjee (Calcutta North-East): I am happly that the

[Shri H. N. Mukerjee]

Deputy Minister has made at least one announcement which we all welcome, but I am hoping that when the Minister himself speaks at the end of this discussion, he would come out with some further announcements which would be in keeping with the desire not only of this House, but also of the country.

On this subject I speak with some trepidation because I cannot claim that kind of intimate knowledge of the problem which my friends, Shrimati. Sucheta Kripalani and Pandit Thakur Das Bhargava have so preeminently. But I feel that there are certain matters of principle which we should get clarified at this point when we are charged with the final decision of these rules.

At this point, however, I would like to make one observation, and that is this, that I understand that before the rules were formulated there was a committee comprising representatives of different parties and groups in this House which advised Government in regard to the formulation, but as far as my party was concerned, we were not taken into confidence, and that is why I was a little bucked when my friend Shrimati Sucheta Kripalani said that if she were Minister she would not touch these rules with the end of a barge pole.

Shri Mehr Chand Khanna: I think she said a pair of tongs.

Shri Kamath: Barge pole is longer.

Shri H. N. Mukerjee: When I see the very long lists of amendment which are proposed by people from different parties and groups in this House, I am convinced that there is something very radically wrong with the manner in which these rules have been formulated. I wish also to say something for which I feel this is certainly an occasion, and that is that for too long, and much too glibly, have Government spokesmen mouthed certain sentimental effusions about the sacrifice made by the refugees for the achievement of the freedom of this country. When that kind of thing is said, I feel it is adding insult to injury, because refugees, wherever they are. in the west or in the east, whatever the stage of their rehabilitation, good, bad or indifferent, feel that this talk about their sacrifice should perhaps be low-lighted. As a matter of fact, if we want to free our minds of cant and hypocrisy, we should remember that it was not that the refugees performed an act of sacrifice which connotes readiness and willingness to suffer even unto death, but what happened was that the British Empire in its magnanimity chose to transfer power to us, and they exacted the price for it; and that price involved the suffering of millions of our people, and it really meant that for the transfer of power for which we are supposed to be eternally grateful to the refinement and democratic traditions of the British imperial authorities, a price had to be paid which was perhaps heavier in terms of human suffering than the price paid for almost any revolution in the history of mankind. So, they were sacrificed, some of them might have come forward and felt that they were being willingly sacrificed, but anyhow, by and large, taking them all together, so many millions of our people were sacrificed as scapegoats, in order that the transfer of power should go through. We should remember it, and we should therefore have a kind of humility when we discuss the problem of refugees. And I am sure the hon. Minister who is himself a refugee has a very lively appreciation of this aspect of the matter.

But from this I deduce that what is important in the matter of refugee rehabilitation is that the approach should be human, and the stress should be on rehabilitation rather than on compensation as such. Whatever you do, you can never compensate people who have been torn and uprooted from their homes and hearths. Something has happened, something has snapped inside of them, and you can never set

that right. I remember the Prime Minister once in the course of a discussion on a very different matter said that it is as if a beautiful vase has been broken into pieces; you cannot put the pieces together, you cannot compensate, but you can try to rehabilitate. After all, our country is one, wherever we are. This country is one. Whoever is a refugee in India does not feel he is an alien in our atmosphere; he belongs here also just as he belongs to West Punjab or Sind or anywhere else for that matter. Therefore, it is our job to see to it that they find here an atmosphere which is psychologically congenial and at the same time an atmosphere which is buttressed upon at least a minimum quantum of economic security. Those are the only two things that they want, and nothing else besides.

But I find in these rules a stress not on rehabilitation but on methods of paying compensation. And those methods have been computed in the consistently bureaucratic manner which we have got to shake, if we are going to be worthy of whatever pretensions we might make from time to time. That is why I feel that there ought to be a real change in the entire approach of the Rehabilitation Ministry. But we are waiting for far too long, and we have heard all kinds of things about the plans and about the integration of the refugee rehabilitation with the targets of the Plan and the methodology of the Plan. But actually look at these rules. They are a very different set of bureaucratic formulations which really have nothing at all to do with rehabilitation, nothing at all to do with the recreation of the lives of these people.

श्री पी० एल० बारूपाल : ठीक है । मैं आप को बतलाऊं कि अभी भी राजस्थान के अन्दर और अकेले गंगानगर जिले के अन्दर चार हजार शरणार्थी ऐसे हैं जो नान क्लेमेन्ट्स हैं उनकी गवर्नमेंट की तरफ से कोई सहायता नहीं दी जा रही है, उन को गवर्नमेंट की तरफ से एक लोटा पानी तक नहीं पिलाया गया है, विशेष सहायता तो अलग रही, वे बेचारे मारे मारे फिर रहे हैं । और उन को कोई पूछने वाला नहीं है । मैं गवर्नमेंट से प्रार्थना करना चाहता हूं कि अगर वाकई सरकार उन से गरीब हरिजन शरणार्थियों को बसाना चाहती है तो मुस्तैदी से काम करे और कम्पेन्सेशन रूल्स को जो उस में खामियां हैं उन को दुरुस्त करें । आज जब हम और हमारी सरकार देश में सामाजवादी ढांचा स्थापित करना चाहते हैं तो उन बेचारे गरीब हरिजन भाइयों से जो उन जमीनों पर बसे हुए हैं, उन को उन जमीनों से बेदखल करना कहां तक उचित और न्यायसंगत है । यह दुहरी नीति आप की कैसे सफल होगी, यह मेरी समझ में नहीं आता है । होना तो यह चाहिये कि जिन्हों ने क्लेम नहीं दिया है और जिन के पास वह जमीनें हैं, उन से उन का पैसा न लिया जाये । मैं बस इतना ही कह कर अपना भाषण समाप्त करता हूं ।

श्री सी० के० नायर (बाह्य दिल्ली) : यह रिहैबिलिटेशन का काम शुरू हुये आज करीब आठ वर्ष पूरे हो गये हैं और इस दौरान में हम कई स्टेंजैज में से गुजरे हैं । पहले गवर्नमेंट ने रिहैबिलिटेंशन के निमित्त कई करोड़ रुपये खर्च किये । अब आज कम्पेन्सेशन का समय आ गया है और मैं उम्मीद करता हूं कि हमारी रिहैबिलिटेशन के मिनिस्टर यह जो पिछले साल, आठ साल से काम चल रहा है, वह चाहते हैं और बजा चाहते हैं कि इस कम्पेन्सेशन का काम अब बिल्कुल समाप्त कर दिया जाये । मैं भी इस चीज को मानता हूं कि यह कम्पेन्सेशन का काम जल्द अज जल्द खत्म किया जाये वरना जिस तरह से इवैकुई प्रापर्टीज के बारे में बहुत मुकद्दमे चल रहे हैं और हमारे कस्टोडियन जनरल के पास कोई चार, पांच हजार केसेज अभी पैंडिंग पड़े हैं और शायद और भी उनके सामने फैसला होने के लिए आने वाले हैं वही हालत यहां भी दरपेश होगी । उन केसेज का निबटारा

[श्री वी० के० नायर]

होना बहुत मुश्किल है और कस्टोडियन डिपार्टमेंट क बारे में तो लोगों में आम शिकायत है कि यह मुहकमा बहुत करप्ट है, और यहां पर बहुत धीरे धीरे और इनएफिशियेंटली काम होता है, सारी दुनिया इस को जानती है, इसलिये उन की मार्फत काम अंजाम देना भी बरा मुश्किल है। इसलिये इस को लिक्वीडेट करना ही चाहिये और उस के लिये सब से मुनासिब तरीका यह है कि कम्पेन्सेशन के काम को जल्दी पूरा कर के इस काम को समाप्त किया जाय। गवर्नमेंट के पास इस काम के लिये १८५ करोड़ रुपये हैं, हालांकि उन के क्लेम्स पांच सौ करोड़ से ज्यादा के हैं। लेकिन अगर गवर्नमेंट ने यह फैसला किया है कि १८५ करोड़ के अन्दर हमें इस काम को करना चाहिये। और १८५ करोड़ रुपया इवैकुई प्रापर्टी से है और बाकी का ८५ करोड़ रुपया जो गवर्नमेंट ने खर्च किया है रिहैबिलिटेशन के सिलसिले में वह तो खर्च हो गया और खत्म हो गया। बाकी ३५ करोड़ रुपया कर्ज की शक्ल में दिया गया है। अब जो तजवीज किया गया है वह यह है कि इस के अलावा ५० करोड़ रुपया जो बिल्डिंग में इन्वेस्ट किया है उस को भी इस काम में दिया जा रहा है। इस प्रकार गवर्नमेंट के पास इस वक्त १८५ करोड़ रुपया है और वह भी जायदाद में है। इसमें कोई शक नहीं है कि इस वक्त मिनिस्ट्री के पास पैसा नहीं है। इसलिये मुआवजे के लिये जब तक पैसा नहीं आयगा तब तक जो नान-क्लेमेन्टस हैं या छोटे छोटे हकदार हैं उन को मुआवजा देने में कठिनाई पैदा होगी। इसलिये मैं चाहता हूं कि जितनी बड़ी बड़ी प्रापर्टी है उस को आक्शन कर दिया जाये। लेकिन इस सिलसिले में यह मांग की जा रही है कि वह प्रापर्टी जो कि दस हजार की है यह गवर्नमेंट बिल्ट भी है उस को नीलाम न किया जाये। मुझे बहुत भारी खुशी है कि मिनिस्टर साहब न बहुत कुछ हद तक इसे स्वीकार भी कर लिया है......

श्री बी० जी० देशपांडे : आप एनाऊंस कर रहे हैं ?

श्री सी० के० नायर : में एनाऊंस नहीं कर रहा लेकिन मुझे उम्मीद है कि मिनिस्टर साहब इसे मंजूर कर लेंगे क्योंकि जितनी कोशिश हम से हो सकती थी हम ने कर ली है।

दूसरी चीज जो कही गई है वह रूरल प्रापर्टी के बारे में है और जो उन प्रापर्टीज़ के बारे में मालिकों को तकलीफ होगी उस का जिक्र किया गया है। आज ही एनाउंस हुआ है कि ४५० रु० फी स्टैण्डर्ड एकड़ के हिसाब से उन को रुपया दिया जायेगा। लेकिन मैं समझता हूं कि यह बहुत ही थोड़ा है। मैं चाहता हूं कि कम से कम जितना उन का क्लेम है उस के मुताबिक उन को देना चाहिये। उन के बारे में यह कहा गया है कि नान-सबस्टांशल क्लेमेंट्स हैं। मैं कहता हूं कि नान सबस्टांशल क्लेमेंट्स को ही तो रिहैबिलिटेट करना है और सबस्टांशल क्लमेंट्स की तो कोई बात नहीं है। जो सीलिंग ५०,००० का किया गया है उसको दो लाख करने की बात सोची जा रही है। मैं समझता हूं कि यह गरीबों के साथ एक तरह का अन्याय होगा इस में कोई शक नहीं कि उन को जिन के क्लेम बहुत बड़े हैं कुछ न कुछ जरूर मिलना चाहिये। मैं भी यह नहीं चाहता हूं कि जिन के क्लेम दो लाख के हैं उन को कुछ भी न दिया जाये। उन को जरूर कुछ न कुछ मिलना चाहिये लेकिन यह बात मैं अवश्य कहता हूं कि वे लोग इतने दुखी नहीं हैं जितने नान-सबस्टांशल क्लेमेन्ट्स हैं। नान-सबसटांशल क्लेमेंट्स को जरूर रियायत दी जानी चाहिये; अगर ऐसा

नहीं होता है तो इस का मतलब यह होगा कि एक आदमी भीख मांगने जाता है जिस के पास बरतन भी नहीं है और दूसरा आदमी जिस के पास उस के हाथ में एक बरतन है वह भी भीख मांगने जाता है। तो जिस के पास बरतन है उस के बरतन में तो भीख डाल दी जाती है लेकिन जो खाली हाथ जाता है क्योंकि उस के पास बरतन नहीं है उस को कोई भीख नहीं दी जाती है। इसलिये नान सबस्टांशल क्लेमेंट्स का, मैं चाहता हूं, ज्यादा ख्याल रखा जाय। एक्स-ग्रेशिया पेमेंट करने की जो एनाउसमेंट की गई है उस का मैं स्वागत करता हूं लेकिन ऐसा करते हुए भी मैं चाहता हूं कि उन को उन के क्लेम के मुताबिक पूरा देना ही चाहिये बेशक ऊपर के लोगों को आप कुछ कम कर के ही दें।

एक और चीज के बारे में मुझे कुछ कहना है जो नान-वैस्ट पंजाबी किसानों के बारे में है जिन में कुछ जंमीदार भी हैं और कुछ किसान भी हैं और उन में बहुत से ऐसे लोग भी थे जिन के पास वहां पर जमीन नहीं थी। उन को दिल्ली में भी कुछ जमीन दे दी गई है और कुछ अलवर में और कुछ भरतपुर में और कुछ गंगानगर में दी गई है। लेकिन मैं समझता हूं कि एसे लोगों को जो कि फ्रंटियर के हैं या बहावलपुर के हैं या सिंध के हैं या बुलोचिस्तान के हैं उन को कम से कम हमें सब सूबों में थोड़ी थोड़ी जगह ले कर बसा देना चाहिये। अगर इस प्रश्न को इस तरीके से हल किया गया तो मैं समझता हूं कि यह आसानी से हल हो जायगा। जैसे हम ने ईस्ट पंजाब में रिफ्यूजीज को बसाया है बेशक उन को उतनी जमीन यहां नहीं दी गई जितनी कि उन के पास पाकिस्तान में थी, उसी तरह से इन लोगों को भी सारे हिन्दुस्तान में थोड़ी बहुत जमीन दे कर बसाया जा सकता है। मैं चाहता हूं कि अगर नजदीक नहीं मिल सकती है तो हम उन को थोड़ी थोड़ी तादाद में हर एक स्टट में जमीन दे कर आसानी से बसा सकते हैं।

इस के अलावा जैसे कि श्री डी० सी० शर्मा साहब न कहा और मैं भी उस का समर्थन करता हूं और उमा नेहरू जी ने भी कहा है कि आने वाले पांच साला प्लान में जरूर ज्यादा से ज्यादा रकम रिफ्यूजीज के रिहैबिलिटेशन के वास्ते रखी जाय ताकि गवर्नमेंट को उन के बसाने में कुछ आसानी हो। मैं यह भी समझता हूं कि रिहैबिलिटेशन पूल के लिये जितना रुपया इवैकुई प्रापर्टी से मिला है उतना ही लगभग गवर्नमेंट दे रही है इसलिये इस पूल के लिये और ज्यादा रुपये की गवर्नमेंट से उम्मीद रखना कुछ ठीक बात नहीं है। लेकिन फिर भी हम दर्खास्त कर सकते हैं और गवर्नमेंट पर इंप्रैस कर सकते हैं और कोशिश कर सकते हैं कि गवर्नमेंट ज्यादा रुपया दे जो १०० रुपया इवैकुई प्रापर्टी का है लगभग उतना ही यानी ८५ करोड़ रुपये गवर्नमेंट की तरफ़ से अब दिया जा रहा है। ३०,३५ करोड़ रुपया जो लोन की शक्ल में दिया गया है यह भी मुझे मालूम है कि कई हजार लोगों में बांटा गया है। लेकिन इस में से अधिकांश उन को दिया गया है जिन के बड़े बड़े क्लेम थे और जिन के छोटे क्लेम थे उन को बहुत थोड़ा मिला है। खैर मेरी यह प्रार्थना है कि जिन लोगों की उधर जमीन नहीं थी और जो लोग पंजाब (पाकिस्तान) से नहीं आये हैं उन को भी आसानी से रिहैबिलिटेट करने के लिये पूरी गुंजाइश होनी चाहिये और साथ ही जो सीलिंग दो लाख रुपया रखी गई है वह ५०,००० कर दी जाये, बस यही मेरी प्रार्थना है।

श्री राधा रमण (दिल्ली नगर) : मुझे विस्थापितों को मुआवजा देने और उन्हें फिर से बसाने के सम्बन्ध में जो नियम सदन के पटल पर रखे गये हैं उन के विषय में अपने विचार प्रकट करने हैं और ऐसा करने में मुझे

[श्री राधा रमण]

थोड़ा संतोष हो रहा है क्योंकि इन नियमों में लाखों दुखी भाइयों और बहिनों का भाग्य छिपा है। इन नियमों का आद्योपांत पढ़ जाने पर संभवतः हमारे सदन के, एक भी सदस्य की यह राय न होगी कि जो नियम यहां पर रखे गये हैं वे पूर्ण हैं और उन के द्वारा विस्थापितों का मसला सन्तोषजनक रीति स हल हो जायेगा जब से यह विस्थापित भाई और बहिन पंजाब से और दूसरे सूबों से भारतवर्ष में आए हैं तब से आज तक करीब करीब आठ साल होते हैं। इन की कठिनाइयां हमारे सामने बार बार आती रही हैं। सब से पहले उन्हें सहायता पहुंचाने का काम खड़ा हुआ और सरकार से जितना हो सकता था उस ने उन की सहायता की। उस के बाद उन के पुनर्वास का काम सामने आया और इस में भी सरकार ने यथाशक्ति कार्य किया। जो कुछ भी काम अब तक हुआ है उस के बारे में हम यह सुनते आये हैं कि वह आशा से बहुत कम रहा है। आज हमारे सामने उन की क्षतिपूर्ति का या मुआवजा देने का सवाल आया है। नियमों को पढ़ने से मुझे भी मायूसी हुई है क्योंकि इन नियमों में काफी त्रुटियां पाई गई हैं। बर्सों से, सात आठ बर्सों से ये भाई जो उजड़ कर आये हैं इन का यह ख्याल रहा है कि उन की तकलीफें जल्दी ही दूर हो जायेंगी और यदि उन को उस अवस्था में नहीं रहने का मौका मिलेगा जिस अवस्था में कि वे पाकिस्तान में रहे थे तो वे ऐसी अवस्था में जरूर रह सकेंगे जिस से कि उन को संतोष हो सके और वे अपना जीवन अच्छी तरह से बिता सकेंगे। मैं अभी पिछले दो तीन घंटों में जो कुछ भी इस सदन में कहा गया है और सदस्यों ने अपने विचार प्रकट किये हैं उन को बड़ी गम्भीरता से और ध्यानपूर्वक सुना है और मैं अधिकांश में उन विचारों से सहमत भी हूं।

[PANDIT THAKUR DAS BHARGAVA *in the Chair*]

मैं यह मानता हूं कि उन विचारों में बहुत कुछ सचाई और हकीकत है और हमारी सरकार और हमारे मंत्रिगण को उन पर बड़े ध्यान से विचार करना चाहिये और उन्हें जहां तक बन पड़े सुधारना भी चाहिये। आज जब कि हम विस्थापितों की क्षतिपूर्ति करने की बात करते हैं, तो हमें थोड़ा दिल खोल कर और यह समझ कर कि अगर हम को एक काम करना है तो उस को एक बाइज्जत तरीके से, उदारता के साथ और न्याय के नाते करना चाहिये, और उस के अनुसार ही हमें अपने नियम और अपनी व्यवस्था बनानी चाहिये। मैं ने देखा है कि इस मुआवजे के देने में सरकार ने इस बात का ख्याल रखा है कि जो गरीब लोग हैं, जो हल्के वर्ग से सम्बन्ध रखते हैं, उन को ज्यादा मुआवजा मिले और कुछ ऊंचे वर्ग के लोगों को कम मिले। सरकार ने यह बड़ा अच्छा उसूल अपनाया है। लेकिन इस के साथ उन्हों ने कुछ ऐसी कैदें रखी हैं, जिन को अगर सामने रख कर देखें, तो मालूम होता है कि एक हाथ से जो चीज वह देते हैं, दूसरे हाथ से वह उस को वापस ले लेते हैं।

इस बारे में हमारा अनुभव यह है कि गरीब इन्सानों को जब कुछ दिया जाता है— उन के लिये जो रकम मुकर्रर की जाती है उन तक पहुंचते पहुंचते वह आधी रह जाती है। इस के अलावा उस को देने के लिये सरकार के जो तरीके होते हैं, उन में इतनी कठिनाइयां और पेचीदगियां होती हैं कि गरीब आदमी उन को समझ नहीं सकते और बड़ी मुश्किल से आधी चौथाई रकम ही वसूल कर पाते हैं। मिसाल के तौर पर मैं आप को बताता हूं कि दिल्ली में और दूसरे शहरों में बहुत से विस्थापितों को एक्स-ग्रेशिया ग्रान्ट दी जाती है। बवाओं वगैरह को बीस पच्चीस रुपये को

जो रकम दी जाती हैं, वह महीनों भर कोशिश करने और रोजाना टांगे तोड़ने के बाद उन को हासिल होती हैं। अगर इस बारे में हिसाब लगाया जाय, तो मैं कह सकता हूं कि उस बीस रुपये में से दस रुपये तो आने जाने में ही खर्च हो जाते हैं। अब आप ही सोचिये कि इस तरीके से वह बीस रुपये देने का क्या फायदा है ?

हमारे मंत्री महोदय के हृदय में विस्थापितों के लिये बड़ी उदारता, बड़ी चिन्ता और बड़ा दर्द है। मैं उन से यह अर्ज करना चाहता हूं कि इन नियमों को लागू करने में सब से बड़ी और सब से आवश्यक बात उन को यह करनी है कि वह ऐसी व्यवस्था बनायें और नियम आदि इतने सहल और सरल बनायें कि जिन को जो काम करना हो, उस में कम से कम दिक्कत हो, और विस्थापितों को जो कुछ मिलना हो, वह जल्दी से जल्दी मिले। एक मुआवजा आप विस्थापितों को देना चाहते हैं, आठ बरस के बाद उस को देने की घोषणा करते हैं और फिर उसको नियमों का ऐसी उलझनों में डाल कर देना चाहते हैं कि जो खुशी उन लोगों को मुआवजा हासिल करने में होगी, वह उस उलझन से खत्म हो जाये, मैं चाहता हूं कि हमारे मंत्री महोदय मेरी इस प्रार्थना पर विचार करें और आवश्यक कार्यवाही करें।

यहां पर कम्पेन्सेशन पूल की बहुत चर्चा की गई है। मेरे बहुत से भाइयों ने उस के बारे में कहा है। हम को बताया गया है कि हमारी एक सीमा है। हम चाहते हैं कि वह रुपया बढ़े जिस से हम विस्थापितों को ज्यादा रुपया दे सकें, लेकिन सरकार के हाथ बंधे हुए हैं, इसलिये वह इस पूल में और ज्यादा रुपया नहीं दे सकती, और ऐसा करना बहुत कठिन है। मैं समझता हूं कि इस ख्याल को सामने रखते हुए कि विस्थापितों ने बड़ी से बड़ी कुर्बानी कर के और बड़ी से बड़ी तकलीफें उठा कर हमारे देश की आजादी की लड़ाई में हिस्सा लिया है, इस सारी समस्या को देखना चाहिये और हर मुमकिन तरीके से इस की रकम को बढ़ाना चाहिये। मैं यह नहीं कहता कि इस समय देश में जितने भी काम हो रहे हैं, उन को रोक देना चाहिये और उन को कम महत्व देना चाहिये व काम अच्छे हो सकते और अच्छे हैं और हम उन पर जितना भी जोर दें वह कम है, लेकिन मेरा ख्याल है कि उन से कहीं ज्यादा जोर हम को इस समस्या के हल पर भी देना चाहिये इस की वजह यह है कि इस समस्या के साथ हमारी सरकार की सफलता बड़ी है इस कारण यह एक कसौटी है, जिस पर पूरी उतर कर यह हमारी सरकार दुनिया में अपनी और अपने देश की शान को बढ़ा सकती है। लाखों इन्सान परिस्थितियों की वजह से उजड़ कर एक जगह से दूसरी जगह आयें उन्हों ने तरह तरह की मुसीबतें उठायीं—किसी का भाई मरा, किसी की बहिन मरी, किसी के दूसरे रिश्तेदार मरे, कोई बेवा हुई और कोई अनाथ हुआ। ऐसे लोगों की अगर हमनें अपने मुल्क में सही किस्म की जिन्दगी दे दी, तो मैं समझता हूं कि हमारी आजादी को चार चांद लग जायेंगे। इस लिये मैं अर्ज करना चाहता हूं कि मंत्री महोदय इस पूल की रकम को बढ़ाने का इन्तजाम करें—चाहे वह कैबिनेट में बैठ कर, चाहे प्राइम मिनिस्टर के पास जा कर और चाहे सारे सदन की आवाज को सुन कर स्वयं इस बात का इन्तजाम जरूर करें। जो रकम वह मुआवजे के तौर पर दे रहे हैं, उस की इस तरह बांटें कि जो बहुत गरीब हों, उन को १०० फी सदी दें और उन से कम गरीब को ६० फीसदी दें और इस तरह कम करते जायें—इस प्रकार का एक स्लैब-सिस्टम बना कर दो लाख तक ले जायें, तो मुझे कोई एतराज नहीं है। जो सब से ज्यादा गरीब हों, उन को ज्यादा से ज्यादा

[श्री राधा रमण]

दिया जाय–उन को १०० फीसदी तक दिया जाये, और जितनी गरीबी कम होती जाये, मुआवजे के परसेंटेज को भी कम कर दिया जाय ।

मैं उन बातों के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहता हूं, जिन के बारे में मेरे दूसरे भाई बहुत कूछ कह चुके हैं । मसलन आक्शन–नीलामी के बारे में हर भाई ने यह मत प्रकट किया कि पिछले आठ साल से आप उन्हें बसाने का काम करते आये हैं, जिस से विस्थापितों को थोड़ी सी सहूलियत मिली है । अब अगर उस थोड़ी सी सहूलियत को खतरे में डालने वाला कोई कदम आप उठायें, तो उस को ऐसा कोई भी आदमी बर्दाश्त नहीं करेगा, जिस के दिल में जरा भी इन दुखी जनों से हमदर्दी हो । मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि इन नियमों के आक्शन की जो तजवीज रखी गई है, उस को हटा दिया जाय । इन नियमों में देहाती लोगों अथवा ग्रामीण लोगों, को डिस-एडवान्टेज पर रखा है, उन को बराबरी का दर्जा देने का ख्याल नहीं किया है, और इसलिये यह एक अन्याय है और नामुनासिब बात है, जिस को हमें दूर करना चाहिये ।

हमारे डिप्टी मिनिस्टर आफ रिहैबिलिटेशन ने यह घोषणा कर दी है कि हम वह भेद खत्म कर रहे हैं । इस के साथ ही मैं यह भी अर्ज करना चाहता हूं कि बहुत से ऐसे विस्थापित हैं, जिन्होंने सरकार से आज तक किसी किस्म की मदद नहीं ली है और जो शुरू शुरू में शहरों में आ कर ऐसे मकानों और दुकानों में किसी न किसी तरह बस गये हैं और फिर से अपना जीवन निर्वाह करने के लिये काम धन्धा कर रहे हैं । मैं समझता हूं कि अगर किसी भी स्टेज पर किसी भाई या बहिन का कोई सही क्लेम या सही मांग आप के सामने आये, तो आप को उसे स्वीकार कर लेना चाहिये और मन्जूर करना चाहिये, क्योंकि आखिर हमारा मकसद तो यह है कि जिस आदमी ने तकलीफ उठाई है, उस को किसी तरह से कम कर के उस को मुआवजा दें और उसको बसने में मदद करें ।

जहां, आप ने डिस्प्लेस्ड पर्सन्ज के लिये कुछ सहूलियतें रखी हैं वही मंत्री महोदय आप इस बात का भी ख्याल रखें और रूल्ज में प्रोवाइड करें कि जो लोग शहरों या गांवों में इवैकुई प्रापर्टी (निकासी) के मकानों में रहते हैं या जो नान–डिस्प्लेस्ड पर्सन्ज हैं और ऐसे मकानों में रहते हैं, अगर आप उन के मकानों को नीलाम कर के उन को बेदखल कर देंगे, तो इस तरीके से तो आप एक तरफ लोगों को बसायेंगे और दूसरी तरफ उजाड़ेंगे । असल में आप ने अपने सामने यह नजरिया रखा है कि सब देशवासी समृद्धशाली हों, सब की जिन्दगी बेहतर हो और सब लोग आराम से और सुख से रहें । मान लीजिये कि एक कटरा है, एक मंडी है, जिस में डिस्प्लेस्ड पर्सन्ज भी रहते हैं और नान-डिस्प्लेस्ड पर्सन्ज भी । नान-डिस्प्लेस्ड पर्सन्ज से आप कहें कि नीलामी में दुगनी या चौगुनी रकम दो और अगर वे देना मुनासिब न समझें, तो वह मकान कोई दूसरा ले ले और उन को खतरा हो जाये कि जिस जगह हम इतनी देर से रह रहे हैं, वहां से हम को निकलना पड़ेगा । यह बात भी ठीक नहीं है और इस खतरे को दूर कर देना चाहिये तो यह चीज भी आप को सामने रखनी चाहिये क्योंकि मैं समझता हूं कि यह सरकार का फर्ज है कि जहां वह विस्थापितों को स्थापित करने का इन्तिजाम करे वहां यह भी देखे कि जो सैंकड़ों भाई निकासी जायदादों में बसे हुए हैं, जिन में शरणार्थी भी हैं उन के और गैर शरणार्थी भो हैं उनके लिये यह खतरा पैदा न हो जाये कि वे हजारों की तादाद में उजड़ जायें और उन के ऊपर

मुसीबत आ पड़े । तो मैं अर्ज करूंगा कि इन सारे नियमों पर गम्भीरता पूर्वक फिर से विचार करें और इन में जो त्रुटियां हैं उन को दूर करने की जरूरत है और इन विस्थापितों की तकलीफों को दूर करने का कर्तव्य जो हमारी सरकार के सामने है वह ठीक तरह से पूरा किया जाना चाहिये और मैं आशा करता हूं कि मंत्री महोदय, जिन्हों ने इस मामले में काफी चिन्ता प्रकट की है, वह ऐसा प्रयत्न करेंगे और इन नियमों में इस प्रकार के सुधार करेंगे कि जिस से सब को संतोष होगा ।

Mr. Chairman: Shri M. H. Rahman.

Shri U. M. Trivedi: All from the Congress side. We do not get a chance.

An Hon. Member: Are you a refugee?

Shri U. M. Trivedi: I am a refugee for a long time now.

Mr. Chairman: That is not correct. Hon. Members from all parties have been called. Hon. Member will take his chance. This preponderance from the Congress party is due to the fact that they are much more in number.

Shri U. M. Trivedi: There is no doubt about that. But, the debate ought to be balanced. Nine persons from that side have spoken: not one from this side.

شری ایم- ایچ- رحمان (ضلع مرادآباد —وسط): آج جس مسئلہ پر ہم بحث کر رہے ہیں وہ بہت ہی اہم ہے ۔

(*English translation of the above*)

Shri M. H. Rahman (Moradabad Distt.—Central): It is an important subject that we are discussing today.

Mr. Chairman: I would request hon. Members who succeed the speaker who is speaking now not to take more than 10 minutes in any case. Otherwise the complaint will remain that many Members have not been able to participate in the debate. The hon. Member who is now speaking will please finish in 10 minutes.

Sardar Iqbal Singh: We are getting two days. There are large numbers of refugees in our constituency. How can we do justice in 10 minutes? How can the persons who have so far spoken know in which way the application of these rules will affect the refugees in East Punjab?

Mr. Chairman: The hon. Member cannot take up that argument. He cannot ascribe ignorance to all other hon. Members except to those coming from Punjab. He is presuming too much.

شری ایم- ایچ- رحمان : — میں یہ عرض کر رہا تھا کہ جو مسئلہ زیربحث ہے وہ بہت اہمیت رکھتا ہے - ایک پورے آٹھ برس کی مدت کے بعد ہم آخری طور پر کمپینسیشن دینے کا فیصلہ کر رہے ہیں اور اس کے لئے قوائد بنا رہے ہیں - اس سلسلہ میں کوئی لمبی بات کہنا بیجا ہے - اس پر ہاؤس میں بہت کافی کہا جا چکا ہے - اور ہر شخص یہ جانتا ہے کہ دھرم ، اخلاق اور قانون سب کی رو سے ایک انسان جو اپنے گھر کو برباد کر کے آیا ہے اور اب اس ملک کا باشندہ ہے - اس کی مدد کرنا سب سے بڑی سیوا اور خدمت ہے - آج ہمارے لئے ان لوگوں کی سب سے بڑی خدمت یہی ہے کہ ہم ان کے لئے اس طرح سے ایسا انتظام کریں کہ وہ اپنے پرانے گھروں کو بھول کر اس ملک کو اپنا وطن سمجھنے لگیں - یہ تبھی ہو سکتا ہے جب ان کے دکھ درد کو درد کہا جائے اور ان کی مدد کی جائے -

[شری ایم- ایچ-رحمان]

اب میں چند پوائنٹس کی طرف آپ کی توجہ دلانا چاہتا ہوں، منسٹر صاحب اور ڈپٹی منسٹر صاحب اس جانب خاص توجہ دیں - یہ کہنے میں مجھے کوئی جھجھک نہیں ہے کہ جس طریقہ سے آپنے انٹیرم وقت کے لئے دو ہزار کلیم کرنے والوں کیلئے ۶۰ فیصدی منظور کیا تھا - تو خیال یہ تھا کہ جب آپ اس کو فائنل کریں گے تو یقیناً ۱۰۰ فیصدی کر دیں گے اور ان کو پورا معاوضہ دیا جائے گا - لیکن اس بارے میں ہاؤس میں بار بار حکومت نے اپنی مجبوری ظاہر کی ہے - جن لوگوں کو کلیم کا صرف ۲ ہزار ملنا چاہیے آج ان کو ۶۰ فیصدی سے بڑھا کر ۶۴ فیصدی دینے کا ذکر کیا جارہا ہے -اس سے کسی کا کیا بھلا ہو سکتا ہے- اور کون اس طرح سے پوری طرح اپنی زندگی کو پھر سے بسانے کی امید کر سکتا ہے - کم سے کم ایسے کیسیز میں تو ۱۰۰ فیصدی ہونا چاہیے یہاں ہم بڑے بڑے ٹیکسیز کا ذکر کرتے ہیں - اور اس طرح سے اپنے فائو ایر پلان کو کامیاب بنانے کی کوشش کرتے ہیں - اس طرح سے ہم کو اس بات کی بھی فکر ہونی چاہئے کہ ہم ان برباد شدہ انسانوں کا بھی صحیح طور پر دکھ درد دور کر سکیں- یہ آپ کہتے ہیں کہ ہم نے ۶۰ فیصدی سے بڑھا کر ۶۶ فیصدی کر دیا ہے - اس سے زیادہ قانون اجازت نہیں دیتا ہے - میں سمجھتا ہوں کہ اگر اس اچھے کام کو کرنے میں کوئی قانونی دقت ہے تو اس کو دور کرنے کی کوشش کرنی چاہیئے -

دوسری بات مجھے یہ کہنی ہے کہ قریب ایک لاکھ انسان ایسے ہونگے کہ جن کو ایک ایکڑ یا ڈیڑھ ایکڑ زمین الاٹ کی گئی - اور وہ کسی بھی مجبوری کی وجہ سے اس پر قبضہ نہیں کر سکے تو ان لوگوں کو آج ہاؤسنگ سکیم سے محروم کیا جا رہا ہے - اور آج ان کو اس بنا پر کمپنسیشن نہیں دیا جا رہا ہے- یہ لوگ زمین پر قبضہ بھی نہیں کر سکے اور ٹیکنیکل بنیاد پر انکو گھر سے بھی محروم کر دیا گیا - اب وہ چھوٹے سے مکان کے بھی حقدار نہیں رہے - میں سمجھتا ہوں کہ یہ کسی بھی طرح مناسب نہیں ہے - اس بات کو سنجیدگی کے ساتھ سوچنا چاہیئے - یہ بات نہیں ہے کہ جو کچھ ہاؤس میں کہا جاتا ہے وہ محض تقریر کرنے کے لئے کہا جاتا ہے - وہ ہمارے دل کی آواز ہے جس کو ہم یہاں پیش کرتے ہیں - ہم جن سوسائٹیوں میں بیٹھتے ہیں ان کے حالات کو دیکھتے ہیں اور ان کی طرف آپ کی توجہ دلاتے ہیں - آج آپ جو ان کو ایک چھوٹے گھر سے

بھی محروم کر رہے ہیں ہم سمجھتے ہیں کہ یہ قطعاً ناانصافی ہے - ان کو انصاف ملنا چاہئے -

تیسرا پائنٹ میرا یہ ہے کہ آپ نے یہ قانون میں کہا ہے کہ جس کے پاس ۴ ایکڑ زمین ہو اگر اس کے مکانات کی قیمت ۱۰ ہزار ہو تو وہ ایک کلیم داخل کر سکتا ہے - اور اگر ۱۰ ہزار قیمت نہیں ہے تو اس کو کلیم داخل کرنے کا کوئی حق نہیں ہے - اسی طرح آپ یہ طے کیا ہے کہ اگر کسی کے پاس ۴ ایکڑ سے زیادہ زمین ہے- اگراس کے کلیم کی تعداد ۲۰ ہزار سے زیادہ ہوتی ہے تو وہ ایک کلیم داخل کر سکتا ہے - اگر اسکے کلیم کی قیمت ۲۰ ہزار سے کم ہے تو اس کو کوئی کلیم دینے کا حق نہیں ہے میں سمجھتا ہوں کہ یہ کسی طرح بھی معقول نہیں ہے - انصاف تو یہی ہے کہ اس کو اپنا پورا کلیم داخل کرنے کا حق ہونا چاہیئے - اگر آپ نے اس کو چار ایکڑ زمین دیدی ہے تو اس پر کوئی احسان نہیں کیا ہے - اس کو حق ہونا چاہئے کہ وہ اپنا پورا کلیم داخل کر سکے -

---

چیر مین مہودے : وہ زمین تو اس کو اس زمین کے بدلے میں ملی ہے جو کہ وہ پاکستان میں چھوڑ -

---

شری ایم- ایچ : رحمان -: یہ کہنا کہ اس صورت میں وہ اپنا کلیم پیش نہیں کر سکتا ٹھیک نہیں ہے - مجھے اس پر اعتراض ہے - میں چاہتا ہوں کہ اس کے جتنے بھی مکان ہیں ان سب کے لئے اسے کلیم داخل کرنے کا حق دیا جائے - اس معاملے میں اس طرح کا بٹوارا کرنا میرے خیال میں مناسب نہیں ہے -

اس کے علاوہ ایک اہم گزارش یہ ہے آپکو معلوم ہے کہ بہت سے آدمی بیماری کی وجہ سے، یا ناواقفیت کی وجہ سے اپنے کلیم داخل نہیں کر سکے ہیں اگر وہ اپناکلیم داخل نہیں کر سکے ہیں تو یہ کہنا مناسب نہیں ہو گا کہ اب تم کلیم نہیں داخل کر سکتے یا اس کے لئے ڈاکومینٹری پروف دیا جانا ضروری ہے - یہ شرط نہیں رکھنی چاہیئے - ہم کو تو ان کی امداد کرنی ہے - صرف کلیم کا سوال نہیں ہے - سوال تو ان کو امداد دینے کا ہے - اگر اس صورت میں اس کا کلیم نہ دیا جائے تو میں سمجھتا ہوں کہ یہ مناسب نہیں ہوگا - لوگ پریشان ہیں- وہ روتے ہیں - میں شری مہر چند کھنہ صاحب کے منسٹر ہونے سے پہلے کوئی ۱۵ یا ۲۰ لوگوں کو منسٹر صاحب کے پاس لے گیا تھا لیکن مجھکو وہی جواب ملا کہ ہم نے تو ایک قانون بنا دیا ہے - اسی طریقہ سے کام ہو گا - آخر میں مجھے ایک بات اور کہنی ہے اور وہ یہ ہے کہ آپ نے ایک اصول یہ بھی بنایا ہوا ہے کہ پانچ ہزار سے کم قیمت کے جو مکانات یا دوکانیں ہیں ان کو اگر کلیم میں شامل کیا گیا

[شری ایم - ایچ - رحمان]

ہے تو وہ الاٹ کر دی جائیں لیکن اگر اس سے زیادہ قیمت ہو تو پھر ان کی نیلامی ہوگی - میں چاہتا ہوں کہ اس قیمت کو آپ دس ہزار تک بڑھا دیں تو زیادہ بہتر ہے - پانچ ہزار کی قیمت بہت کم ہے اور اس کے موجود رہنے سے ریفیوجی بھائیوں کو بہت ہی کم نفع پہنچ سکیگا - لیکن اگر آپ اس کی قیمت بڑھا کر دس ہزار تک کر دیں تو ان کو زیادہ سے زیادہ فائدہ پہنچ سکتا ہے - قیمت کے معاملے میں صرف اتنی اور گذارش ہے کہ قیمت کے معاملے میں یہ دیکھنا ہے کہ جو قیمت آپ لیتے ہیں وہ کس طرح کی زمین کے متعلق ہے - اگر آپ نے نزول کی زمین یا حکومت کی ذاتی ملکیت معاوضہ میں رکھی ہے تو اس کو آپ بلاشبہ مارکیٹ کی قیمت پر دے سکتے ہیں اور مارکیٹ کی قیمت لگا سکتے ہیں - لیکن جو زمین آپ نے خریدی ہے تو جس قیمت پر آپ نے اس کو خریدا ہے - آپ کی ڈیوٹی ہے اور آپ کا فرض ہے کہ اس کی صرف آپ اتنی ہی قیمت لیں اور اس کے بعد اس میں منافع لگانا یا شرطیں اور پابندیاں عاید کرنا مناسب نہیں ہے -

یہ چند چیزیں ہیں جن کو کہ میں نے آپ کے سامنے رکھا ہے اور میں امید کرتا ہوں کہ آپ ان چیزوں پر خاص توجہ دیں گے اور کمپنسیشن کے قوائد بناتے وقت ان اصولوں کو اور ان باتوں کو آپ خاص طور پر مدنظر رکھیں گے - میں نے بار بار اس چیز کو کہا ہے کہ ہاؤس میں تقریر صرف تقریر کرنے کے لئے ہی نہیں کی جاتی ہے بلکہ ہندوستان کے کونے کونے سے یہی آواز آرہی ہے کہ ہمارے ان مصیبت زدہ بھائیوں کی تکلیفوں کو رفع کرنے کی کوشش کرنا حکومت کا اولین فرض ہے - آپ کو صرف اپنے دفتر کی رائے اور ان کی صلاح پر ہی اکتفا نہیں کرنا چاہئیے بلکہ ہندوستان کے لوگوں کی وہ آواز بھی سننی چاہئیے جس کو ہم اس ایوان میں پہونچا رہے ہیں اس کو سنیں اور اگر وہ مناسب ہوں تو اس پر مناسب کارروائی کریں - ان لفظوں کے ساتھ میں آپ کا دھیان ان چند باتوں کی طرف دلانا چاہتا ہوں جو میں نے اپنی تقریر کے دوران میں کہیں ہیں -

(*English translation of the above*)

Shri M. H. Rehman: I was submitting that the matter under discussion is of immense importance. After a period of full eight years we are now finally taking a decision in regard to payment of compensation and are framing rules for the same. Therefore, it is not proper to hanker about the point for length of time as much has already been said on this issue on the floor of this House, and everybody feels that on religions, so-

cial and legal grounds it is the greatest service to help such persons, who have come over to this country after suffering tremendous losses of life and property and are now the nationals of this country.

Today the greatest service that we can render these people is that we should make such arrangements for them so that they may forget their old homes and hearths and begin to look upon this country as their own homeland. This can be achieved only when their grivences are redressed and they are helped substantially.

Now I wish to draw your attention towards certain points. The Hon'ble Minister and Deputy Minister may please pay special attention to these observations. I feel no hesitation in saying that when for the interim period the Government had sanctioned 60% in respect of those claims which were to the tune of rupees two thousand only, then it was generally anticipated that when a final decision would be taken the limit would be raised to cent per cent, and full compensation would be paid to these displaced persons. But the Government has time and again expressed their helplessness in this respect on the floor of this House. Regarding displaced perons who are only to get two thousand rupees as compensation, it is now said that instead of 60 per cent they should be given 66 per cent. What good it can do for anybody, and who can hope to begin a new chapter of life from this meagre amount. In such cases at least the compensation should be cent per cent. Here we talk of huge taxes and in this way try to make our Five Year Plan a success. In the same way we should also try to allay the difficulties and sufferings of these unfortunate and ruined persons. Government say that they have increased the percentage from 60 to 66 and law does not permit any further increase. But I feel that if in the performance of this noble task there is any legal difficulty, then efforts should be made to remove it.

The second point which I am to say is that there are about one lakh of displaced persons who have been allotted only one acre or one and a half acre of land and they have not been able to take its possession, due to certain circumstances, but now they are being excluded from the benefits of the Housing Scheme, and they are also not being given compensation on this very account. These persons could take possession of the lands and now they are being excluded on technical grounds from having houses also. Now they are not entitled even for a very small hut. I think this is not proper in any way. Therefore serious consideration may please be given to this matter. It is not so, that whatever is said in the House is said merely for making speeches. This is the voice of our heart and we try to draw the attention of the Government towards the feelings that are expressed in the societies that we attend. Today when the Government propose to deprive them even from a small home then we feel that it is utter injustice. They must get justice.

My third point is this. It has been stated in the Bill that if a person possesses four acres of land and if the value of his houses amounts to rupees one thousand, then he can file a claim. If the value is not rupees ten thousand then he cannot file a claim. Similarly, it has also been laid down that if a person possesses more than four acres of land and if the value of his claim happens to be of more than rupees twenty thousand, then he can also file a claim. If his claim twenty thousand, he is not entitled to file a claim. I feel, that this decision is in no way reasonable. Justice demands that he must have the right to file a claim for his entire property. By giving him four acres of land you have not oblidged him

[Shri M. H. Rehman]

in any way. He must have a right to file his full claim.

Mr. Chairman: That land he has been allotted in respect of the land that he has left behind in Pakistan.

Shri M. H. Rehman: But to say that he is not entitled to file a claim is not justified. I am against this contention. I want that he should be allowed to file claims regarding all the houses that he possessed there. In my opinion such discrimination in this matter is not proper.

Besides this, Sir, I want to submit one thing more. As you know, many persons either due to illness or due to ignorance have not been able to file their claims. In such circumstances it is not proper to say that now they cannot file their claims or some documentary proof must be produced to substantiate this fact. Such a condition should not be imposed. We have to help them. It is not a question of a claim only, but it is a question of giving them help. If any claim is not entertained due to these reasons then I think it would be improper. People are disturbed and are in great trouble. Before Shri Mehar Chand Khanna became the Minister incharge, I had taken about fifteen or twenty persons to the then Minister but I got the very same reply that a law has been passed and things would be worked out accordingly.

In the end, I want to say that a rule has been made that if the shops or houses valued upto rupees five thousand, are included in the claim, then they should be allotted, if their value be more than five thousand rupees then they will be auctioned. I think that it would be much better if this limit is enhanced to rupees ten thousand. The present limit of rupees five thousand is too little and if this limit persist then the refugees would not be much benefitted. But if the limit is raised to rupees ten thousand then they would be much more benefitted. Regarding value, I wish to submit/only this much that while fixing the value of land, due consideration should be paid towards the kind of the land in question. if Nazul lands or such lands which are the property of the Government have been set against the claims then undoubtedly, they could be given at market value. But regarding those lands which have been purchased, it is the duty of the Government to charge only that value which has been paid for it. I think that it is not proper to impose conditions and restrictions in this respect.

These are my few submissions which I have put before the House. I hope that due consideration would be paid to these and while framing compensation rules these facts would be borne in mind. I have time and again said in the House that speeches delivered on the floor of the House are not meant merely for making speeches, but from all the four corners of India it is being voiced that it is the first duty of the Government to redress the grievances of our aggrieved brethren. The Government should not only rest content with the opinions and advice tendered by the Secretariat but should also listen to the voice of the crores of Indian people which is being communicated by us in the House, if the demand be reasonable and justified, then just and proper action may be taken. With these words, Sir, I want to darw your attention to the few points, which I have dealt with in my speech.

श्री टंडन (जिला इलाहाबाद पश्चिम) : यह विस्थापितों का प्रश्न सदा से मेरे हृदय पर गहरी चोट करता आया है। मैं ने अनुभव किया कि हम लोगों ने, जो इस ओर भारतवर्ष के उन भागों में रहे हैं जहां मारकाट नहीं हुई और जहां के लोग बिना घर बार वाले नहीं बनाये गये हम लोगों ने स्वतन्त्रता बहुत आसानी से, अपेक्षित दृष्टि से, बहुत

आसानी से पाई, जब कि पुराने पंजाब और पूर्वी बंगाल के रहने वाले भाइयों को स्वतन्त्रता के लिये गहरा मूल्य देना पड़ा। ऐसी सूरत में हम लोगों का, जिन को कोई विशेष कष्ट नहीं हुआ कर्तव्य था कि हम विस्थापितों के कष्ट में हृदय खोल कर शामिल होते। मैं ने इसी दृष्टिकोण को सामने रख कर एक समय यह सुझाव दिया था कि हम लोगों के ऊपर एक विशेष टैक्स विस्थापितों के कष्टों को दूर करने के लिये लगाया जाय। इधर हमारे बहुत धनी लोग हैं, उन के धन का अगर कुछ भाग इस में ले लिया जाया तो एक अच्छी रकम खड़ी हो सकती थी और उस का उपयोग इन दुखी भाइयों के कष्ट को कुछ कम करने के लिये किया जा सकता था, परन्तु मेरा यह सुझाव नहीं माना गया। सरकार ने अपनी साधारण आय में से इन की कुछ सहायता की, परन्तु वह सहायता बहुत ही कम रही है। जो हमारे पुनर्वास मंत्री महोदय हैं, उन के ऊपर तो मेरा इस विषय में कोई आक्षेप हो ही नहीं सकता क्योंकि वह तो नीति की बात थी। प्रारम्भ से जब यह मुसीबत हमारे ऊपर सन् ४७ में आई, उस काल से मेरे ऊपर यह असर है कि केन्द्रीय सरकार ने, इस विषय में जो सहानुभूति, क्रियाशील सहानुभूति दिखलानी चाहिये थी, उस में बहुत कमी की है। मेरा यह आक्षेप अपनी गवर्नमेंट पर अवश्य रहा है और आज भी है। हम लोगों ने अनुमान किया था कि जो हमारे भाई पाकिस्तान से आये थे, उन की लगभग १५–२० अरब रुपये की हानि हुई थी। आज उस हानि के बदले में हम ने उन को क्या दिया है? गवर्नमेंट ने अब तक सब मिला कर क्या दिया है? बहुत कम दिया है। मेरा तो आज भी सुझाव है, मैं जानता हूं कि हमारे मंत्री जी के हाथ में इस की पूर्ति नहीं है, परन्तु मैं फिर भी कह रहा हूं, इसलिये कि मैं आशा करता हूं कि कम से कम मेरी बात वह अपनी कैबिनेट को सुना तो देंगे, यह तो बतला देंगे कि यह मांग है, हमारी मांग यह है कि इस आखिरी समय में भी, जब अपने भाइयों का प्रतिफल, मुआविजा निश्चित कर इस विषय को अन्तिम निर्णय देना है, तब हम पहले से कुछ अधिक उदारता दिखलायें। पंडित ठाकुर दास भार्गव ने पचास करोड़ की बात की थी। मैं तो उस को बहुत थोड़ी रकम समझता हूं लेकिन आप उसे भी देने को तैयार नहीं हैं। मैं तो चाहता हूं की इस से कहीं ज्यादा रकम उन को दी जाये। गवर्नमेंट ने अब तक जो रकम उस में दी है उस में और मिलाये। कम से कम गवर्नमेंट, ४, ५ अरब रुपया पूरा करे। आप बड़ी बड़ी योजनाओं के लिये काफी रुपया कहीं न कहीं से निकाल लेते हैं तो इस के लिये भी आप अवश्य कोई व्यवस्था कर सकते हैं। अगर आप उस के लिये विशेष टैक्स नहीं लगाना चाहते तो आप कहीं और से इस का प्रबन्ध करिये और इस कोष को बढ़ाइये। यह जो १८५ करोड़ रुपये का आप ने कम्पेन्सेशन पूल बनाया है, यह बहुत ही कम है। जिस तरह से कि जमीनों की बात हुई थी अर्थात् जो भाई उधर जमीनें छोड़ कर आये हैं उन को जिस अनुपात से जिस रेशियों से आप ने भूमि दी पंजाब में, आज जो रुपया आप दे रहे हैं वह उस रेशियो से भी कम है हालांकि आप जानते हैं कि आज आप यह मुआवजा जो दे रहे हैं इस मुआवजे के देने में उन हानियों को आप नहीं देख रहे हैं जो चल सम्पत्ति के छूट जाने से उन की हुई है। जितनी चल सम्पत्ति विस्थापितों की गई उस को आप ने हिसाब में नहीं लिया आप ने केवल मकान आदि को देखा। जो छोटे छोटे लोग थे उनको भी आप बहुत कम कर के मुआवजा दे रहे हैं। यहां पर यह सुझाव भी दिया गया है और मैं इस से सहमत भी हूं कि जो बहुत छोटे

[श्री टंडन]

लोग हैं उन को कुछ सीमा तक अधिक देना चाहिये। जो आप ने उनके दावे स्वीकार किये हैं उन दावों की पूरी रकम कम से कम कुछ लोगों को देनी ही चाहिये।

यहां अभी थोड़ी देर हुई गृह मंत्री पंत जी आये थे लेकिन अब तो वह चले गय हैं। अगर वह होते तो मैं जो बात अब कहने जा रहा हूं यह उस को स्वीकार करते। उत्तर प्रदेश में जब जमींदारी प्रथा समाप्त हुई तो यह बात ठीक थी कि जिन से जमींदारियां ली गईं उन को, उन जमींदारियों के बदले में कम रुपया दिया गया क्योंकि उन को पूरा रुपया देना मुमकिन नहीं था। परन्तु जो नीचे दर्जे के लोग थें उन में से बहुतों को पूरा मुआवजा दे देने का यत्न हुआ और जैसे जैसे ऊपर मूल्य बढ़ा वैसे वैसे मुआवजे की रकम कम होती गई। आप ने तो पूरा मुआवजा देने की कहीं बात ही नहीं रखी। मेरा सुझाव है कि कुछ हद तक लग भग ५,००० रुपये तक के जिन के दावे हैं उन को पूरा मुआवजा देने का आप यत्न कीजिये, उस का नतीजा यह हो सकता है कि ऊपर जा कर दो लाख से ऊपर के मुआवजों में आप की कुछ कमी करनी पड़े। मैं समझता हूं कि अगर आप को ऐसा करना पड़े तो यह बहतर होगा कि आप इस को भी करें। मैं यह नहीं कहता कि आप उन के मुआवजे को अवश्य घटा दें लेकिन अगर दोनों में चुनना पड़े तो जो लोग गरीब हैं उन को आप ज्यादा सहूलियत दें। जिन को दो लाख का मुआवजा देना है उन को कुछ कम दिया जाय तो यह ज्यादा अच्छां होगा यदि साथ ही साथ जो गरीब हैं उन को आप कुछ हद तक पूरा मुआवजा दें।

जो मुख्य बात मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि आप यह काम तभी कर सकते हैं जब आप कुछ वैसा और उसमें लगायं। पंडित ठाकुर दास भार्गव जी ने अपने भाषण में इस बात की चर्चा की है कि जो आश्वासन पूर्वगामी मंत्री जी श्री अजित प्रसाद जैन ने इस भवन में दिये थे, उन को पूरा किया जाये। उन्हों ने यह वायदा तो नहीं किया था कि वह गवर्नमेंट से रुपया दिला सकेंगे या दिला देंगे परन्तु उन के कुछ शब्द बहुत साहस के थे। उन्हों ने कहा था कि मुझ को अपने में भरोसा है। यह शब्द उन के थे। साथ ही उन्होंने हमदर्दी भी दिखलाई थी—

सभापति महोदय : यह भी कहा था कि जब दूसरा प्लान तैयार होगा उस वक्त भी मैं यह चीजें गवर्नमेंट के सामने रखूंगा और साथ ही उन्होंने रिहैबलिटेशन ग्रान्ट के बारे में कहा था कि और ज्यादा के लिये यत्न करूंगा।

श्री टंडन : उन्हों ने कहा कि मैं गवर्नमेंट के सामने उन की बात को रखूंगा। मेरा विश्वास है कि उन्हों ने बात रखी होगी। मुझे आशा है कि वर्तमान मंत्री जी अब इस विषय में यत्न करेंगे। मैं जानता हूं कि इस के लिये आप को अधिक पैसे की आवश्यकता पड़ेगी। यह काम एक करोड़ दस करोड़ या पच्चीस करोड़ में होने वाला नहीं है। आप को काफी रुपया चाहिये। मैं यह अन्तिम निवेदन इस विषय पर करना चाहता हूं कि और शायद आज ही ऐसा निवेदन करने का अवसर है, कि आप इन विस्थापितों के साथ अधिक न्याय कीजिये आप उन लोगों से लीजिये जिन्हों ने बहुत आराम के साथ स्वराज्य पाया है और जो दुमहले, चौमहले दिल्ली, बम्बई और कलकत्ता में खड़े कर रहे हैं। इन सब से आप पैसा निकालें मामूली आदमी की जेब में भी आप हाथ डालें। हम सब भी कुछ न कुछ दे सकते हैं। परन्तु उन दुखियों की ओर आप कुछ और कृपा की निगाह से देखिये। मैं बराबर अनुभव करता

हूं कि किस प्रकार से यह दु:खी लोग दौड़ते फिरते रहे हैं, छोटे छोटे स्थानों पर आते हैं, मेरा कार्यालय है, लोक सेवक मंडल का, मैं देखता हूं कि उस कार्यालय में मैं और मेरे साथी अचिंत राम जी बहुत कुछ तो नहीं कर पाते परन्तु कुछ उन को यह विश्वास है कि वहां सहानुभूति मिलती है और इसीलिये वहां ये लोग दौड़े चले आते हैं। ये लोग वहां अज से नहीं आ रहे हैं। जब से यह मुसीबत आई है तब से ही आते हैं। कुछ अनुभव हम लोगों को होता है कि कितनी कठिनाई इन को होती है। मकानों का ही प्रश्न है जो अब नीलाम हो रहे हैं। अपना दु:ख सुनाने के लिये कितने ही लोग हमारे पास आते हैं।

मुझे अपना भाषण समय में समाप्त करना है। बस यह आप की गवर्नमेंट से मुझे अन्त में कहना है कि इस मामले में अधिक न्याय करने की बात सोची जाये [इन दुखियों का दु:ख दूर करने के लिये जहां से भी हो आप पैसा इकट्ठा करें। मेरी समझ में तो कम से कम १०० करोड़ रुपया अधिक आप लगायें। पंडित भार्गव जी ने ५० करोड़ की जो मांग की है उस को मैं थोड़ा समझता हूं। १०० करोड़ रुपया, उस सब को छोड़ कर जो कि आप ने आज तक दिया है, यदि आप और दें तो भी मैं समझता हूं कि यह कम ही होगा।

मेरी यह आवाज आप कैबिनेट तक पहुंचा दें, यही अन्त में मुझे मंत्री महोदय से प्रार्थना करनी है।

श्री पी० एन० राजभोज : हमारे टंडन साहब ने बड़ी अच्छी तरह से बताया कि यह जो सवाल है यह कितना कठिन सवाल है। निर्वासितों के बारे में मुझे गवर्नमेंट से यह कहना है कि अभी तक जो कुछ उन्हों ने किया है उस के लिये पहले मैं उन को धन्यवाद देता हूं। हमारे सामने डिप्टी मिनिस्टर भोंसले साहब बैठे हैं। और मुझे मालूम है कि उन्हों ने रिफ्यूजीज के लिये क्या क्या किया है। जो लोग पाकिस्तान से आए उन के दो वर्ग थे। मेरे ख्याल से जो लोग सिंध वगैरह से आये हैं या दूसरे पाकिस्तान के भागों से आये उन के बारे में कुछ खास नहीं किया गया है। यह दो वर्ग जो थे उन में से एक गरीब थे और दूसरे अमीर। जो लोग अमीर थे उन के लिये तो काफी कुछ किया गया है लेकिन जो गरीब थे उन के प्रश्न को हल करने के लिये काफी कुछ नहीं किया और उन के दु:खों को दूर नहीं किया जा सका है। मैं मानता हूं कि भोंसले जी और मेहर चन्द खन्ना जी उन के वास्ते काफी कुछ कर रहे हैं। मेरा यह ख्याल है कि इस देश में निर्वासितों के बारे में जो काम हमारी सरकार ने किया है, वह बहुत प्रशंसनीय है और पाकिस्तान, इंगलैंड, जर्मनी इत्यादि जहां कहीं भी निर्वासितों का सवाल पैदा हुआ, वहां उन की समस्या को हल करने के लिये इतना ज्यादा और इतना अच्छा काम नहीं किया गया है, जितना कि हमारी सरकार ने किया है।

मैं जानता हूं कि बहुत से लोग इस सवाल को राजनीतिक दृष्टि से देखते हैं, लेकिन मेरे विचार में इस सवाल को बहुत दया और मानवता की दृष्टि से देखना चाहिये। खन्ना साहब से मैं यह कहना चाहता हूं कि निर्वासितों में दो प्रकार के लोग हैं—बड़े और छोटे। उन में से एक तो बड़े पूंजीपति लोग हैं, जो १९४७ में रायट्स होने से पहले ही पश्चिमी पाकिस्तान से भाग आये और अपनी सारी कीमती चीजें अपने साथ ले आये। उन्हों ने जमीन, मकान और जायदाद वहां छोड़ी होगी, परन्तु यहां आने के वक्त उन के पास बहुत सारा पैसा था, जो उन्होंने धन्धे में लगा दिया और उस से मकान खरीद लिये और दूसरी सारी चीजें खरीद लीं। तब भी वे निर्वासित माने जाते हैं और कम्पेन्सेशन

[श्री पी० एन० राजभोज]

के लिये उन का हाथ सब से आगे है। लेकिन दूसरे निर्वासितों की हालत निराली है। रायट्स शुरू होने के बाद उन को अपना सब कुछ छोड़ कर पाकिस्तान से भागना पड़ा और वे अपने साथ कुछ भी न ला सके। शायद अपनी जानें हीं उन्हों ने बचा लीं—बाकी कुछ नहीं। ऐसे कई निर्वासित हैं जिन के कुटुम्ब के कई लोग मारे गये। वह, बात अब पुरानी हो गई है, इसलिये उन के बारे में मैं कुछ नहीं कहना चाहता हूं। फिर भी मेरा कहना यह है कि उन गरीब लोगों ने कुछ मकान, कुछ जमीन, कुछ बैल, भैंसें और कुछ सामान तो वहां छोड़ दिया और उन का क्लेम किसी ने दिया और किसी ने नहीं। वे अनपढ़ और गरीब लोग हैं, वे क्लेम देना नहीं जानते। डाकुमेंटरी प्रूफ वगैरह भी वह कैसे दे सकते हैं। उनहीं लोगों में हमारे अछूत भी हैं। हम अनपढ़ हैं, गरीब हैं और बैकवर्ड हैं, इसीलिये तो आप ने हमें घटना में संरक्षण दिया है। इस लिय हमें आपसे यह भी संरक्षण मिलना बहुत जरूरी है कि हमारे क्लेम हों या न हों, हमें कुछ जमीन या कम्पेन्सेशन जरूर मिल सके। खन्ना साहब और भौंसले साहब से मैं यह बातें कहना चाहता हूं।

हमारे जो हरिजन भाई हैं, उन को जो जमीन मिल गई है, उसके वह मालिक रहें। जिन लोगों ने अभी तक क्लेम्स नहीं दिये हैं, उन के क्लेम्स का अभी भी विचार हो और अगर इस के लिये रूल्ज़ वगैरह में परिवर्तन करने की आवश्यकता हो तो वह कर लिया जाय। हमारे जो गरीब निर्वासित हैं, आप उन का ख्याल कीजिये। सरकार उन की सहायता तो जरूर करती है, परन्तु मरी प्रार्थना है कि उन को इन्स्टालमेंट्स वगैरह के बारे में ज्यादा सहूलियतें दी जायें।

मेरी दूसरी प्रार्थना यह है कि पाकिस्तान बनने के बाद हजारों महाराष्ट्रीय भाई कराची और दूसरे शहरों से आये हैं। वे लोग नौकरी धंधे के लिये वहां बहुत देर से रहते थे और वे जब यहां आये, तो उन को सब कुछ वहीं पर छोड़ देना पड़ा। उन्हों ने अपने आप को निर्वासित रजिस्टर नहीं कराया और उन्होंने क्लेम्ज भी नहीं दिये। ये लोग बड़ी मुसीबत में रहते हैं। देश की स्वतन्त्रता के लिये उन्हों ने भी कीमत दी है। पश्चिमी पंजाब और सिंध के जो नागरिक थे उन्हीं की तरह ये महाराष्ट्रीय भी वहां के निर्वासित हैं। उन को भी वहां से भागना पड़ा और इस में उन का कोई दोष नहीं है? इसीलिये मेरी सरकार से और खन्ना साहब से प्रार्थना है कि कम्पेन्सेशन के बारे में इन लोगों का भी विचार रखा जाय।

कई इलाकों में निर्वासितों के लिये जो बस्तियां बनी हैं, उन के लिये एक यूनिफार्म पालिसी होनी चाहिये। मुझे मालूम है कि दिल्ली में करौलबाग, गांधीनगर और दूसरी जगहों पर हरिजनों की जो बस्तियां बनी हैं, उन में बहुत छोटे छोटे कमरे बनाये गये हैं, जिन में रहना बहुत कठिन है। इस बारे में मैं यह भी कहाना चाहता हूं कि मैं नहीं चाहता कि हरिजनों क लिये अलग बस्तियां बनाई जायें। जब हम उन लोगों को अपने समाज में शामिल करना चाहते हैं और इस देश से छुआछूत को निकालना चाहते हैं, तो हरिजनों के लिये अलग बस्तियां बनाना उचित नहीं है। मैं इस बात के विरुद्ध हूं। मेरी प्रार्थना है कि हरिजन निर्वासितों को मकान और जमीन आसान किश्तों पर देने का प्रबन्ध किया जाय और उन की हालत को सुधारने और उनके कष्टों को दूर करने की ओर ज्यादा कोशिश करनी चाहिये। आज सवेरे मेरे भाई चोयथराम सेवक ने, जो कि राजस्थान के रहने वाले हैं, मुझे वहां की हालत बताई। वहां पर पच्चीस हजार रिफ्यूजी भाई रह रहे हैं, अलवर में

बारह हजार रहते हैं और गंगानगर में सात हजार रहते हैं और कई जगहों पर उन की बस्तियां हैं। उन लोगों को जमीन और मकान देने का प्रबन्ध करना चाहिये और उन की हालत को सुधारने के लिये सरकार की तरफ से ज्यादा कोशिश होनी चाहिये। स्कूलों के बारे में उस को ग्रान्ट्स दी जाती हैं, उन को बढ़ाया जाये और विद्यार्थियों के लिये वजीफे का प्रबन्ध किया जाये और सब प्रकार से उन की उन्नति की कोशिश की जानी चाहिये।

यहां पर टंडन साहब ने और हर एक पार्टी के लोगों ने निर्वासितों के सवाल को जल्दी और ज्यादा अच्छी तरह हल करने के लिये कहा है। इस लिये सरकार का कर्तव्य है कि वह इस बारे में जल्दी काम करे और निर्वासितों के कष्टों को दूर करे।

अन्त में मैं फिर यह प्रार्थना करना चाहता हूं कि सरकार दलित वर्ग के लोगों के लिये— बैकवर्ड क्लास के लोगों के लिये अलग बस्तियां न बनाये और ऐसा इन्तजाम करे कि वे हिन्दू समाज के एक बराबर के भाग बन कर रहें और देश की उन्नति के लिये पूरा योग दें।

Shri U. M. Trivedi: I shall not take a very long time......

Mr. Chairman: The hon. Member will have only ten minutes.

Shri U. M. Trivedi: I shall take lesser than that.

At the outset, I would like to ask the hon. Ministers whether they have applied their mind to the rules as they have been framed. I would like to draw their attention to rule 7 which relates to the determination of public dues. I fail to understand the import of this rule. As has been stated by one of the speakers before, with one hand you want to give the refugees some money, and at the same time you want to take away by the other hand what you want to give.

You have provided here that as soon as any claim is admitted and compensation is to be paid, you will deduct from that the public dues. Amongst the public dues are:

"(a) arrears of rent in respect of Government built property including convenience charges;

(b) arrears of rent........

(c) small urban loans;...."

In this respect I would like to point out to the hon. Ministers the tragic circumstances that have arisen in cases where you have built Government property and given them to the refugees. In some cases, although it might very well apear that the houses may have cost Rs. 1,500 or Rs. 2,000, yet in fact these houses having been built by the notoriously corrupt C.P.W.D. or the P.W.D., houses which will cost an ordinary man about Rs. 200 to Rs. 300 only have been put down as houses which are valued at Rs. 3,000 or Rs. 2,000. It is on the basis of these figures regarding the value of the houses that you are going to charge rent for them, by calculating it at a certain percentage of interest.

I could give you instances where high rents are charged even in the district in which I live. Living is very cheap on my side. The ordinary local people there are not paying a rent of more than eight annas or one rupee for the houses that have been built there. But we find that for houses which can ordinarily fetch a rent of only eight annas or four annas or six annas per month, Government are charging a rent of Rs. 7-15-0 from these people. If you are going to deduct the arrears of rent at this rate from the compensation that you are going to pay, then what is the amount that will go into the hands of these poor refugees? This is a point that you will have to take into consideration in this respect.

[Shri U. M. Trivedi]

We find that deduction will be made of small urban loans also. I would suggest that this item should not be there in the list given in rule 7. I would urge that the definite policy of Government should be not to recover these loans and then try to make up the pool. Many hon. Members have suggested, including yourself Mr. Chairman, Shri Tandon and others, that for the pool, a sum of Rs. 50 crores is nothing. I should say that immediately if you have a capitation tax on all Indians who are now living here, then eighteen crores of us can easily pay Rs. 5 each and make a pool of Rs. 90 crores. You can easily get this amount if you plug all these corruptions that are going on in all the big schemes in the Planning Commission. Out of the sum of Rs. 2,069 crores which you are going to spend in five years under the Plan, at least ten per cent. you will be able to get from those who are indulging in all these corruptions. If you plug all these corruptions in the big schemes under the Plan and also in various other things, you can easily have a sum of Rs. 269 crores, and you can distribute this amount to the poor refugees and give them what they want. I say, therefore, do not take away from the compensation, that is to be paid, the small loans that have been advanced to them before, and which they have completely spent away.

The time at my disposal is very short and that is why I do not want to dwell very much upon this. But I would like to ask, when you are framing the rules, why be further vague about it? The rules are generally three to elucidate the Act. There is a provision under rule 35 that you will have a particular type of classification of colonies where government built properties are situated. I have failed to understand where this classification is to be made, and on what basis this classification is to be made. If the rules do not provide for this, who is going to provide for it? Why keep it beautifully vague? The Act did not provide for it. The rules are framed by some bureaucrat, and in them also this further vagueness is put in, that you will have your sweet choice of saying A, B and C colonies and make those deductions that you want to make. You must put a stop to this kind of vagueness about the whole picture.

I will refer you to another rule. Why do you want to provide for the giving of compensation to those people who have settled outside India? I cannot understand this. In regard to persons who have settled outside India, what business have we got of paying compensation to those people? In respect of those people who have come in our country we have got some obligations on our heads to discharge. But to those who have gone and settled down in Africa and Aden, who have gone to their relations in Burma and Malaya, who are living in Singapore, are we going to give compensation to them? Under what provision of law are you going to compensate those people who under the Citizenship Act will no longer remain citizens of India? We will have to look into this affair.

Shri Gidwani: They are citizens of India at the present moment.

Shri U. M. Trivedi: Please do not disturb me; you had your time. I give you further example. First of all I very strongly protest against the provision in your rule 119 that you will not allow a lawyer to appear under these rules. I do not know why this bar has been placed against lawyers.

Shri K. K. Basu (Diamond Harbour): To save some money, possibly!

Shri U. M. Trivedi: The framing of this rule, as it is, is absurd in the sense that the language used is not

proper. Because, the rule says only this much, that "no legal practitioner shall be entitled to appear in any proceedings under this rule"—probably what it means to say is under these rules—"except in proceedings arising under section 9 of the Act." I fail to understand this. I will draw your attention to the various rules under which it is most essential that an educated and intelligent man, a man who can put things properly, must appear before the officer concerned. I will draw your attention to rules 7, 8, 15, 19, 22, 92 and so on. In all these rules you require the assistance of a man who would be able to understand the things, who will be able to put before the officer that "this is the law under this, you will have to do this". I have written to you about the case of one lady who had a claim of fifty thousand rupees who cannot put anything but a thumb impression. How can that lady go before any officer and put her claim? Her claim to the tune of fifty thousand rupees was rejected. Why? Because she did not know where to appear how to put in her claim, where to go and where not to go. And as she did not appear in time, her claim rejected. To that extent will you kindly see to it that somebody must be there to guide the person? I do not say that this should be some sort of paradise for lawyers as the Company Law was. At the same time, lawyers have got hearts. Do not think they are hard-hearted. There are thousands of lawyers who are willing to come and help poor refugees and guide them properly.

Another thing is we will have to draft for a time limit. This is not a permanent law. We are all clamouring that we must at some stage bring this to an end. And the sooner we do it the better. Therefore this question of compensation must be expedited and must be done away with as soon as possible.

Here there is one very pertinent question that I want to ask, and it is this. Why has a limitation been put upon the date, the 1st of November, 1953, on which a particular transfer has taken place? Up to that date if a transfer has been effected by the Rehabilitation Department, you will recognise it, or, if it is not on or before November 1953, you will say that the transfer will take place at some date which you are now going to decide. I fail to see any reasoning behind this.

At the same time may I draw your attention to rule 118 of these rules, and I will have done. I want to ask: why make this provision that the stamp duty shall be payable by the Government? The rule says: "The stamp duty payable in respect of any document relating to the transfer of any property under these rules shall be payable by the Government". Why not make a rule of exemption that the transfers shall not bear any such stamp duty, and be done with it? Why have this duplication for this purpose? I do not wish to start with the argument which has been started and which has been very ably put forward by Shri Tandon and by yourself, Sir. I voice my feeling in the same manner and I would request the Government to kindly look into these rules and mend them where necessary.

सरदार इकबाल सिंह (फ़ाजिल्का–सिरसा) : इन रूल्स के लागू करने का मंशा यह है कि जो कुछ रिफ्यूजी भाइयों को पंजाब में और सारे हिन्दुस्तान में मिल चुका है वह हमेशा के लिये उनके पास रह सके। इस देश में जो रिफ्यजी आये वह ज्यादातर देहात के थे और देहात में जा कर बस गये। अब यह जो रूल लागू किये जा रहे हैं उनसे देहात के रिफ्यूजीज के साथ इतनी बेइन्साफी होगी कि जितनी कि अभी तक किसी एक्ट के ज़रिये नहीं हुई है। जिस आदमी ने ये रूल्स बनाये हैं उसने शहर वालों और देहात वालों के बीच में एक दीवार खड़ी कर दी है। यह रूल्ज ऐसे हैं कि देहाती आदमी

[सरदार इकबाल सिंह]

कभी बस ही नहीं सकते । इन में शहरी और देहाती लोगों में तफरका किया गया है । अगर शहर में किसी को आठ हजार तक कैश मिल सकता है तो देहात में एक हजार तक ही मिल सकता है । शहरों में ५००० तक का लैंड अलाट हो सकता है, पर छोटे शहर में दो हजार तक ही हो सकता है ।

इसके बाद जमीन का एलाटमेंट आता है । चाहे किसी की कितनी भी जमीन रही हो उसका देहातों में पहली दफा ३० एकड़ से ज्यादा नहीं मिल सकता और जो उसकी कीमत है वह भी साढ़े तेरह या चौदह हजार बनती है । क्या गुनाह किया था देहात वालों ने कि उनके लिये ऐसे रूल्स बनाये गये । इन रूल्स से देहात वालों के साथ बहुत बेइन्साफी होगी ।

साहबे सदर मैं देहाती मकानों के बारे में एक बात कहना चाहता हूं । अब कहा जाता है कि यह बड़ा मुश्किल है कि दोबारा क्लेम इनवाइट किये जायें । मैं कहता हूं कि आप क्लेम इनवाइट करें और जिसको जो मुआवजा मिला हुआ है उस की कीमत उस क्लेम में से ले लें । लेकिन अगर आप समझते हैं कि रिहैबिलिटेशन का यह मतलब है कि ज्यादा से ज्यादा आदमियों को इन्कार किया जाय, ज्यादा से ज्यादा आदमियों को न दिया जाय, ज्यादा से ज्यादा आदमियों के साथ बेइन्साफी की जाय तो मैं समझता हूं कि इस तरह से लोग बस नहीं सकेंगे । हो सकता है कि इस काम के लिये जो आपका पूल बना है वह खत्म हो जाय लेकिन अगर आप समझते हैं कि इस तरह से लोग बस जायेंगे तो यह आपका गलत खयाल है ।

3 P. M.

इसके आगे साहबे सदर मैं जानना चाहता हूं, क्योंकि जो अमेंडमेंटस हैं, उनकी बाबत मैं ज्यादा इसलिये नहीं कहना चाहता, क्योंकि जब अमेंडमेंट्स पर बहस होगी तो मैं उम्मीद करता हूं कि मुझे अपने खयालात रखने का मौक़ा दिया जायेगा । लेकिन एक बात मैं चाहता हूं कि आप एक एकड़ की कीमत ५० एकड़ तक तो ४५० रुपये रखते हैं । उसके बाद उसकी कीमत भी कम कर देते हैं और आप लेने के वक्त कोई स्केल लगा देते हैं और देने के वक्त कोई दूसरा स्केल लगा देते हैं ताकि उनकी कीमत और कम हो जाय और मैं समझता हूं कि देहाती मकानों की ग्रेडिंग शायद इसी वजह से रखी गई है ताकि उनको इन्साफ न मिल सके और हमने देखा कि इसके मुताबिक़ हमारे खन्ना साहब के अफ़सरान ने जिन लोगों के हज़ारों रुपये के क्लेम थे उनके क्लेम इसी ग्रेडिंग के मसले को ले कर रिजेक्ट कर दिये । जब उनको क्लेम का पेमेंट करने का सवाल आयेगा तो यह अफ़सरान कह देंगे कि आपको ५० हजार ए० ग्रेड का मकान मिल गया है इसलिये कम्पेन्सेशन नहीं दिया जायेगा और मैं समझता हूं कि मुझे अंदेशा है कि हम ग्रेडिंग की वजह से हमारे देहाती क्लेमेंटस के साथ बड़ी बेइन्साफी होगी । मेरी उनसे अर्ज़ है कि वे देहाती क्लेमेंट्स के साथ इंसाफ करें और उनको मुनासिब क़ीमत दें । हर देहात में पटवारी बैठा है, उसके ऊपर तहसीलदार मौजूद है और वह उसकी क़ीमत जांच करके बतला सकते हैं और मैं चाहूंगा कि अगर उसकी पांच की क़ीमत बैठती है, पांच हजार का वह मकान बैठता है, तो आप उसको पांच हजार दें, मैं यह भी नहीं चाहता कि आप देहातियों को ज्यादा क़ीमत दें, लेकिन जो वाजिब है और जो उसको मिलना चाहिये वह उनको जरूर दें । मैं यह जरूर चाहता हूं कि आप उनके साथ इंसाफ करें और इस तरह पेश आयें ताकि हर एक इंसान कह सके कि उनके साथ वाकई में इंसाफ़ हुआ है ।

हमारे सरदार हुकम सिंह ने कुछ बातें बहावलपुर के रेफ्यूजीज के बारे में कही हैं और वह गौर तलब हैं और सरकार को उन पर तवज्जह देनी चाहिये। मैं यहां पर एक बात जरूर आप से कहना चाहूंगा कि अगर सरकार के मिनिस्टर्स, सेक्रेटरीज और दूसरे आला अफसरान अपने कौल पर कायम न रहें और उस के मुताबिक काम न करें तो ऐसी सरकार की इज्जत लोगों के दिलों में नहीं रह सकती। मैं आप को बतलाना चाहता हूं कि बहावलपुर के रिफ्यूजीज अपनी मांग मनवाने के लिये भूख हड़ताल करते हैं और उन का सरकार के साथ एक फैसला होता है और पंजाब के डायरेक्टर जनरल यह कहते हैं कि भाई आप के क्लेमों का रेकार्ड अभी नहीं आया है, जब वह आ जायगा, उस वक्त हम दुबारा ऐलाट करेंगे और इंसाफ के साथ एलाट करेंगे। एक चिट्ठी सरदार त्रिलोक सिंह ने बहावलपुर के रिफ्यूजियों की भूखहड़ताल के खात्मे के बाद पंजाब के रिहैबिलिटेशन मिनिस्टर को लिखी जो इस प्रकार है :

> "Dear Sir,
> I forward here with a copy of terms with settlement in connection with Bhawalpore refugees approved by the hon Minister for Rehabilitation, East Punjab, on the 16th August, 1949".

उस फैसले की चौथी क्लाज यह कहती है :

> "after revenue records and other assessment papers have received from Bhawalpore and Sind, another attempt would be made to revalue the Bhawalpore and Sind land".

सरदार तिरलोकसिंह ने जो नोट इस फैसले के बाद अपनी सरकार को भेजा है उस रेकार्ड में यह चीज मौजूद है :

> "As holders of parennial land whose land valuation is not yet final, they feel great injustice has been done."

मैं उस इलाके का रहने वाला हूं और मैं जानता हूं कि जब उस इलाके की जमीन की कीमत उन को देने लगते हैं तो पांच आने डालते हैं और जो पुरानी जमीन है उन की कीमत क्या डाली गई है, उन की जमीन की कीमत दो पैसे डाली गई है, यानी दसवा हिस्सा रक्खा है। अब आप खुद सोच सकते हैं कि जिन की कीमत दस गुना कम हो, उन के साथ वह जमीन पक्की करना कहां तक उन के साथ इंसाफ होगा ? वह बेचारे अपनी फरियाद ले कर पंजाब गवर्नमेंट के पास जाते हैं, वह कहते हैं कि हम इस में कुछ नहीं कर सकते, सेन्ट्रल गवर्नमेंट ने हम से ताकत ले ली है, उन के पास जाओ और जब वह आप के पास एप्रोच करते हैं तो आप कहते हैं कि यह तो दफा १० की रू से काम हो रहा है, हम इस में कुछ नहीं कर सकते। मेरी गुजारिश यह है कि आप अगर चाहें तो इस नाइंसाफी को जरूर हटा सकते हैं। इस मामले में उन को जो आला अफसरान हैं, वह समझते हैं कि यह बेइंसाफी है, लेकिन उस को हटाने के लिये कोई इंतजाम नहीं किया जाता है।

Mr. Chairman: order, order. Has the hon. Member given notice of an amendment like that?

सरदार इकबाल सिंह : जी हां। गंगानगर में पबलिक मीटिंग में मिनिस्टर साहब जा कर एलान करते हैं कि जो पंजाब के क्लेमेन्ट्स हैं, वे अगर यहां की जमीन रखना चाहते हैं तो अपनी पंजाब की जमीन का एलाटमेंट कैंसिल करवा दें और जो ऐसा करेंगे उन को यहां पर जमीन दी जायगी और सेन्ट्रल गवर्नमेंट के आफिसर मि० प्रधान जो सटिलमेंट कमिश्नर हैं उन्हों ने ऐलान किया कि जो भाई अपनी पंजाब की जमीनों का ऐलाटमेंट कैंसिल करवा देंगे, उन के पास यहां पर जो जमीनें मिली हुई हैं, वे उन के पास

[सरदार इकबाल सिंह]

रहने दी जायेंगी, लेकिन क्या होता है, एक महीना हुआ यहां से हुक्म जाता है कि आप न जो जमीन ली है वह नाजायज ली है और साढ़े चार सौ रुपये की एक एकड़ के हिसाब से उन पंजाबियों से जमीन की कीमत मांगी जा रही है। मेरा कहना यह है कि आप उन को जहां भी बसायें, इंसाफ के साथ बसायें और इसका इंतजाम करें कि वह वहां पर गेनफुल एम्प्लायमेंट हासिल कर सकें। अगर आप इस तरह एक जगह से दूसरी जगह उन को उखाड़ते फिरियेगा तो आप उन की समस्या को हल नहीं कर पायेंगे और वह ठीक से बस नहीं पायेंगे और रोज इस तरह के झगड़े बखेड़े उठते रहेंगे।

साहबे सदर, आखिरी बात जो मैं कहना चाहता हूं वह मार्केट वैल्यू के बाबत है। आप ने शहरी सम्पत्ति और देहाती सम्पत्ति का इमत्याज रक्खा है और आप ने कहा है कि एक हजार की मालियत के ऊपर जो बाग होगा उस को हम नीलाम करेंगे लेकिन दस हजार की प्रापर्टी को हम नीलाम नहीं करेंगे, पांच हजार की मालियत वाली दुकानों को हम नीलाम नहीं करते लेकिन बाग के मामले में चाहे वह देहात में हो या शहर में, अगर वह एक हजार रुपये की मालियत से ऊपर है तो उस को नीलाम किया जायेगा, मेरा कहना यह है कि हजारों बाग वालों के क्लेम पड़े हुए हैं और इस तरह उन के बागात नीलाम कर के उन के साथ आप इंसाफ नहीं करेंगे।

कम्पेनसेशन पूल के बाबत मुझे यह कहना है कि वह बहुत नाकाफी है और सरकार को उस पूल में और अधिक रक़म डालनी चाहिये। इस के लिये सरकार को जो इवैकुई प्रापरटी है उस की तरफ़ ध्यान दना चाहिये और देखना चाहिये कि सरकार को उस की वाजिब क़ीमत मिलती है। देहातों में अक्सर देखा गया है कि अगर कोई मदरसा नहीं है और मदरसा खोलना है तो वहां पर जो मुसलमान भाई की छोड़ी हुई जायदाद पड़ी है उस में वह मदरसा खोल दिया जाता है, तो मेरा कहना यह है कि अगर आप इस तरह से इवैकुई पूल को कम करते चले जायेंगे तो आप रेफ्यूजीज के संग नाइंसाफ़ी करेंगे और उनकी कास्ट पर यह सब करेंगे जो कि मुनासिब और वाजिब नहीं होगा। इन अल्फाज के साथ मैं अपने मिनिस्टर साहब से इस्तेदुआ करूंगा कि वह रेफ्यूजीज़ मसले पर जो तवज्जह देनी चाहिये दें और जो खामियां और मेरे से पहले दोस्तों ने रूल्स में बतलाई हैं, उनको रफ़ा करने की मेहरबानी करें।

पुनर्वास मंत्री (श्री मेहर चन्द खन्ना) : क़रीब दो घंटे कल और चार घंटे आज इस मुअज्जिज एवान में उन क़वायद के मुताल्लिक जो कि हमने १६ अगस्त को हाउस में पेश किये थे, बहस होती रही। इस बहस में हाउस के हर एक मेम्बर ने चाहे वह कम्यूनिस्ट हो, सोशलिस्ट हो, हिन्दू महासभाई हो, या कांग्रेसी हो, हिस्सा लिया और यह एन खुशी का मुकाम है कि जो मसला आज इस एवान के सामने पेश है, यह सारे मुल्क के सामने मौजूद है, और उस मामले में किसी किस्म की एख्तलाफ़ राय नहीं है। हर एक ने यही कोशिश की और हर एक ने यही ज़ोर दिया कि जितनी भी जल्दी हो सके, रेफ्यूजीज को बसाया जाये और जितनी भी जल्दी हो सके उनको मुआविजा दिया जाये। इस के लिये मैं तमाम एवान को और खासतौर पर उन भाइयों और बहिनों को अपनी तरफ से और अपने साथी भोंसले जी की तरफ से और उन तमाम अफसरों की तरफ से जिन्होंने आज ७ बरस हुये एक दुखी प्राबलम को हल करने की लगातार कोशिश की, धन्यवाद देता हूं। मैंने उन अफसरों का काम बहुत नजदीक से देखा है और मैं समझता हूं कि उन्होंने कभी

कोई न दिन छोड़ा और न रात छोड़ी है और बड़ी आफिशानी से काम किया है। आप जानते ही हैं, साहबे सदर, कि जहां लाखों की तादाद में बहनें और भाई हों, जिनका सिर्फ एक ही क़सूर था और वह यह कि उन्होंने मुल्क की आज़ादी की खातिर कांग्रेस का झंडा उठाया और अपने आपको क़ुर्बान किया और अपना सब कुछ खोकर हिन्दुस्तान में आये अगर उनके दिलों में, यह कहा जाय कि उनके दिलों में कुछ दर्द है, थोड़ा-सा दुख है, फ़्स्टरेशन है, तो यह बेजा नहीं होगा। इस चीज़ को वही लोग महसूस कर सकते हैं जो कि अपने बाप दादा के घर को छोड़ने पर मजबूर हो गये और जिन एनवाइरनमेंट में वे पैदा हुये हों उन एनवायरमेंट्स से अगर उनको एक दम अपरूट होना पड़े तो आप जानते हैं कि कितनी उनको तकलीफ हो सकती है। तो अगर हम तमाम भाइयों की एक मिशनरी की हैसियत में खिदमत नहीं कर सके तो मैं आपसे यह कहूंगा कि बिल तो मौजूद है, हमारा इरादा है, हमारा दिल चाहता है मेरे अफ़सर जो कि मेरे बाजू हैं उनका भी दिल मेरी तरह का ही है और मैं समझता हूं कि इस मिनिस्टरी में काम करते करते जैस मैं शरणार्थी हूं तकरीबन वे भी शरणार्थी बन गये हैं। तो हर एक आदमी को तसल्ली दिलाना और थोड़े से थोड़े वक्त में तसल्ली दिलाना इतना आसान काम नहीं जितना कि कुछ लोग समझते हैं। तो मैं सिर्फ आपसे इतनी बिनती करूंगा कि आप हमारे क़सूरों की तरफ न देखें, आप हमारे इरादों की तरफ देखें। हमारा इरादा यह है कि जितनी जल्दी हो और जिस तरह से भी हो हम अपना काम पूरा करें।

अब जो सबसे पहली बात मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि भाई अचिंतराम जी ने और दूसरे भाइयों ने कुछ यह शकूक ज़ाहिर किये हैं और कहा है कि ऐसा नज़र आता है कि साहब रिहैबिलिटेशन के काम को गवर्नमेंट खत्म करना चाहती है और उसकी तरफ जो तवज्जह दी जा रही है वह बहुत ही कम है और यह जो मिनिस्टरी है यह रिहैबिलिटशन से कम्पेन्सेशन मिनिस्टरी बनती जा रही है। यह बात कुछ हद तक दुरुस्त भी है और कुछ हद तक दुरुस्त नहीं भी है। जहां तक रिहैबिलिटेशन का ताल्लुक है में ऐवान को और साहबेसदर आपकी विसादत से जो हमारे दुखी भाई हैं उनको यह तसल्ली दिलाना चाहता हूं कि रिहैबिलिटेशन का काम खत्म नहीं हुआ है। इस साल भी हमने मग़रबी पाकिस्तान से जिससे कि मैं खुद आया हूं जो शरणार्थी भाई आये हैं उनके रिहैबिलिटेशन के लिये १४ करोड़ रुपये से ज्यादा रुपया मुहैया किया और हमारी मिनिस्टरी ने आइंदा जो सैकिंड फाइव ईयर प्लान है उसमें जो भाई मशरकी बंगाल से आये हैं या आ रहे हैं, उनका सवाल तो अभी नहीं उठता, क्योंकि वह तो अभी हल ही होना शुरू हुआ है इसलिये मैं इस वक्त उसकी तरफ ज्यादा तवज्जह नहीं देना चाहता हूं लेकिन जहां तक मगरबी पाकिस्तान से जो शरणार्थी भाई आये हैं उनका जो सवाल है वह हमारे सामने है। इसके लिए इस साल भी रुपया मुहैया किया गया है और आइंदा जो पांच साला योजना बनाई जा रही है हमारी मिनिस्टरी ने उसमें शामिल करने के लिये कुछ एसटीमेट्स बनाकर प्लानिंग कमिशन के पास भेंजे हैं। मैं जानता हूं और आशा करता हूं कि आप मेरे साथ इत्तिफाक करेंगे कि किसी ग़रीब बच्चे की तालीम देना, किसी बच्चे को दस्तकारी सिखाना, अगर कोई मेरी माता बूढ़ी है, और किसी होम में रह रही है तो कभी उसको निकाला नहीं जाएगा, अगर कोई भाई बीमार है, तपेदिक या किसी और मर्ज़ का शिकार है, रिफ्यूजी आम तौर पर किसी न किसी मर्ज़ के शिकार बन भी जल्दी जाते हैं, तो इन सब का काम हम जल्दी से जल्दी खत्म करना चाहते हैं और जब तक हम इसको तसल्ली बख्श ढंग से खत्म नहीं कर पाते

[श्री मेहर चन्द खन्ना]

तो मैं आपको यक़ीन दिलाता हूं कि किसी को अपरूट नहीं किया जायेगा लेकिन यह बात जरूरी है कि जैसे जैसे रिहैबिलिटेशन का काम बढ़ेगा, जैसे जैसे कम्पेन्सेशन मिलता जायेगा, रिहैबिलिटेशन का जो खर्चा है वह जरूरी बात है कि कम होता जायेगा। लेकिन यह कहना कि आज रिहैबिलिटेशन के काम को खत्म किया जा रहा है यह मैं आपको तसल्ली दिलाना चाहता हूं कि यह दुरुस्त है।

पाकिस्तान के मुताल्लिक़ कुछ जिक्र आया। मैं खुद दो बरस हुये पाकिस्तान गया था और चन्द महीने हुये फिर पाकिस्तान गया था। जहां तक कि हमारी मूवेबल जायदाद का ताल्लुक़ है उसके बारे में हमारा एक समझौता पाकिस्तान के साथ हो चुका है। आया वह समझौता अच्छा है या बुरा है मैं उस बहस में पड़ना नहीं चाहता हूं। लेकिन किसी समझौते को पाएअमल में लाने के लिये महज एक समझौते का होना कागज पर तो बहुत अच्छा नजर आता है लेकिन जब तक उस समझौते को पाए तकमील तक न पहुंचाया जाये वह समझौता कुछ माने नहीं रखता। क्योंकि उस समझौते से हमारे लाखों भाइयों का जिन की गैर माकूला जायदाद वहां रह गई थी एक गहरा ताल्लुक है हम ने इस लिये एक कमेटी मुकर्रर की है जिस का नाम कि इम्प्लीमेंटेशन कमेटी है। हम कोशिश करेंगे और काफी जोर से कोशिश करेंगे कि उस समझौते को जहां तक हो सके जल्दी पाए तकमील तक पहुंचाया जाये। लेकिन जहां तक कम्पेंसेशन का ताल्लुक़ है उस समझौते का उस पर कोई असर नहीं पड़ता क्योंकि जो निकासी जायदाद हिन्दुस्तान में रह गई है वह तो सिर्फ १०० करोड़ की है और जो क्लेम हम ने कम्पेंसेशन एक्ट के मातहत मंगाये हैं, मैं देहाती जायदाद का जिक्र नहीं कर रहा उसकी भी एक बड़ी भारी कीमत है, और जो पाकिस्तान में जो शहरी जायदाद रह गई है उसकी ५०० करोड़ रुपया कीमत है। तो १०० करोड़ रुपये की निकासी जायदाद हिन्दुस्तान में है और ५०० करोड़ की रक़म पाकिस्तान के जिम्मे निकलती है। अब वह ४०० करोड़ रुपये का जो डिफ्रेंस है, जब तक हमें इस रुपये में से काफी रुपया पाकिस्तान से वसूल नहीं होता, हमारी जो तकलीफ़ हैं और जो दर्द मेरे दिल में पैदा होता है वह दूर नहीं हो सकता। तो हम ने पाकिस्तान से खतोकिताबत की, और जब पिछली दफ़ा मैं गया तो वहां के जो वज़ीर हैं उनसे बात हुई। कुछ हम ने शुरू में भी लिख दिया था कि जब आप के साथ इस मसले पर हमारा उसूली फैसला हो जाये तो यह जो बकाया रकम हम ने पाकिस्तान से लेनी है, पाकिस्तान की इक्तसादी हालत को देखते हुये, उसकी इकोनोमिक कैपेसटी को देखते हुये कि कितना रुपया पाकिस्तान से लिया जाये और किस तरह से लिया जाय इस बात का फैसला बाद अज़ां हो सकता है। मेरा इरादा है कि मैं बहुत जल्द पाकिस्तान के साथ इस मामले को फिर उठाऊं।

हमारे रेफ्यूजीज का जो हक है, जो प्रापर्टी वे वहां पर छोड़ कर आये हैं, उसका हम ने वैल्युएशन कराया और फिर उसके क्लेम्ज मंगाये। श्री चोयथराम और दूसरे कई भाई कहते हैं कि बहुत जुल्म किया गया है, गल्ती की गई है, बहुत से छोटे घरों पर डाका डाला गया है और क्लेम नामंजूर भी कर दिये और कम भी कर दिये गये इन सब के बावजूद भी मैं इस बात की कोशिश करूंगा कि पाकिस्तान के जिम्मे हमारा जो रुपया निकलता है—जो कि चार सौ करोड़ रुपये के क़रीब है—, उसका जितनी

जल्दी हो सके, कुछ न कुछ हल निकल सके ।

श्री गिडवानी : अभी आशा है क्या ? आशा हि परमं दुखम् ।

श्री मेहरचन्द खन्ना : इस ऐवान में तो मैं इस बात का कोई जवाब देना नहीं चाहता हूं । मैं सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूं कि यह मेरी सिर्फ आशा ही नहीं है, बल्कि मैं इस के लिये ज़ोर भी लगाऊंगा । अगर हमारी वहां कोई चीज़ रह गई है, तो मुझे इस बात की कोई वजह नज़र नहीं आती कि हम पाकिस्तान को अपना क्लेम दें और उसके मुताबिक़ अपना रुपया लें ।

श्री गिडवानी : मुबारक है ।

श्री मेहरचन्द खन्ना : आप मुबारिक दें या न दें, इन्सान का काम तो कोशिश करना है, उसके नतीजे के बारे में क्या कहा जा सकता है ? अगर यह एवान मेरा साथ दे—जो भाई मेरे सामने बैठे हैं, श्री चोयथ राम हैं, श्री हुक्म सिंह हैं, वे मेरा साथ दें—तो कोई वजह नज़र नहीं आती है कि जो ताकत उनकी तरफ़ से मेरे हाथ में आये, उससे मुझे कामयाबी हासिल न हो—और अगर मैं फिर भी फ़ेल होता हूं तो वह मेरी बदकिस्मती होगी ।

श्री गिडवानी : हम आपके साथ चलने के लिये तैयार हैं ।

श्री मेहर चन्द खन्ना : डेढ़ साल हुआ, नवम्बर, १९५३ में हम ने इन्टेरिम स्कीम को पहली दफ़ा शाया किया । उस स्कीम को चलाते हुये डेढ़ साल से ज्यादा हो चुका है । उस स्कीम के मातहत हम ने आज तक, यानी ३१ जुलाई, १९५५ तक, अठारह करोड़ से कुछ ज्यादा रुपया बतौर कम्पेन्सेशन दिया है, २,२८,००० एकड़ ज़मीन और कोई ३४,००,००० रुपय की मालियत के बागात भी हम ने बांटे हैं ।

श्री पी० एन० राजभोज : कहां कहां बांटे हैं ?

श्री मेहर चन्द खन्ना : ये जो क्लेम दिये गये हैं, वे तकरीबन ७५,००० आदमियों को आज तक मिल चुके हैं । मैं जानता हूं कि यह तादाद बहुत थोड़ी है, जब कि चार लाख के करीब भाई भूखे और तक़लीफ़ में हैं, उनमें से ७५,००० भाई बहिन ऐसे हैं, जिनको इन्टेरिम स्केल पर कम्पेन्सेशन मिला है । वह तादाद कुछ ज्यादा नहीं है यह बात मैं खुद तस्लीम करता हूं । मैं कहना यह चाहता हूं कि गुज़िश्ता साल के बारह महीनों में जितने भाई बहिनों को कम्पेन्सेशन मिला, मौजूदा साल के पहले छः महीनों में, यानी १ जनवरी से ले कर ३० जून तक, उनसे ज्यादा भाई बहिनों को कम्पेन्सेशन दिया है । हम इस बात की कोशिश कर रहे हैं कि हमारी अदायगी की जो रफ्तार है, वह और भी बढ़ाई जाये । यहां पर कहा गया है कि तुम आइन्दा क्या करोगे और कितने भाई बहिनों को कितनी जल्दी कम्पेन्सेशन दे सकोगे । मैं कहना चाहता हूं कि इसका इनहिसार कुछ खास बातों पर है, जिनका मैं आगे चलकर जिक्र करूंगा । हमारी जिस स्कीम को इस वक्त फाइनल कहा जाता है, अगर हम पाकिस्तान से कुछ रुपया लेने में कामयाब हो गये तो ज़रूरी बात है कि यह भी फाइनल नहीं रहेगी । वह रेफ्यूजीज़ की चीज़ है और उनके हाथ में चली जायगी । वह गवर्नमेंट के रेवेन्यूज़ में नहीं जायगी । उन हालात में जिस स्कीम को हम फाइनल कहते हैं, वह शायद फाइनल न रहे ।

मेरे खयाल के मुताबिक इस स्कीम में तीन बुनियादी चीजें हैं । तीन बेसिक बातें हैं, तीन फंडामेंटल्ज़ हैं, जिन पर कि हमने

[श्री मेहर चन्द खन्ना]
अपनी यह स्कीम बनाई है। सबसे पहली बात यह है कि रेफ्यूजी और रेफ्यूजी के दरमियान इन्साफ हो—अंग्रेज़ी में मैं अर्ज करूंगा कि:

"To meet out justice *inter se* amongst displaced pursons."

यह हमारा पहला बुनियादी उसूल है।

दूसरा उसूल यह है कि जो रेफ्यूजी हैं चाहे व क्लेमेंट हैं और चाहे नान-क्लेमेंट, जहां तक किसी जायदाद को खरीदने का सवाल है, चाहे वह जायदाद देहाती हो या शहरी हो, दुकान हो या मकान हो—उन दोनों को एक जैसी सहूलियतें होनी चाहियें।

आपकी इनफरमेशन के लिये मैं अंग्रेज़ी में कह देता हूं :

To accord equal treatment to claimants and non-claimants in matter of acquisition of allottable property and to see that least disruption is caused."

जो भाई बसे हुये हैं, उनको बजाय बसाने के उनको उजाड़ने का हमारा बिल्कुल खयाल नहीं है।

तीसरी बात, जिसको कि हमने अपने सामने रखा है, यह है कि जो छोटे क्लेमेंट्स हैं, उनको जितना भी मुमकिन हो सके, ज्यादा से ज्यादा दिया जाये, यानी

"To give due weightage to smaller claimants in the payment of compensation."

अब मैं पहले बुनियादी उसूल की तरफ आना चाहता हूं। बहुत अरसे से कम्पेन्सेशन की एप्लीकेशंज मांगी गई हैं। पहली बात जो कि हमने की है, यह है कि वे भाई जिनका कि राजभोज साहब जिक्र कर रहे थे—आज पहली दफा मेरी उनसे मुलाकात हुई है, उनके नाम में शायद कोई ग़लती हो गई हो...

श्री गिडवानी: राजभोज नहीं राजाभोज।

श्री मेहरचन्द खन्ना : शायद ग़लती हुई हमने तो सारी उम्र राजभोज ही समझा था। बाकी हम ग़रीब पठान लोग हैं, कुछ ज्यादा जानते नहीं हैं।

खैर, राजभोज साहब ने कहा कि यह बहुत जुल्म की बात है कि जो भाई दो तीन बरस हुए हिन्दुस्तान में आये, उनके क्लेम नहीं लिये जा रहे हैं। यह दुरुस्त है, मैं मानता हूं। हमने फैसला किया है कि जो भी भाई पाकिस्तान से ३१ जुलाई, १९५२ के बाद आये हैं—जो पहले आ चुके हैं, उनके क्लेम तो हम ले ही चुके हैं—हम उनके क्लेम लेंगे। इसके मुताल्लिक हम नोटिफिकेशन निकाल चुके हैं। यही नहीं यह देखने के लिये कि एक शरणार्थी और दूसरे शरणार्थी के दरमियान इन्साफ हो हमने यह भी फैसला किया है कि अगर ३१ जुलाई १९५२ से पहले भी कोई शरणार्थी हिन्दुस्तान में आ चुका था—चाहे वह कोई बेवा औरत थी, कोई अनपढ़ था कोई यतीम बच्चा था—और किन्हीं खास वजूहात से अपना क्लेम दाखिल न कर सका, हम उसको इस बात की इजाजत देने वाले हैं कि उसको मुकम्मिल अख्तियार है कि वह अपना क्लेम हमारे सामने पेश करे और हम उसकी छान-बीन करेंगे। अब यह कहना कि हमारे सबूत का मैयार क्या होना चाहिये, यह ज़रा मुश्किल बात है। इन्साफ होगा—इन्साफ का मैं यक़ीन दिला सकता हूं, लेकिन यह कहना कि कोई डाक्यूमेन्ट्रीप्रूफ न जाय, उसको मानना मेरे लिये ज़रा इतना आसान नहीं है। अगर यह पूल देशमुख साहब का होता और लेने वाला होता मेहर चन्द और साथ हो जाता कामत और वह बीस रुपया ज्यादा ले जाता तो मुझे कोई फिक्र न होती। उस हालत में गवर्नमेंट आफ इंडिया की जनरल रेवेन्यूज़ देने को होती, तो देने वाले को और लेने वाले को कोई ज्यादा

फिक्र न होती। लेकिन यह पूल तो है शरणार्थियों का रुपयों से उस शरणार्थी को देना है जिस का वाजिब क्लेम है और जो पाने का हकदार है। इसमें मैं यह जरूर देखूंगा कि रिफ्यूजी के दरम्यान इन्साफ हो लेकिन यह चीज कि मेहरचन्द का हिस्सा कामत ले जाय, यह तो मेरे लिये करना मुश्किल होगा।

लाला अंचितराम (हिसार) : आप कामत साहब को खास तौर से जानते हैं।

श्री मेहरचन्द खन्ना : पहली दफा जब मैं हिन्दुस्तान में आया था तो इस भाई ने मुझे दो बरस अपने घर में जगह दी थी। इसलिये मैं उसको जानता हूं।

श्री कामत : इससे उसका क्या वास्ता है।

श्री मेहरचन्द खन्ना : तो मेरे लिये यह जरूरी है कि मैं देखूं कि जिसको क्लेम मिलना है उसके साथ इन्साफ हो। मैं इस बात में ज्यादा नहीं पड़ूंगा कि टैकनिकैलिटीज को देखूं लेकिन प्रूफ तो मैं देखूंगा। अगर मुझसे यह कहा जाय कि जो फाइनेन्शल सेफगार्डस् हैं उनको खैरबाद कह दिया जाय तो यह मानना तो मेरे लिये मुश्किल होगा। लेकिन मैं कोशिश करूंगा कि इन्साफ हो और जिसका क्लेम है उसको मिल जाय।

मेरे मुअज्जिज दोस्तों ने कहा है कि साहब आपने बेजा वजूहात पर लोगों के क्लेम खारिज कर दिये। अगर यह चीज दुरुस्त है तो इसके बारे में सोचा जायेगा। मैं एक जिम्मेवार शख्स की हैसियत से इस उसूल को मानता हूं।

Shri Radha Raman: I suggest that the hon. Minister may be allowed to speak while sitting.

श्री मेहर चन्द खन्ना : मैं इस बात को मानता हूं कि एक शरणार्थी और दूसरे शरणार्थी के दरम्यान इन्साफ हो। मेरे खयाल में यह इन्साफ नहीं कि किसी का क्लेम बिला किसी खास वजूहात के खारिज कर दिया जाय। तो मैंने यह फैसला कर लिया है कि पांच कैटेगरीज के क्लेम्स पर हम दोबारा गौर करेंगे। यह नोटीफिकेशन अंग्रेजी में इश्यू हुआ है इसलिये मैं उन पांचों कैटेगरीज को आपके सामने पढ़े देता हूं। वे कैटेगरीज ये हैं :

1. Military personnel who on account of the exigencies of service could not pursue their claims;
2. Claimants residing outside India in whose case the prescribed procedure had not been followed;
3. Persons who remained outside India during the period covered by rule 18, and were thus unable to pursue their claims;
4. Where the claimant had died before the issue of notice;

और मेरा खयाल है कि पांचवीं कैटेगरी सबसे ज्यादा इम्पारटेंट है। वह यह है :

5. Where the claim filed shows that no notice had been given to the claimant or the notice given was inadequate.

तो इन पांचों हालात में हमने यह फैसला किया है कि इन अगर इन पांच कैटेगरीज में कोई क्लेम आता है और नाजायज तौर पर चाहे हमारी कमजोरी की वजह से या उस भाई की कमजोरी की वजह से खारिज हो गया है जिसने कि क्लेम दिया था, तो उस एक्सपार्टी केस को हम फिर रिवाइव करने के लिये तैयार हैं और उसका केस रिएक्जामिन करने के लिये तैयार हैं।

अब हमने दूसरा उसूल यह बनाया है कि क्लेमेंट और नान क्लेमेंट के बीच में कोई खास डिस्टेंक्शन न किया जाये। देहाती क्लेमों के बारे में जो कुछ कहना था सुबह भोंसले साहब ने कह दिया। लेकिन एक चीज मैं आपके सामने रखना चाहता हूं। कुछ यह आम खयाल पैदा हुआ है कि हमने लोगों के क्लेम, खास कर

[श्री मेहर चन्द खन्ना]

देहातियों के क्लेम बगैर सोचे समझे, बगैर किसी कसौटी के रद्द कर दिये । मैं इस वक्त जनरल डिटेल्स में नहीं जाना चाहता । अमेंड-मेंटस के दौरान में उन चीजों को साफ कर दिया जायेगा । मैं इस बारे में सिर्फ एक जनरल स्टेटमेंट करना चाहता हूं । जिन भाइयों के सब्सटेंशियल क्लेम कहे जाते हैं और जिसके लिये कृष्ण नायर साहब ने बड़े ज़ोर से और बड़े तपाक से तकरीर की है, उन भाइयों की जिनकी कोई ज़मीन नहीं थी लेकिन जिनके छोटे और बड़े मकान थे, उनकी तादाद एक लाख ५० हज़ार के क़रीब है । उन्होंने क्लेम फाइल किये हैं । हमारे पास जो चार लाख या तीन लाख ६० हजार क्लेम हैं, जिनको कम्पेन्सेशन देने के लिये यह रूल्स बनाये हैं और चाहते हैं कि आपकी वसातत से कल तक पास हो जायें, उनमें ऐसे क्लेम की तादाद एक लाख ५० हज़ार है । उनके क्लेम एक सौ करोड़ से ज्यादा के हैं । जो हमारे पास ५०० करोड़ से वैरीफाइड क्लेम हैं उनमें से एक सौ करोड़ के यह सब्सटेंशियल और छोटे मकानात के क्लेम हैं । और आज हमनें यह एलान किया है कि उनको शहरियों की तरह पूरा रुपया मिलेगा आप खुद ही अन्दाज़ा लगा लें कि उसका सही मानों में क्या असर है । आप कह सकते हैं कि तुमने पहले क्यों कम रखा था । मैं अब भी कहता हूं कि हम उसकी वजूहात दे सकते हैं । हम उसको डिफेंड कर सकते हैं । लेकिन चूंकि यह आम तौर पर कहा गया है कि जब आपने जमीन, ईंट और चूने की कीमत लगा ली तो फिर आपको कोई हक नहीं है कि आप उससे कहें कि देहात में तो उसकी कीमत आठ आना है और शहर में एक रुपया है । जिस तरह से एक मकान देहात में बिकता है और जिस तरह से शहर में बिकता है उन दोनों में मारकीट-बिलिटी का फ़र्क़ है । लकिन मैं अब उस चीज़ को एवान के सामनें डिफेंड नहीं करना चाहता इसलिये कि मेरे भाई ने आज यह एलान किया है कि जहां तक उन भाइयों का ताल्लुक है जिनके देहाती क्लेम हैं और जिनके क्लेम एक सौ करोड़ के हैं, चाहे वह शहर में मकान रखते हों या देहात में उनको वही सहूलियत होगी और उनको उतना ही पैसा मिलेगा जितना कि किसी शहरी को मिल सकता है ।

दूसरी चीज़ जो हमने की है वह उस गरीब क्लेमेंट के मुताल्लिक है जिसकी तादाद ८० हज़ार कही जाये, या एक लाख कही जाय, या कुछ हो, लेकिन उसकी काफी तादाद है । वे भाई कौन हैं ? जब पांच बरस हुये हमने पंजाब में लेंड एलाट की तो हमारा यह कानुन था कि जो जमीन मिलगी उसके साथ उसको देहाती मकान भी मिलेगा । अगर वह जमीन से इन्कार करता है तो देहाती मकान भी साथ जाता है । उसकी वजह साफ हैं । देहात में जो मकान हैं व एपरटिनेंट हैं । चाहे ज़मींदार का कोठा कहिये और चाहे ज़मींदार का मकान कहिये, उसकी हैसियत तो ज़मीन के साथ ही में है । कुछ भाई ऐसे थे जिनको कि तादाद कही जाती है कि एक लाख के क़रीब है, उन्होंने इस ख्याल से कि एक या दो एकड़ ज़मीन है, लेने से इन्कार कर दिया । लेकिन एक चीज़ नहीं भूलनी चाहिये कि जिसको एक दो एकड़ ज़मीन मिली है, उस की पाकिस्तान में ढाई एकड़ से ज्यादा ज़मीन नहीं थी । हमने जो कट लगाया है, वह सिर्फ २५ परसेंट है जिसका मतलब यह हुआ कि जिसको ६ या ७ एकड़ ज़मीन हिन्दुस्तान में मिली है, उसके पास पाकिस्तान में दस एकड़ से ज्यादा ज़मीन नहीं थी । तो अगर उसकी एक या दो एकड़ ज़मीन थी और उसने नेने से इंकार कर दिया इस वजह

है कि शायद बेचारे को जमीन तो मिली फीरोजपुर में और गुजिश्ता दो, चार वर्ष में उसने बम्बई में कारोबर शुरू कर दिया हो या देहली में आ गया हो और यहां उसकी रोटियों का सहारा हो जाये और इस वास्ते उसने वहां की जमीन के एलाटमेंट को कैंसिल करवा दिया हो। लेकिन आज हमारे सामने यह चीज आई और बड़ा जोर दिया गया कि वे बड़े ग़रीब भाई हैं दुखी भाई हैं जिनके पास एक एक एकड़ या दो दो एकड़ जमीन थी, आपको कम से कम इनका तो ख्याल करना चाहिये। उनके लिये हमने यह फैसला किया है कि उनको उस स्टैंडर्ड एकड़ की क़ीमत के मुताबिक जो किसी और के लिये हम मुक़र्रर करते हैं, उसके मुताबिक़ हम उनको एक्स ग्रेशिया ग्रान्ट देंगे। अगर उसने कोई और जमीन हमसे ले ली है और उसका और किसी मकान के लिये हमारे पास क्लेम है, तब तो कोई सवाल ही पैदा नहीं होता क्योंकि जो हार्ड केसेज हैं हम उनको चाहे वह ६० हजार बनता है और चाहे ७० हजार बनता है, गवर्नमेंट ने फैसला किया है कि हम उनको एक्स ग्रेशिया ग्रान्ट देंगे।

अब मैं उस चीज की तरफ़ आता हूं जिसके बारे में बहुत दिनों से चर्चा हो रही है। हमारे रेफ्यूजी भाई जिनकी कि जिन्दगी के साथ मेरी मिनिस्ट्री का ताल्लुक़ है, जाहिर है कि अगर रेफ्यूजीज खत्म होते हैं तो यह मिनिस्ट्री भी खत्म होती है और अगर रेफ्यूजीज बसते हैं तो इस मिनिस्ट्री का भी नाम होता है। आज जो यह सारा वावैला हो रहा है वह इस कारण है कि उनको तकलीफ़ हो रही है और मैं जनाब सदर, आपकी वसातत से उसके बारे में गवर्नमेंट की पोजीशन साफ़ कर देना चाहता हूं ताकि भाइयों को मालूम हो जाये कि वाक़ई हक़ीक़त क्या है। एक तरफ़ तो हमारे क्लमेंट्स हैं जिनको कि क्लम लेना है और दूसरे हमारे वे भाई हैं जो कि नान क्लमेंट्स हैं जिनकी कि पाकिस्तान में कोई जायदाद नहीं है और जो कि सारी उम्र पाकिस्तान में किरायेदार होकर रहे। वे हिन्दुस्तान में आये और यहां आकर या तो मुसलमानों द्वारा छोड़ी गई निकासी जायदाद में बसे या गवर्नमेंट ने जो जायदाद बनायी, उसमें उनको बसाया गया। अब हमारे पास जो एदादोशुमार हैं, उसके अनुसार इवैकुई प्रापरटी में जो मकान हमारे पास हैं उनकी तादाद २ लाख और ५० हजार है और उनमें से जो ५ हजार और ५ हजार से नीचे कीं मालियत के मकान हैं उनकी तादाद २ लाख है। तो इस तरह आप देखेंगे कि कुल २ लाख ५० हजार हमारे पास निकासी मकानात हैं जिनमें से कि २ लाख ऐसे मकानात हैं जिनकी कि क़ीमत या मालियत ५ हजार रुपये से कम की है। इसी तरह गवर्नमेंट न जो यहां पर मकानात बनाये हैं, उनकी तादाद तकरीबन डेढ़ लाख है और उनमें से क़रीब एक लाख मकान से भी ज्यादा मकान एसे हैं जिनकी कि क़ीमत ५ हजार से कम है। मतलब यह हुआ कि इन चार लाख मकानों में से क़रीब तीन लाख मकान एसे हैं जिनकी कि क़ीमत ५ हजार से कम है। इस तरह आप देखेंगे कि यह क़रीब ८० परसेंट बन जाता है। जो भी हमारे भाई हैं जिनका कि क्लेम चाहे पाकिस्तान में था या नहीं, हमने यह फैसला किया कि हम क्लेमेंट्स और नान-क्लेमेंट्स में किसी किस्म का डिस्टिंक्शन नहीं करेंगे और हम उसको इजाजत देंगे कि वह उस मकान में बैठा रहे और जो हमारी क़ीमत है उसके मुताबिक अगर वह खरीदना चाहे ती खरीद सकता है, हमें उसमें कोई एतराज नहीं होगा।

मैं क़ीमत के मुताल्लिक सिर्फ दो जुमले कहना चाहता हूं क्योंकि मुमकिन है कि इसके

[श्री मेहर चन्द खन्ना]

मुताल्लिक कोई आगे चलकर अमेंडमेंट आये ज़ाहिर है कि अगर मेरे मकान इतने ही बाकारा होते और उनकी मार्केट वैल्यू इतनी खराब होती तो आज इतना वावेला न मचाया जाता। कहा जाता है कि साहब क़रीब १०० परसेंट या २०० परसेंट उनकी क़ीमतें ज्यादा कर दी गई हैं और यह इस वजह से हुआ है कि उसमें पी० डबलू० डी० वाले खा गये और कुछ हमारे अहलकार लोग खा गये और कुछ में खा गया।

लाला अचिंतराम : आपके खाने की तो कोई बात नहीं कहता।

श्री मेहर चन्द खन्ना : मैं इसके लिये आपका मशकूर हूं। लेकिन क्या करूं, आखिर को मैं मिनिस्टर हूं और मेरे डिपार्टमेंट में अगर कोई करप्शन होता है तो चाहे वह पर्सनल हो चाहे इम्पर्सनल हो, उसकी जिम्मेदारी मेरे ऊपर आती है, और मैं उससे सुबकदोश नहीं हो सकत ....

Lala Achint Ram: Do not make a wrong statement.

श्री मेहर चन्द खन्ना : इस वावेले से ज़ाहिर है कि देहली में जो हमारा माल है वह अच्छा है। कुछ माल हमारा अच्छा है तो कुछ बुरा भी है। मैं जानता हूं कि कोल्हापुर में क्या हालत है, वहां हमारे मकान खाली पड़े हुये हैं, ज़ाहिर है कि हमारा माल अच्छा नहीं होगा तभी तो उनको कोई लेने वाला नहीं है। और मैं जानता हूं कि वहां वह किस क़ीमत पर बिकेंगे। लेकिन देहली में यह जो हमारी बहन सुचेता कृपलानी जी और हमारे राधा रमण साहब बड़े ज़ोर से तक़रीरें कर रहे हैं, उससे साबित हो जाता है कि यहां का हमारा माल अच्छा है और उसकी डिमांड बहुत है। हमारे नासिक के श्री जी० एच० देशपांडे साहब की तक़रीर की और रेफ्यूजीज के लिये काफी हमदर्दी दिखलायी और मैंने उसके लिये आज उनको मुबारकबाद भी दी। अब नासिक में हमारे मकानों की जो हालत है, मैं उसे जानता हूं। हमारे भाई कहते हैं कि वहां लोग उतना किराया नहीं दे सकते हैं, किराया कम किया जाय। नासिक से कोई साहब शोर नहीं मचा रहे कि ५ हज़ार हो या दस हज़ार हो, कोल्हापुर से कोई शोर नहीं, अहमदाबाद से कोई शोर नहीं, शोर है बहन सुचेता कृपालानी की तरफ़ से और राधा रमण साहब की तरफ़ से....

श्री पी० एन० राजभोज : करोलबाग और गांधी नगर की क्या हालत है ?

श्री मेहर चन्द खन्ना : शोर तो हमारी बहन सुचेता कृपालानी और दूसरे दिल्ली के एम० पीज की तरफ़ से है और अब मेरे लिये तो एक मुसीबत पड़ गई है और वह यह है कि जब तक मैं ऊपर के एवान का मेम्बर नहीं था तब तक मैं खुश था लेकिन अब मेम्बर हो जाने की वजह से सारी देहली स्टेट का नुमायन्दा हूं, मैं तमाम देहली स्टेट का एक वाहिद नुमायन्दा हूं और अब मुझे डर लगता है कि अगर कहीं देहली के एम० पीज़ नाराज़ हो गये, सुचेता बहन नाराज़ हो गयीं और हमारे राधा रमण साहब नाराज़ हो गये तो फिर मैं कहां रहूंगा क्योंकि मेरा भी तो एक क़िस्म का रिहैबिलीटशन होना चाहिये और मुझ भी दिल्ली के भाइयों से बहुत डर लगता है। लेकिन असली बात यह है कि जैसा कि कल श्री नन्द लाल शर्मा न बड़ ज़ोर से कहा कि जवाहर लाल जी ने कहा है कि ८० फीसदी रेफ्यूजीज़ बस गये हैं, उसके लिये मेरा कहना यह है कि चिट्ठी अंग्रेज़ी में थी, मैं समझता हूं उन्होंने उसको पढ़ा नहीं होगा, क्योंकि अगर उन्होंने उसको पढ़ा होता तो वह शायद यह जुमला इस्तमाल नहीं करते।।

हम एक ही शहर के हैं, एक ही इलाके के हैं, एक ही सूबे के हैं। लेकिन उन्होंने जो कहा वह मेरे भाई शर्मा जी नहीं समझे। अगर वह मेरे पास आते तो मैं उनको बतला देता और समझा देता। जवाहरलाल जी ने जो चिट्ठी लिखी है उसका मतलब यह है कि ८० फीसदी के क़रीब मकान ५ हजार की कीमत के हैं अगर वे लोग मकान लेना चाहें तो ले सकते हैं। लेकिन अगर आप यह चाहते हैं कि और बड़ी कीमत वाले मकान जो कि बिकने को हैं वह भी लोगों को दे दिये जायें तो वह रिफ्यूजी पापुलेशन जिसने क्लेम लेना है उसका क्या बनेगा। खैर इस बात को जाने दीजिये और और मैं इसमें बहुत ज्यादा जाना नहीं चाहता।

एक चीज को मैं जरुर क्लैरिफाई करना चाहता हूं और वह यह है कि हमने ५,००० के मकानों के लिये एक एक तरीका बनाया था कि चाहे २० परसेंट या २५ परसेंट या १३ परसेंट हो वह वैसे ही लागू होगा जैसे ही किसी नानक्लेमेंट पर अभी हमारी स्कीम के मातहत, साहबेसदर जो क्लेम लेने वाला है उसको एक नाम क्लेमेंट की निसबत नुक्सान है और वह मैं बतलाऊंगा कि कैसे। वह यह है कि नान-क्लेमेंट आज आपके मकान खरीदेंगे पांच हज़ार के तो वे चाहे हज़ार रुपया आज दे दें और या १२०० रुपया दे दें और बकाया जो रुपया होगा ३७५० वह चार सालों में देंगे। जो क्लेमेंट हैं उसके चाहे पब्लिक ड्यूज हैं चाहे उसका सूद है चाहे उसका लोन है, जितना भी उसका क्लेम है हमारे रूल्ज़ के मातहत हम उससे पैसा काट लेंगे और मुमकिन है कि उस बेचारे को पांच हज़ार और देना पड़ जाये। अगर ४००० लेना है तो चार ४००० काट लेंगे। नान-क्लेमेंट्स को एक फायदा यह है कि वह बकाया रुपया जो है वह चार बरस में अदा करे। खैर हमने यह चीज इसलिये नहीं की है कि हम किसी की रियायत करना चाहते हैं। हम तो वह चाहते हैं कि लीस्ट डिसरपशन हो।

रही बात जैन साहब की कि उन्होंने कुछ कमिटमेंट्स दिये हैं किये हैं, तो मैं गवर्नमेंट की तरफ से ऐलान करता हूं कि मेरे प्रडिसैसर के जो भी कमिटमेंट्स हैं उनको हम सेंट परसेंट पूरा करेंगे। वह कहा गया कि उन्होंने कहा था कि हम जितना कम डिसरपशन होगा करेंगे और हम यह नहीं चाहते कि हम किसी आदमी को उजाड़ें। अब आप अंदाजा लगाइये कि जिन तीन लाख मकानों का मैं ने जिक्र किया है जिनकी कीमत ५,००० रुपये तक फी मकान है। अगर आपके इसकी एवरेज कीमत २,००० रुपया फी मकान लें, निकासी मकान भी हैं, आपके बनाये हुये भी हैं, तो अगर तीन लाख की दो हज़ार से ज़रब दिया जाये तो ६० करोड़ रुपये की जायदाद बन जाती है। अब तीन लाख मकान जिन को कि हम एलाट कर रहे हैं कि आज आप २० या २५ पर सेंट दीजिये और बकाया चार बरस में दीजिये उसकी कीमत ६० करोड़ रुपया है। इसी तरह से अगर आप लें कि ५,००० रुपये के नीचे की दुकानें कितनी हैं तो २०,००० के क़रीब तो इवैक्वी हैं और १५,००० के क़रीब वे हैं जो गवर्नमेंट बिल्ट हैं। अगर इन ३५,००० को भी २,००० से ज़रब दें तो सात करोड़ रुपया और बन जाता है। यह ६७ करोड़ रुपया हो जाता है। अब ६७ करोड़ रुपये में से सुचेता बहन ने भी कहा था, औरों ने भी कहा और जो आरगुमेंट उन्होंने पेश की मुझे अफसोस से कहना पड़ता है कि वह उनके ही खिलाफ़ जायेगी। मैं अर्ज कर रहा हूं कि आप ने यह फरमाया कि यह लोग जो बैठे हुये हैं वह नान-क्लेमेंट्स ज्यादा हैं और मैं भी कहता हूं कि मेरी भी मुसीबत यही है कि नान-क्लेमेंट्स ज्यादा हैं। अगर आज इन तीन लाख मकानों में

[श्री मेहर चन्द खन्ना]

तीन लाख क्लेमेंट्स बैठे होते तो ६० करोड़ की एडजेस्टमेंट हम उनके ज़िम्मे कर देते और तीन लाख को क्लेम मिल जाते, गिड-वानी साहब भी मेरा शुकरिया अदा करते और पार्टी भी दे देते ,मैं खुश हो जाता और वह भी खुश हो जाते। लेकिन होता क्या है। इन तीन लाख मकानों में से दो लाख हमारे उन भाइयों के पास हैं जो कि नान-क्लेमेंट्स हैं। तो साहब मैं ने तो २० करोड़ रुपया एडजस्ट कर दिया और ४० करोड़ रुपया मेरा बक़ाया रह गया। जो पूल आपका डेढ़ सौ करोड़ रुपये का है उसमें से ४० करोड़ की जायदाद हम ने उन रिफ्यूजीज को दे दी और उनसे कहा कि आप पांच बरस में पे कीजिये। ये वह शख्स हैं जो कि पाकिस्तान में मालिक नहीं थे लेकिन हिन्द सरकार ने चाहा कि उनको आज मालिक बना दिया जाये। अब आप आगे चलिये। वह जायदाद जो कि ५,००० और १०,००० के दर्म्यान है और जिस की रेशो अब पांच की नहीं है लेकिन पांच और दस के दर्म्यान की है उसमें से जहां तक इवैक्वी प्रापर्टी का ताल्लुक़ है हमारे हिसाब के मुताबिक २७,००० मकान हैं। अब इसका एवरेज़ लगाइये। इसका चाहे आप ७,००० के हिसाब से एवरेज निकालिये चाहे साढ़े सात हज़ार के हिसाब से एवरेज निकालिये जो कि ढाई गुना हो जाता है। पांच का एव-रेज दो हुआ या ढाई और जब सात पर पहुंचे तो उसका तीन गुना या साढ़े तीन गुना होगा। २७,००० को अगर आप ७,००० से जरब देंगे तो १९ करोड़ रुपया बन जाता है और जो गवर्नमेंट बिल्ट मकान हैं वह १५,००० हैं और अगर आप उनको भी ७,००० से जरब देंगें तो १० करोड़ रुपया और बन जायगा, यानी ३० करोड़ रुपये की जायदाद और बन जायेगी। अब इन १५,००० में से कोई ९,३०० दिल्ली में वाकया हैं। जहां तमाम हिन्दुस्तान में हमारे पांच और दस हज़ार के दर्म्यान की मिलकियत के मकान ६,००० के करीब हैं वहां दिल्ली में उनकी तादाद ९,००० से ज्यादा है। इस ३० करोड़ रुपये की जायदाद में से अगर २/३ नान-क्लेमेंट्स ले लें तो २० करोड़ रुपया और बन जाता है। अब इसी तरह से दुकानों की बात ले लीजिये। तो तीन हज़ार दुकानें तो एसी हैं जो कि इवैक्वी हैं और पांच हजार ऐसी हैं जो कि गवर्नमेंट बिल्ट हैं। अगर इन की कीमत भी लगा ली जाय तो पांच करोड़ की जायदाद और बन जाती है। तो साहबेसदर, कम्पेंसेशन की स्कीम को तो जरूर चलाना है और यह भी देखना है कि डिसरपशन जितना कम से कम हो सके उतना ही कम हो। अब इन्साफ की बात तो यह थी कि पांच हजार की लिमिट रखते तो ८० फीसदी आदमी बैठे रहते और वे मालिक बन जाते, लेकिन मांग इतनी ज़बरदस्त है और मेरे घर पर भी मेरे भाई आते हैं, उनको मैं सात आठ बरस से जानता भी हूं, उनको बसाया भी है उनको बाज़ार से उठाया भी है। जब दिन में भी रोशनी दिखाई जाती है ती इनसान को सोचना पड़ता है कि कुछ ग़लती जरूर हो गई है। रात को तो रोशनी जरूर दिखानी पड़ती है क्योंकि बूढ़ा हूं, बीमार हूं लेकिन जब दिन को रोशनी दिखाई जाये तो इनसान को सोचना पड़ता है कि भाई इसमें जरूर कोई न कोई ग़लती हो गई है। तो जनाबेसदर सिर्फ एक ही ग़लती हुई है और वह यह कि पांच और दस हज़ार के मकान दिल्ली में बनवाये और बड़ी बड़ी मार्किट्स बनवाई जिनका कि नाम खान मार्किट है, गफ्फार मार्किट है, कमला मार्किट और कोई कसूर नहीं किया मेरी मिनिस्टरी ने। अगर कोई कसूर किया है

इस मिनिस्ट्री ने तो उस के लिये अगर कोई जिम्मेवार है और सब से ज्यादा अगर कोई कसूरवार है तो वह है वह आदमी जो कि पहले एडवाइज़र था और आज मंत्री है जिस को कि चिराग दिखाया जाता है क्योंकि उसने उस वक्त रोशनी नहीं देखी । अगर वह उस वक्त रोशनी देख लेता तो शायद यह गलती न करता । लेकिन जब हमारा उसूल यह है और हम चाहते यह हैं क कोई भाई न उजड़े और हमेशा ही यही कोशिश रहती है कि सब बैठे रहें जो आप की प्रापर्टी लाक-अप हो रही है वह कम से कम डेढ़ सौ करोड़ में से इस वक्त एक सौ करोड़ से ज्यादा की ही है बल्कि ११० करोड़ रुपये की ही प्रापर्टी लाक-अप हो रही है । और ये जो आदमी पांच हजार से दस हज़ार की कैटेगरी में आते हैं दुकानें शामिल करके, वे सिर्फ १२ या १३ परसेंट हैं । ८० परसेंट तो पहले ही हैं और अगर हम यह लिमिट मुकर्रर करते हैं, तो १३ परसेंट और मिला कर ९३ परसेंट हमारी प्रापर्टी इम्मोबलाइज़ हो जाती है । हमारे श्री दीवान चन्द शर्मा साहब ने इसी बात पर इक्तफ़ा नहीं की, बल्कि उन्होंने कह दिया कि जहां जहां कोई रेफ्यूजी बैठा है, उसको वहां से हटाया न जाये । बात अच्छी है और पते की है और कोई बात इससे अच्छी नहीं हो सकती है, लेकिन करूं क्या ? प्रापर्टी ऐसी भी हैं, जो एक लाख, दो लाख, चार लाख तक की हैं—बड़ी बड़ी मालियत की है । उनकी कीमत लगाने वाला भी मैं खुद या मेरे अफसर और एलाट करने वाला भी मैं या मेरे अफसर । मैं खुद अपनी कमज़ोरियों से डरता हूं । और फिर यहां पर इंजीनियर्ज़ के मुताल्लिक़ बड़े जोर से कहा गया कि उनमें ईमानदार कितने हैं । इन हालात में इस एवान के मेम्बर साहबान की इस ख्वाहिश को मद्दे-नज़र रख कर कि दस हज़ार की दुकानें और मकान आक्शन न किये जायें, मैं गवर्नमेंट की तरफ़ से यह एलान करता हूं कि हम इन दुकानों और मकानों का आक्शन नहीं करेंगे । हम हाउस की इस ख्वाहिश को स्वीकार करते हैं । जहां तक पांच हज़ार के मकानों का ताल्लुक़ है, उनके मुताल्लिक़ तो हम ने पहले ही फैसला किया हुआ है कि हम एक किश्त आज लेंगे बाकी बाद-अज़ां । लेकिन जो बड़े मकान हैं, उनके मुताल्लिक़ हम न यह फैसला किया है कि चाहे वे मकान हों या दुकान, एक तिहाई हम इस वक्त लें लेंगे और दो तिहाई इन्स्टालमेंट्स में वसूल कर लेंगे। पहले ख्याल तो यह था कि अगर हम ने अलिफ़ से लेकर ये को कम्पेन्सेशन देना है और अगर एक आदमी दस हज़ार की दुकान या मकान लेना चाहता है, तो कोई वजह नज़र नहीं आती कि वह उसका रुपया एक दम क्यों न अदा करे, लेकिन यह समझते हुये कि इस तरह रेफ्यूजी के ऊपर बोझ पड़ जायेगा हम ने यह मुनासिब समझा साहिब सदर, कि हम उससे एक तिहाई क़ीमत, जो हमारी रिज़र्व प्राइस होगी लेंगे और जो बकाया है, वह उससे बाद-अज़ां वसूल की जायगी । यह इस लिये किया गया है कि रेफ्यूजी बेचारा उस दुकान में रह कर कारोबार कर सके ।

4 P. M.

तीसरा सवाल हमारे सामने बहुत बेसिक है । मैं न कहा है कि गवर्नमेंट यह चाहती है, उसकी यह ख्वाहिश है, उसने यह फैसला किया हुआ है कि जो छोटे क्लेमेंट्स हैं, उनको ज्यादा मिले । आज मैं पूजनीय टंडन जी की तकरीर सुन रहा था, तो सोच रहा था कि यह मिनिस्ट्री कितनी खुशकिस्मत है एक लिहाज़ से और कितनी बदकिस्मत है दूसरे लिहाज़ से कि आज टंडन जी उन लोगों की खातिर अपील कर रहे

[श्री मेहर चन्द खन्ना]

व, जो बेचारे बहुत दुखी हैं, कि अगर कुछ हो सकता है कि तो वह उनके लिये किया जाय । मैं उनके अलफ़ाज की बहुत क़द्र करता हूं, लेकिन एक बात मैं उन के सामने चाहता हूं ताकि उनको असली फैक्ट्स मालूम हो जायें और वह बात यह है कि हम ने स्माल क्लेमेंट्स के लिये क्या किया है आज तक । साहिब सदर, यह जो पूल है, वह १०० करोड़ रुपये का है और गवर्नमेंट का जो कन्ट्रीब्यूशन है, वह ८५ करोड़ है । अगर हम ५०० करोड़ की वह जायदाद लें, जो हम पाकिस्तान में छोड़ कर आये हैं और १०० करोड़ रुपय का इवैकुई पूल लें, तो २० परसेंट बन जाता है प्रो-रैटा, जो हर रेफ्यूजी लेने का हकदार है । पंजाब और पैप्सू की मिसाल देना बफ़ायदा है और किसी हद तक वह दुरुस्त भी नहीं है । पंजाब और पैप्सू में हमारे पास ६० फीसदी के क़रीब जमीन थी । गवर्नमेंट ने पंजाब या पैप्सू की स्कीम में कोई कान्ट्रीब्यूशन आज तक नहीं दिया है । हमारे पास जो जमीन हिन्दुस्तान में रह गई है एवज उससे कि जो हम पाकिस्तान में छोड़ आये हैं ६० परसेंट एसेट्स हमारे पास ऐवेलेबल थे । उस ६० परसेंट को हम ज्यादा से ज्यादा ७५ परसेंट तक ले गये हैं । जहां एक भाई जो कि छोटे क्लेम वाला और गरीब था ६० फी सदी का हकदार था वहां हमने १५ फी सदी और दिया और नीचे आते आते हम ने कट लगाया, लकिन जहां तक अर्बन प्रापर्टी का ताल्लुक़ है, उसमें आप के पास १०० करोड़ रुपया है और ५००का आपका क्लेम है । गवर्नमेंट ब यह फैसला किया—और इस फैसले में इस मिनिस्ट्री का एक बहुत बड़ा हाथ है—कि गवर्नमेंट का जो कन्ट्रीब्यूशन है, वह अमीर की तरफ़ नहीं जायेगा, वह हम गरीब को देंगे, जो कि छोटा है, बेकस है । अगर आप कम्पेन्सेशन रूल्ज की तरफ़ नजर दौड़ायें, तो आप को यह जाहिर होगा कि जहां तक रीहैबिलिटेशन ग्रान्ट का ताल्लुक़ है, वह ४५,००० के बाद खत्म हो जाती है । अगर किसी आदमी का क्लेम या उसकी जायदाद पाकिस्तान में सिर्फ ५०० रुपये थी, तो वह हिन्दुस्तान में १०० रुपया प्रो-रैटा लेने का हकदार था । हम ने क्या किया ? हम ने उस १०० रुपये में से २३३ रुपये और मिलाये और उसको ३३३ रुपये कर दिया । जहां आप यह देखते हैं कि उसको ५०० के बजाये ३३३ रुपये मिले, वहां आपको यह भी ग़ौर करना होगा कि वह लेने का हकदार सिर्फ १०० रुपये का था और २३३ रुपये का जो कान्ट्रीब्यूशन हुआ है, वह गवर्नमेंट की तरफ़ से हुआ है । हम एक कदम और आगे बढ़े हैं । जहां हर एक रेफ्यूजी २० परसेंट लेने का हकदार था......

श्री पी० एन० राजभोज : हक़दार नहीं है, दिया जाता है आपकी तरफ़ से ।

श्री मेहर चंद खन्ना : मैं अपने पूल के मुताबिक़ कह रहा हूं कि अगर प्रो-रैटा शैयर के मुताबिक कह रहा हूं कि अगर प्रो-रेटा डिस्ट्रिब्यूशन होता, तो वह २० परसेंट से ज्यादा लेने का हकदार नहीं था । मैं तो शुरू में कह चुका हूं कि ४०० करोड़ रुपये की जायदाद पाकिस्तान में पड़ी है जिसके लिये आपने मुझे आशीर्वाद भी दिया और मुबारिकबाद भी, लेकिन मैं ने कहा कि मैं उसको लाने की कोशिश करूंगा । मैं कह रहा हूं कि हम एक कदम आगे बढ़े और वह इस तरह कि जहां बड़े आदमी को २० परसेंट मिलना चाहिये था, हम ने दो बातें की—उस के ऊपर हम ने कट लगाया—२०, १९, १८, १७, १६ और फिर ११ तक पहुंचाया, १८ लाख तक ।

और यह जो ९ परसेंट बचा या आठ परसेंट बचा वह भी हमने जो छोटे और गरीब भाई थे उनके लिये दे दिया। बल्कि हम एक कदम और आगे बढ़े। हमारे पास बड़ी बड़ी भारी तादाद के क्लेम हैं। आज बड़े बड़े खानदानों की बड़ी बदकिस्मती है, मैं उनके नाम नहीं लेना चाहता। आप जानते हैं कि बीसियों भाई जो हिन्दुस्तान में आये हैं उनके बहुत बड़े बड़े क्लेम थे। हमने यह कह दिया है कि १८ लाख से ऊपर जितने भी क्लेम हैं, चाहे वे ५० लाख के हों या एक करोड़ के हों हम उनकी तरफ़ से आंख बन्द किये लेते हैं। किसी ने कहा कि तुम डाका मारते हो। इसका मैं क्या जवाब दूं मैं कुछ नहीं कहना चाहता। लेकिन हमने एक सीलिंग मुकर्रर कर दी। उस सीलिंग से जो कुछ बचा है वह भी हमने जो छोटे और गरीब भाई हैं उनकी तरफ़ डाइवर्ट कर दिया और उनके क्लेम को स्टेप अप किया। कहा जाता है कि दो हजार तक पूरा होना चाहिये, पांच हजार तक पूरा होना चाहिये। ठीक है यह अच्छी बात है। लेकिन जरा यह सोचना पड़ेगा कि जिन चार लाख ५० हजार भाइयों को आपने पंजाब और पेप्सू में, जहां आपके पास ६० परसेंट एसेट्स थे, वहां मैक्सिमम ७५ परसेंट दिया। तो अगर आज आप किसी भाई को, जिसका क्लेम दो हजार या पांच हजार का है, सौ फीसदी देना चाहते हैं, तो सोचिये कि उसके माली इम्प्लीकेशन्स क्या होंगे और हम किस मुंह से कह सकेंगे कि वह जो साढ़े चार लाख भाई हैं, जिनको हमने ६० या ६५ या ७० पर सेंट दिया है उनको हम पूरा नहीं द सकते। तो हमें रिफ्यूजी और रिफ्यूजी के बीच में इन्साफ करना है। ख्वाहिश तो हमारी भी यही है कि ज्यादा दिया जाये, जो दुखी हो उसकी खिदमत की जाये। लेकिन आप सोचिये कि जो स्कीम हमने आज से पांच बरस पहले बनायी थी और जिसके मातहत लोगों को एलाटमेंट किये थे, उस स्कीम पर इसका क्या असर पड़ेगा और इसके क्या फाइनेंशियल एम्प्लीकेशन्स होंगे। मैं तो इस वक्त इसके मुताल्लिक कोई खास राय नहीं देना चाहता लेकिन मैं इतना कह सकता हूं कि जो मौजूदा पोजीशन है, जो मौजूदा हालात हैं, उनका जायजा लेते हुये इस स्केल को स्टेप अप करना हमारे लिये मुश्किल नजर आता है, बल्कि मैं तो कहूंगा कि मौजूदा हालत में ऐसा करना नामुमकिन नजर आता है।

अब सवाल एक और पैदा होता है। वह यह है कि ७० करोड़ की प्रापर्टी लाक-अप हो गयी है। उसकी वसूली तो किसी भाई से पांच बरस में होगी किसी भाई से तीन बरस में होगी। तो जो क्लेमेंट हैं उनको क्या जवाब दिया जाये? कोई कोई भाई तो यह कहते हैं कि अगर आज आपके पास अर्जी आवे तो ६ महीने के अन्दर या तीन महीने के अन्दर उसको कम्पेन्सेशन मिल जाना चाहिये। तो यह कम्पेन्सेशन तो तब मिल सकता है कि जो लोग इस ६० या ७० करोड़ की जायदाद के मालिक बनना चाहते हैं या तो उनसे एक मुश्त वसूल कर लिया जाये या पांच बरस में और तीन बरस में वसूल किया जाये और उस वसूली के साथ कम्पेन्सेशन को कोरिलेट करें। अगर तीन बरस में मिले तो तीन बरस में कम्पेन्सेशन दें और अगर चार बरस में वसूल हो तो चार बरस में दें। मैं जानता हूं कि इससे बहुत ज्यादा तकलीफ़ पैदा होगी। इसका कुछ न कुछ तदारुक जरूर करना होगा। तो साहब सदर मैं आपकी वसातत से तमाम रिफ्यूजी भाइयों से यह अपील करना चाहता हूं कि आज दस हजार तक के मकान या दुकान के मालिक बनना चाहते हैं जब तक वह क़र्ज़ अदा नहीं करते उस

[श्री मेहर चन्द खन्ना]

वक्त तक उनके ग़रीब भाई को उसका पैसा नहीं मिल सकता । जहां वह भाई चाहता है कि वह आबाद हो, वहां उसका यह भी फ़र्ज हो जाता है कि वह अदायगी में कोताही न करे ताकि उसका दूसरा भाई गैर आबाद न रहे । यही था जो कि जवाहर लाल जी न श्रीमती कृपालानी को लिखा था । मैं अपनी तरफ़ से आपको तसल्ली दिलाना चाहता हूं कि जवाहरलाल जी ने, पंत जी ने, मौलाना आजाद न इस मिनिस्ट्री का हाथ पकड़ा है और इजाजत दी है कि देहाती क्लेमों को पूरा कर दिया जाये, वे छोटे क्लेम जो नामंजूर हुये हैं, और जो कि ७० या ८० हजार हैं उनको एक्स ग्रेशिया ग्रांट दी जिन भाइयों की अर्जी नहीं मंगाई थी उनकी अर्जियां मंगा ली । जो केसेज एक्सपार्टी हो गये हैं उनको रिओपिन करो मैं निराश नहीं हूं । जहां तक रिहैबिलिटेशन का ताल्लुक़ है, जहां तक शरणार्थियों को बसाने का ताल्लुक़ है, मुझे अपनी याद में कोई ऐसा दिन नहीं आया कि मैं ने उनके सामने मांग की हो और उन्होंने हमारी मांग पूरी न की हो । मुझे आशा है कि मैं उनसे अपनी मांग पूरी करवा सकूंगा । लेकिन अगर आप मेरे हाथ मजबूत नहीं करेंगे तो मेरा केस कमजोर हो जायेगा । इस लिये अगर किसी रिफ्यूजी को आज मकान का या दुकान का मालिक बनना है तो उसको सोच लेना चाहिये कि उसको उसकी कीमत देनी पड़ेगी । कल को अगर वह मुझे दोबारा रोशनी दिखाना चाहे तो मैं इस मामले में अंधेरे में ही रहना पसन्द करूंगा, इस रोशनी को देखना पसन्द नहीं करूंगा कि अदायगी मियाद बढ़ा दी जाय । यह चीज़ नहीं हो सकती । मैं उम्मीद करता हूं कि ऐवान मेरा साथ देगा और उन भाइयों का फ़र्ज़ है जो कि हिन्दुस्तान में जायदाद के मालिक बनना चाहते हैं कि वह हमारी अपने ग़रीब भाइयों को क्लेम दिलाने में मदद करें । आपको दोनों रुख देखना पड़ेगा ।

मैं ने काफी वक्त ले लिया, साहिबे सदर, लेकिन अगर आप मुझे दस पांच मिनट और दे दें तो बहुत सी चीजें जो कि अमेंडमेंट्स में आने वाली हैं उनका भी फैसला हो जाये ।

श्री पी० एन० राजभोज : अब जमीन के सिलसिले में भी कुछ साफ होना चाहिये ।

श्री मेहर चन्द खन्ना : एक और सवाल उठाया गया कि आप कब तक कम्पेन्सेशन दे देंगे । इस मामले में इकरार करना तो मुश्किल है । लेकिन आज सुबह इस एवान में आने से पहले मैं ने अपने कुलीग्स से, जिन पर मैं लीन करता हूं, इस बारे में बातचीत की थी । मैं ने उनसे कहा कि अगर आज मैं कोई बात कह दूंगा तो कल मेरी अच्छाई की तरफ़ तो जाने वाले बहुत कम होंगे, मेरी कमजोरी की तरफ़ बहुत इशारा होगा । तो मैं न पूछा कि क्या करना होगा, कैसे कम्पेन्सेशन पे होगा, कितना पे होगा । तो मैं ने अपने अन्दाज़े के मुताबिक़ एक एस्टीमेट लगाया है । कोशिश करूंगा कि उसको तकमील तक पहुंचाऊं । इस साल के अभी भी तो तीन महीन बाकी हैं । हम यह कोशिश करेंगे कि इस साल के अन्दर एक लाख क्लमेंट्स के क्लेम दे दें । आयन्दा दो सालों में हम कोशिश करेंगे कि हर साल में एक लाख भाइयों को क्लेम दे दिया जाये । अब इसमें रिअलाइजेशन की तरफ़ से दूसरी भी डिफीकल्टीज आयेंगी । लेकिन जो भाई छोटे हैं और ग़रीब हैं, गो कि उनकी तादाद दो तीन लाख से ज्यादा है, उनके केसेज में प्रायरिटी पैदा करना मुश्किल है । बहुत से भाई कहते हैं कि यह आदमी दुखी

है, यह बूढ़ा है, यह टी० बी० का मरीज है, यह आदमी ७० बरस से ज्यादा है। आप चाहते हैं कि शुरू में ही उनको दे दिया जाय।

आप चाहते हैं कि पहले उनको दे दें। अब तीन चार लाख केसेज में अगर दो टी० बी० के केस हैं तो मेरे लिये एक कैटगरी बन जायेगा, ७० वर्ष का अगर कोई आदमी है तो एक और कैटेगरी बन जायेगी, और अगर उनमें कोई बेवा है तो वह एक अलग कैटेगरी बन जायगी, इस तरह से कुछ को दे दूं और दूसरों को नहीं दूं, यह तो मैं कर नहीं सकता, यह तो नामुमकिन चीज है। बावजूद इन तक़लीफ़ात के मैं यह कोशिश करूंगा कि जो छोटे क्लेमेंटस हैं उनको बड़ी जल्दी क्लेम मिले। अब अगर कोई बहन दुखी है, कोई आदमी टी० बी० में मुब्तिला है और कोई आदमी बूढ़ा है तो उनकी एक अलग कैटेगरी तसलीम न करते हुये, एज ए हार्ड केस, अगर कोई चीज मेरे सामने आती है तो मैं कोशिश करूंगा कि उसको कम्पेन्सेशन जल्दी मिल जाय, लेकिन मेरे लिये यह इक़रार करना कि उन तमाम केसेज को सोर्ट आऊट करके और स्पेशल कैटेगरीज बना कर उन केसेज को ट्रीट करूं यह मुश्किल है। आखिर बाजू तो मेरे दो ही है और जो मुझे दो लाख आदमियों को दो वर्ष में छानबीन करके क्लेम देना है,उसको साल दो साल के अन्दर अन्दर पूरा करना है, स्टाफ तो जितना मेरे पास है उतना ही है ...

लाला अचिंत राम : इस काम के लिये स्टाफ बढ़ाइये।

श्री मेहरचन्द खन्ना : अचिंत राम जी को बड़ा विश्वास है और कई बार उन्होंने मेरा हाथ पकड़ा है, लाला जी अगर मुझ से लड़ते भी हैं तो बड़े प्यार और मुहब्बत से झगड़ते हैं और मुझे भी उनके साथ बहुत प्यार है और मैं भी उनकी इज्जत करता हूं। मैं उनसे यह कहना चाहता हूं कि लाला जी जितना भी मुझ से हो सकेगा मैं कोशिश करूंगा कोशिश करने का इक़रार करता हूं, अपने बोनाफाईड्स का आपको यकीन दिलाता हूं और अपने अफ़सरान के बोना-फाईड्स का भी यकीन आपको दिलाना चाहता हूं, इससे ज्यादा मैं और कुछ इस मौक़े पर नहीं कह सकता।

अब छोटी छोटी चीजें जो रह गई हैं, उनका कुछ जिक्र कर दूं। मेरे सामने जो भाई बैठ हुये हैं उन्होंन पूछा था कि भाई तुम्हारा बेसिस आफ वैल्यूऐशन क्या है? आप बहुत ज्यादा कीमत लगा रहे हैं। मैं उनसे अर्ज करूंगा कि राजऋषि जी आपका ऐसा फर्माना दुरुस्त नहीं है। हमारे कीमत लगाने के लिये तीन फैक्टर्स हैं। एक तो जमीन है, दूसरा डेवलेपमेंट है और तीसरा कास्ट आफ सुपर स्ट्रक्चर है यानी मकान है। मकान की तो हम जो कास्ट प्राइस है, वह ले रहे हैं। अब उसके मुताल्लिक़ यह शिकायत की गई है कि उसमें इंजीनियर साहब खा गये, और ठेकेदार लोग खा गये, इसका जवाब देना तो मेरे लिये बहुत मुश्किल है। मेरे पास तो काम करने के लिये वही एक एजेंसी है जो आपने हिन्दुस्तान में मुझे दी है। मुझे तो यहां हिन्दुस्तान में आये, सात, आठ वर्ष हो गये हैं, मैं बहुत ज्यादा वाकफियत नहीं रखता, अलबत्ता आपने मुझ काम करने के लिये जो टूल्स दिये हैं, जो आपने मुझे चीजें दी हैं उन्हीं को लेकर मैं वर्क कर रहा हूं और मुझे उनसे कोई खास तकलीफ़ नहीं हुई है। मेरी जो जायदाद बनी है, दूर बनी है, मुमकिन है कि उसके देने में कुछ तकलीफ़ हो लकिन जो जायदादें हमारी शहरों में बनी हैं और आज आपने खुद देखा है कि जब हम उनकी नीलामी करते हैं तो बावजूद काफी अपोजीशन के क़ीमत उन जायदादों की कम नहीं आती। बाक़ी यह कहना कि

[श्री मेहर चन्द खन्ना]

एक सेक्शन आफ दी पापुलेशन में प्रापर्टी का स्टैण्डर्ड तो हाई है और दूसरे में कम है, ऐसा हो भी सकता है और इससे इन्सान इन्कार भी कर सकता है। हमारे सामने जो चीज है उसकी हमने कास्ट प्राइस ली है, जो इमारत हमने बनाई है उस पर जो कास्ट प्राइस आई है, वही हमने ली है, साथ ही हमने जो उस पर डवेलेपमेंट चार्जेज आये हैं जिसमें सड़क बनाना और उसको हमवार करना शामिल है, अंडर ग्राउण्ड्स ड्रेन्स बनाना भी शामिल है, उसकी भी कास्ट प्राइस लेंगे। अब तीसरा लैंड का सवाल है जो कि पेचीदा नहीं है और समझ में आ जायेगा। उसके बाबत जो चीज आपके सामने पेश की जाती है, उसमें तसवीर का एक ही पहलू रक्खा जाता है, उसका दूसरा पहलू नहीं आता। अब लैंड जो हमने खरीदा था, वह दो किस्म का है। एक तो वह लैंड था जिसको कि नजूल लैंड कहते हैं, जो कि गवर्नमेंट का था और जो कि रिहैबिलिटेशन (मिनिस्ट्री) को मुफ्त में मिल गया। एक जमीन वह है जो हमने एक्वायर की है, जैसे दिल्ली और कलकत्ता में हमने एक्वायर की है। श्री हीरेन मुकर्जी उसको ज्यादा जानते हैं। अब फ़र्ज़ कीजिये कि दोनों चीजें साथ साथ हैं। सड़क के एक तरफ़ गवर्नमेंट की जमीन है और दूसरी तरफ़ एक कम्पनी की जमीन पड़ी है, उसका नाम मैं नहीं लेना चाहता, इसमें झगड़ा पड़ जायेगा। एक जमीन सड़क के इस तरफ़ और दूसरी सड़क के दूसरी तरफ़। अगर एक जमीन हमने एक्वायर की है और उसकी हमने एक्स एक्वीजीशन कास्ट दी है तो जो जमीन हमें गवर्नमेंट से मुफ्त मिली है तो यह कह देना कि एक रेफ्यूजी से आप ५ रुपया गज के हिसाब से ले लीजिये और दूसरे रेफ्यूजी को आप जमीन मुफ्त दे दीजिये, मेरे ख़याल में यह इंटर सी जस्टिस नहीं है। उसमें गवर्नमेंट को नुकसान तो है नहीं। जहां तक हमारे शाह साहब का ताल्लुक़ है, उन्हें जो कुछ देना था वह दे चुके लेकिन बाक़ी जो कुछ है वह तो आपकी ही चीज है और नजूल लैंड अगर आपको गवर्नमेंट से मुफ्त में मिल गया है, इसलिये उसकी कीमत नहीं होनी चाहिये, मेरे ख़याल में यह मुनासिब नहीं है। दूसरी बात यह है कि जमीन फ्री होल्ड भी है और लीज होल्ड भी है और जहां तक लीज होल्ड जमीन का ताल्लुक़ है, उसमें कोई झगड़ा नहीं है,। जितना झगड़ा पड़ता है वह देहली का पड़ता है और वह यह है कि देहली में रिहैबिलिटेशन मिनिस्ट्री ने जो पहले एलाटमेंट्स की थीं, वह ९९ ईयर की लीज बेसिस पर की थीं। और उस जमीन का बड़ा भारी ग्राउन्ड रेन्ट है, जो दो सौ गज का प्लाट है, उसका ६५ से ७५ रुपये तक सालाना ग्राउन्ड रेंट है। हमसे यह कहा गया है कि साहब एक रेफ्यूजी के लिये ५, ७ रुपया माहवार देना बड़ा मुश्किल है। तमाम दुनिया में फ्री होल्ड प्रापरटी है लीज का इमबार्गो हम पर से जल्द हटा दिया जाय। मैं ने मिन्नतें कीं और अपने एक कोलीग के आगे हाथ जोड़ जिसका नतीजा यह हुआ कि उन्होंने मेरी बात मानी। उन्होंने कह दिया कि तुम्हें अख्तियार है कि तुम लीज होल्ड प्रापरटी को फ्री होल्ड प्रापर्टी में कनवर्ट कर लो। जहां दो सौ गज के प्लाट के लिये ७५ रुपये सालाना ग्राउन्ड रेट था, वहां २०० गज के प्लाट के लिये सिर्फ २ रुपया सालाना नामिनल ग्राउन्ड रेंट होगा। किसी भाई ने कहा था कि ९ का २५ कर दिया, ९ का २५ तो शायद नहीं हुआ।

श्री यू० एम० त्रिवेदी : क्या मैं इस सम्बन्ध में एक सवाल पूछ सकता हूं ?

श्री मेहर चन्द खन्ना : अभी नहीं, अमेंडमेंट्स के वक्त पूछ लीजिये। अब आप सोचिये कि उसका ७५ रुपये सालाना ग्राउन्ड रेंट है और ९९ साल की लीज है, यह मिनिस्ट्री आज नहीं तो कल और कल नहीं तो परसों वर्ष या दो वर्ष में खत्म हो जायेगी। . . .

श्री कामत: कौन जाने।

श्री मेहर चन्द खन्ना : हम जानते हैं और वे रेफ्यूजीज़ जानते हैं जिनके कि क्लेम सरकार के पास में पड़े हुये हैं, उनके साथ आपको वास्ता नहीं पड़ेगा, अगर वे आपके पास आयेंगे भी तब भी आप इधर मेरे पास भेज देंगे। मैं उनकी हालत को बखुबी जानता हूं, मैं ने ८ वर्ष उनके साथ गुजारे हैं, मैं खुद एक रेफ्यूजी हूं और मैं उनकी तक़लीफ़ों को जरा ज्यादा जानता हूं। हमने ग्राउन्ड रेंट का कैप्टिलाइजशन कर दिया है और जो उसका फायदा है वह रेफ्यूजीज़ को आ रहा है। हमने बेसिस आफ़ एससमेंट और वैल्यूएशन में कोई एसी खास बात नहीं की जो कि गलत हो। बावजूद इस बेसिस आफ वैलुएशन के जहां लीज होल्ड बेसिस ज़मीन की कीमत ६ रुपये गज है उसको हम चेंज नहीं कर रहे हैं। जिसको कि हम पहले ज़मीन दे चुके हैं जब तक कि वह खुद न चाहे जोकि हम इसमें कमिटेड हैं, हम उसकी क़ीमत नहीं बढ़ायेंगे। अगर वह अपनी लीज होल्ड प्रापरटी को फ्री होल्ड में तबदील करना चाहे तो उस रेफ्यूजी को अख्तियार है कि वह ऐसा कर सके। लेकिन जहां मैं एक नई चीज़ बेच रहा हूं उसमें मेरे लिये यह रुकावट डाली जाये कि साहब आप उसको ६५ या ७५ वर्ष के लिये करें, क्योंकि मुमकिन है कि दो, चार वर्ष के बाद यह मिनिस्ट्री खत्म हो जाये और लेने वाले, और खासकर दिल्ली वाले, जहां झगड़ा जोरों से, बिला केपिटलाइजशन यानी ज्यादा कीमत दिये मालिक बन जाय।

श्री सी० के० नायर : क्या मैं जान सकता हूं कि किसी हालत में भी प्राफिट का खयाल नहीं होगा।

श्री मेहर चन्द खन्ना : यह सवाल आपने पहली अपनी तक़रीर में तो किया नहीं। मैं अर्ज़ करता हूं कि आप को जवाब दूंगा। अगर प्राफिटीयरिंग करते मिस्टर शाह और प्राफीटीयरिंग करके यह रुपया उनके रेवेन्यूज़ में जाता तो जो मुझे तकलीफ़ होती। अब इस कुंए की मिट्टी इसी कुएं पर ही लगेगी, कहीं बाहर नहीं जायेगी। यह मिनिस्ट्री आज एक ग्रेसफुल मैनर में हाउसिंग पांच हजार से दस हजार की लिमिट बढ़ा रही है, देहाती हाउसिंग जो हाफ हुये थे फुल कर रही है, एक्स-ग्रेशिया ग्रान्ट दे रही है। मैं अर्ज़ करता हूं कि आप जरा थोड़ा सा विश्वास करें, आप की अपनी गवर्नमेंट है, आप की अपनी पार्टी है। मैं यकीन दिलाना चाहता हूं कि हमारा प्राफिटीयरिंग करने का इरादा नहीं है, हमने प्राफिटीयरिंग किस के लिय करना है, नायर साहब। रिफ्यूजीज़ के लिय ही तो करना है, रिफ्यूजीज़ को ही तो यह पैसा मिलेगा। अगर हिन्दुस्तान के नेशनल्ज़ की मेरे प्राफिटीयरिंग करने से फायदा होता तो मुझे यकीन है कि आप भी इसे नहीं चाहेंगे। मुझे पता नहीं कि नायर साहब उस वक्त यहां पर थे या नहीं जब श्री चटर्जी साहब की तकरीर हो रही थी और उन्होंने उनकी तकरीर सुनी है या नहीं उन्होंने जो बात कही उससे तो किसी को फायदा हो भी जाता लेकिन इसमें किसी दूसरे को फायादा होने वाला नहीं है।

दूसरा सवाल जो उठाया गया है वह यह है कि फैटियर से जो रिफ्यूजीज़ आय हैं वे मेरे ही प्रान्त से आये हैं और उन्हीं के बारे में मुझे यह समझाया जाता है कि तुम्हें

[श्री मेहर चन्द खन्ना]

ऐसा करना चाहिये । यह एक बड़ी अजीब चीज़ है । मैं बतलाना चाहता हूं कि फ्रंटियर के तीन हिस्से थे । एक हिस्सा तो वह था जिसे कि आप समझ लीजिये जैसे दिल्ली है । उसी की तरह की वह जगह थी जिसको कि हम सैटल्ड एरिया कहते थे जिसमें पेशावर था, बन्नू था, कोहाट था जिसे कि शहरी आबादी कहते हैं । दूसरा एरिया जो था वह था ट्राइबल एरिया जिस को कि एजेंसीज़ भी कहते हैं और वह पांच थीं, चाहे उसको पाराचनार लिख दीजिये चाहे कुर्रम कह लीजिये । ऋषि जी बहुत दफ़ा पेशावर आये और मेरा ख्याल है वह इस चीज़ को जानते हैं । एक तीसरी जगह थी जिस का नाम नो-मेंज़ लैंड है जिस को कि ग़ैर इलाका कहा जाता है जिसका न ब्रिटिश टैरीटरी से ताल्लुक़ था, न हिन्दुस्तान से और न ही पाकिस्तान से : जहां तक वह हिस्सा जो कि पाकिस्तान में आया चाह वह सैटल्ड एरिया था चाहे वह ट्राइबल एरिया था वहां के लोगों से हम ने क्लेम मांगें । उनमें से अगर कोई रह गया है तो जो रूल हम ने बनाये हैं उन के मातहत हम उसके केस को ऐग्ज़मिन करने को तैयार हैं । अब जो इलाका न तो पाकिस्तान में गया है और न उसका कभी ब्रिटिश हिन्दुस्तान से कोई ताल्लुक़ था जिसको कि नो मैंज़ लैंड कहा जाता है अगर आज उनसे क्लेम मांगें जायें तो मैं तो इसको मुनासिब बात नही समझता हूं.....

Shri Nand Lal Sharma: These people are uprooted on account of your policy.

श्री मेहर चन्द खन्ना : ज़रा ठहरिये, मुझे अपनी बात तो कर लेने दीजिये । मेरे भाई जहां से आये हैं और जहां से मैं आया हूं इसको हम दोनों ही जानते हैं ; इस चीज़ को मैं भी भूला नहीं हूं । फर्क़ इतना है कि वह हिन्दी और संस्कृत में बोलते हैं और मैं उर्दू और अंगरेज़ी में और यही वजह है कि शायद उनकी बात मेरी समझ में न आती हो : हम दोनों के बड़े पुराने सम्बन्ध हैं । (Interruption by Shri V. G. Deshpande) कोई बात नहीं है देशपांडे जी मुझे यकीन है आप भी एक दिन पैंतरा बदलेंगे और इस तरफ़ आ जाओगे यह मैं जानता हूं ।

एक माननीय सदस्य : एक सवाल पूछ सकता हूं......

Mr. Chairman: No questions now. It is nearly 4.35 p.m. The hon. Minister ought to have finished at 4-10 p.m. So, I should think no questions should be allowed now. We have to discuss the amendments also.

Shri Mehr Chand Khanna: May I finish now?

Mr. Chairman: I would request the hon. Minister to finish.

श्री मेहर चन्द खन्ना : I will finish within ten minutes, if I am allowed that.

एक चीज़ और आप सोचिये । आप के सामने एमेंडमेंट्स हैं और वह डिसकस भी होंगे, बाहर लोग उन के बारे में बातें भी करेंगे । वकालत तो चाहे कोई कर ले लेकिन एक बात याद रखिये और वह यह है, कि आपका पाकिस्तान से मुआयदा हुआ है कुछ आप ने कस्टोडियन मुक़र्रर किये हैं कुछ आपने इवेक्वी प्रापर्टी डिकलेयर की है, कुछ आपने क्लेम्ज़ एक्ट बनाया है और कुछ आपने एप्लीकशन्ज़ मांगी थीं । लेकिन आप सोचें कि एक ऐसी जगह जो पाकिस्तान के पास नहीं है, वह एक ऐसी जगह है जो कि पाकिस्तान के भी बाहर है और कभी ब्रिटिश हिन्दुस्तान में भी नहीं थी, उस के

भी अगर आज क्लेम शामिल कर लिये गये, तादाद तो बहुत थोड़ी होगी, मिक़दार भी बहुत थोड़ी होगी, लकिन जो आप का केस है, पाकिस्तान के खिलाफ़, वह खत्म हो जायेगा क्योंकि यह क्लम उस इलाके के बारे में होगा जो कि पाकिस्तान में नहीं है और इससे आप का जो केस है वह वीक हो जायेगा क्योंकि वह हमारे परव्यू की चीज़ नहीं, हमारे आरबिट में नहीं आती और उससे बाहर की चीज़ है, कानून के बाहर की चीज़ है। मैं यह समझ सकता हू कि अगर शर्मा साहब यह कहते कि भाई यह गरीब आदमी है, दुखी आदमी है, वहां से आये हैं, इनके बारे में भी कुछ सोच लेना चाहिये. . . . .

श्री नन्द लाल शर्मा : आपकी वजह से आये हैं।

श्री मेहर चन्द खन्ना : मेरी वजह से आये हैं या आप की वजह से मैं इस बहस में पड़ना नहीं चाहता लेकिन इतना ज़रूर जानता हूं कि मैं तो कुछ देर से आया लेकिन आप बहुत पहले आ गये थ। खैर जाने दीजिये इस बात को।

श्री नन्द लाल शर्मा : मैं इंडियन गवर्नमेंट की कह रहा हूं आप को परसनली कुछ नहीं कह रहा हूं।

श्री मेहर चन्द खन्ना: परसनल कहां है। कल मेहर चन्द मर गये थे आज ज़िंदा हो गय हैं, परसनल रिमार्क कौन सा होता है। आप ने बहुत दूर अंदेशी की लेकिन मैं बहुत देर के बाद समझा। खैर अगर शर्मा साहब यह कहते कि वह गरीब आदमी हैं दुखी हैं, शरणार्थी हैं, डिस्प्लेस्ड हैं, उनके लिये भी कुछ करो तो भी कोई बात बन जाती। लेकिन आप तो यह कहते हैं कि उन के क्लेम मंगाओ क्लेम एक्ट के नीचे उनको वैरिफाई करो, यह जो सब चीज़ें है इसको मैं एक्सेप्ट करने के लिये तैयार नहीं हूं।

साहब सदर एक चीज़ और है जिसका कि मैं आपकी इजाज़त से ज़िक्र करना चाहता हूं और वह है सेपेरेशन आफ इवैक्वी इंट्रेस्ट्स के मुताल्लिक़। इस के बारे में भी कुछ कहा गया है. . . . .

श्री पी० एन० राज भोज : राजस्थान के लोग जो हरिजन हैं वे बहुत गरीब हैं उनका भी खयाल रखा जाना चाहिये। उनको जो एलाट किया गया है वह वापस नहीं होना चाहिये।

श्री मेहर चन्द खन्ना : जो भी हो मेरा ताल्लुक़ रिफ्यूजीज़ से है। अगर कोई हरिजन है और वह खरीदना चाहता है तो मुझे इसमें कोई एतराज़ नहीं होगा और मैं उसको ऐसा करने में पूरी सहुलियत देना चाहता हूं। हरिजन और गैर हरिजन में मैं कोई इमत्याज नहीं करना चाहता हूं। मेरे लिये चाहे कोई राजस्थान का हरिजन हो, चाहे सिंध प्रान्त का हो, चाहे बम्बई का हो वे सब मेरी मिनिस्ट्री पर एक चार्ज है और हमें उस चार्ज को फेतफुल्ली, आनस्टली और कानसेंशसली डिसचार्ज करना है।

श्री पी० एन० राजभोज : जिस के पास पैसा न हो वह क्या करे ?

श्री मेहर चन्द खन्ना : जिसके पास पैसा नहीं है वह किराये के मकान में रहे। अगर आप चाहते हैं कि पैस दें "अलफ़ और" मालिक बने "ब" तो यह ज़रा सोचने वाली बात होगी।

श्री बाल्मीकि : मैं कहना चाहता हूं कि हरिजनों को बराबर के हक़ नहीं दिये जा रहे हैं। अलवर, भरतपुर और राजपूताना में उनके साथ दुर्व्यवहार हो रहा है।

श्री मेहर चन्द खन्ना : जहां तक हरिजनों का ताल्लुक़ है, हम उनके केस को सिमपैथैटिकली कंसिडर करेंगे । जितनी खिदमत हमारी मिनिस्टरी उन की कर सकेगी, वह की जायगी ।

श्री पी० एल० बारूपाल : कोई चार हज़ार शरणार्थी रजिस्टर नहीं हुये जिन की कि लिस्ट मेरे पास है और मैं उनको यह लिस्ट दे भी सकता हूं । क्या उनको रजिस्टर करवा के सरकार सहायता देगी ?

श्री मेहर चन्द खन्ना : हिन्दी तो मेरी इतनी शुद्ध नहीं है और जहां तक हो सकता था मैं ने अपनी उर्दू की स्पीच में हिन्दी के जितने भी वर्ड हो सकते थे, इस्तेमाल करने की कोशिश की है । मैं ने यह कहा है कि जो भाई ३१ जुलाई, १९५२ से पहले आये या उसके बाद आये या उन के क्लेम एक्स-पार्टी रिजक्ट हो चुके हैं तो किन हालात में वह अपने क्लम दे सकते हैं. . . .

श्री बाल्मीकि : जो पढ़े लिख नहीं हैं और कुछ जानते भी नहीं हैं, उनका क्या होगा ?

श्री मेहर चन्द खन्ना : उनकी आप मदद कीजिये । जो हमारे भाई यहां पर पढ़े लिखे हैं उनको उनकी मदद करनी चाहिये और हम हाथ पकड़ने को तैयार हैं । लेकिन जो असली चीज है उसको तो आप और हम ही करेंगे ।

मैं ने कहा था कि यह जो सवाल सेपरेशन आफ इवैक्वी इंटरेस्टस का है यह एक बहुत इम्पारटेंट सवाल है । इसके मुताल्लिक़ पोजीशन कुछ साफ़ भी है और कुछ उलझी हुई भी है । साफ़ तो यह है कि यह जो एक्ट पास हुआ, वह इसी मुअज़िज़ एवान ने पास किया है । कोई बाहर से तो आया नहीं है । तीन चार मेम्बर्ज़—लाला अचिंत राम, राजर्षि टंडन जी और पंडित ठाकुर दास भार्गव—कमेटी में भी थे । सुचेता कृपलानी जी भी थीं । इन सब ने मिल कर यह एक्ट पास किया था । जो एक्ट इस एवान ने पास किया है, वह मेरे विरसे में आया है । मैं यह मानता हूं कि उस वक्त हालात कुछ ऐसे थे कि कुछ मालूम नहीं था कि क्या पोजीशन होगी । लेकिन उस एक्ट का जो असर पड़ रहा है, वह मैं आप के सामने रख देना चाहता हूं । जैसा कि इस एक्ट के नाम से ज़ाहिर है, हम ने उस जायदाद को अलाहिदा कर दिया है, जिस का ताल्लुक़ इवैकुई इन्ट्रस्ट से है । उस की तादाद एक लाख और दस पन्द्रह हज़ार होगी— इसके क़रीब क़रीब होगी । उस में ३५,००० केसेज़ का हम फैसला कर चुके हैं । उस में जिस भाई ने जो लेना था, वह ले चुका । ३५,००० केसेज़ ऐसे हैं, जिन में एडजुडिकेशन हो चुका है लेकिन अलैहदगी नहीं हुई है और ४०,००० या ५०,००० केसेज़ बक़ाया हैं । इस एक्ट में जो शर्त है, वह यह है । फ़र्ज़ कीजिये कि दीन मुहम्मद का मकान रहना था हमारे अचल सिंह साहब के पास—धनाढ्य हैं वह आगरा के । वह दीन मुहम्मद आठ बरस हुए पाकिस्तान चला गया । अब अचल सिंह साहब को जो भी रुपया दीन मुहम्मद से लेना था, वह पूरा रुपया – उस में कोई सीलिंग नहीं है, न कोई छोटे आदमी का क्लेम है, उस में कोई चीज नहीं है—वह ले सकते हैं । इस के अलावा उन को मुकम्मल अख्तियार है कि आज तक, जब तक इन को हिसाब नहीं मिलता, वह पांच पर सेंट तक सूद मांग सकते हैं । तीसरी बात यह है कि आम तौर पर दावा करने के लिये जो स्टैम्प-फ़ीस लगानी पड़ती है, वह भी उन को माफ़ है । कोई स्टैम्प-फ़ी नहीं लगेगी । चौथी बात यह है कि वह जो जायदाद है, उस की जो सेपेरेशन है, वह हमारी

मिनिस्ट्री करेगी, हमारे अफ़सर साहबान उस का तदारक करेंगे और जब वह जायदाद अलाहिदा हो जायगी तो अचल सिंह साहब का जो पैसा पड़ा है, वह ले लेंगे और उस के बाद अगर कुछ बच जायेगा, तो वह रेफ्यूजी पूल में आयेगा। अब इस ऐक्ट के मातहत लोगों को काफी रुपया मिला है—लाख भी मिला है, दो लाख भी मिला है और तीन लाख के भी केसेज हैं, हालांकि तीन लाख के केसेज एक दो ही हैं। यह तो एक पहलू है, जोकि मौजूद है, चाहे इस को कुछ भी कहें,। हमारे चटर्जी साहब ने कहा कि यह सोशल जस्टिस नहीं है कि रेफ्यूजीज के लिये सीलिंग है और लोकल आदमियों के लिये नहीं है। लेकिन इस का एक दूसरा पहलू भी है। फ़र्ज़ कीजिये कि एक आदमी था, हिन्दुस्तान का नेशनल था। उस ने अलिफ़ को कर्ज़ दिया नार्मल रुटीन में। वह कर्ज़ा वसूल करता है और अगर अलिफ़ पाकिस्तान चला जाय, तो कोई वजह नज़र नहीं आती कि उस को क्यों पीनलाइज़ किया जाय। इस बात में किसी हद तक वज़न है, लेकिन आज मिनिस्ट्री की तरफ़ से यह एलान करना बड़ा मुश्किल है कि हम आगे क्या करेंगे। हम इस को देखेंगे और सोचेंगे, क्योंकि मुमकिन है कि हमें "ए" और "बी" स्टेट्स के पास जाना पड़े और कहना पड़े कि चूंकि यह एक सेंट्रल एक्ट है, इसलिये वे इस बारे में रेज़ोल्यूशन पास करें। यह भी मुमकिन है कि हमें आप के पास आना पड़े, क्योंकि जब तक वह एक्ट एमेंड न किया जाय, तब तक कुछ नहीं किया जा सकता है। यह कहना कि वैकुई पूल में लाख सवा लाख की जायदाद सैपेरेट हो रही है, उस में काफ़ी रुपया हिन्दुस्तान नैशनल्ज को मिल रहा है, कोई कोर्ट-फ़ीस नहीं है, कोई एडमिनिस्ट्रेशन चार्जेज नहीं हैं, पहला हक उस का है और दूसरा हक रेफ्यूजी का है, दुरुस्त है, लेकिन इस बात को खोलना मुनासिब नहीं समझता हूं।

श्री नन्द लाल शर्मा : मैं ने राजेन्द्रनगर कालोनी के बारे में पूछा था, उसके विषय में कुछ नहीं कहा गया है।

Mr. Chairman: Order, order. It is not Question hour now.

Shri K. K. Basu: The Minister has spoken in a language which is not fully understandable to all of us. He has made some promises. If he can give a summarised version in English that would be helpful, because in that case many of the amendments may not be moved.

Mr. Chairman: The Minister has spoken in a language which is generally used in this House and otherwise according to the Constitution also. Many Members speak in that language.

Shri K. K. Basu: Not many Members.

Mr. Chairman: And when he spoke of certain concessions he gave their version in English also.

Shri K. K. Basu: Some he did.

Mr. Chairman: The matters in respect of which he accepted certain amendments, he indicated then. But if the hon. Minister takes the trouble of just putting those three or four points which he was pleased to accept and if that is circulated tonight, I have no objection.

Shri Mehr Chand Khanna: Not now?

Mr. Chairman: To night, I said, It may be that "such and such amendments are being accepted." For instance, the hon. Member Sardar Iqbal Singh mentioned one. A few more were mentioned by the hon. Minister.

Shri Mehr Chand Khanna: Notices of certain amendments have been given by yourself, Sardar Iqbal Singh and Shri Radha Raman. They touch upon the important points of rural houses, *ex gratia* payment to about eighty thousand persons, long with the limit of allottability being

[Shri Mehar Chand Khanna.]

raised from five to ten thousand rupees. Those notices have already been given. And, after the assurances that I have given to the honourable House just now, those amendments shall be accepted.

Mr. Chairman: I have to make an announcement.

The list of motions indicated by Members yesterday has already been circulated to Members last night. Notices of further motions have since been received. In case Members wish to move any of those motions they may kindly indicate the numbers of the motions to the Secretary at the Table within fifteen minutes. These motion will be circulated to Members tonight and will be treated as moved if they are otherwise admissible. So even those motions that are given notice of today may be given just now, so that they may be treated as moved.

Sardar Iqbal Singh: We do not know the numbers of those motions which have been classified.

Mr. Chairman: I have not understood what the hon. Member wants. If he has given notice of any motions he can pass on the numbers of those motions here at the Table within fifteen minutes.

Shri Mehr Chand Khanna: Do we take up the motions tomorrow morning?

Mr. Chairman: Just now. The notices will come in due course. Let us utilise the time. So many motions have been moved. Notices of some have been given. Notices of others may be given now. But at the same time the debate on these motions may go on.

Shri Gidwani: I would suggest to you to lay down a procedure.

Mr. Chairman: The procedure I have laid down yesterday. There are so many rules there. We cannot take them up one by one; we have not got so much time. I should think that out of the motions of which notices have been given by Members, if some of them are being pressed, on those motions Members will be allowed to speak. Ultimately, as in the case of other Bills, when all the motions are before the House, such of them will be put to the vote of the House as Members desire.

Shri K. K. Basu: Are we to speak on particular motions or are we to take all these together?

Mr. Chairman: The matter is so very much interlinked that it is difficult to divide them.

Shri V. G. Deshpande: The procedure is not clear, because there are so many motions. Are we expected to speak on all the motions or one by one?

Mr. Chairman: As the hon. Member must have seen, in many of the Bills also there are a number of amendments. Now, one Member shall speak only once. He can speak on his own motion and on other motions. It has been announced that all the motions are before the House. The hon. Member will be within his rights if he speaks or other motions also.

Shrimati Sucheta Kripalani: What about motions which have to be withdrawn?

Mr. Chairman: If the hon. Member does not want to add any to the list, the list can be reduced.

Shrimati Sucheta Kripalani: We may have to reduce some after the announcement made by the Minister.

Mr. Chairman: Let them be reduced at the proper time.

Shri V. G. Deshpande: Those who have no chance to speak during the general discussion may also be allowed to speak now.

Mr. Chairman: That is always taken into consideration, and any

directions from the hon. Member are unnecessary in this matter.

Shri V. G. Deshpande: No direction. We have been waiting for two days. If this is not taken into consideration, what will happen is that the same people will start over again.

Mr. Chairman: It is always taken into consideration. Those Members who have not had a chance are sure to get a chance so far as the motions are concerned. If the hon. Member, Shri Gidwani, does not want to move any motion, I will call some other Member to speak.

श्री गिडवानी : मैं ने दो तरमीमें पेश की हैं जो कि रूल नं० ७ के सम्बन्ध में हैं। उसका सम्बन्ध पबलिक ड्यूज़ से है।

Shri J. K. Bhonsle: What number is that?

Shri Gidwani: This is rule No. 7.

"The Settlement Officer shall make such enquiries as may be necessary from any officer or authority for the purpose of ascertaining whether any public dues of the following nature are recoverable from the applicant or any member of his family, namely......

Shri Mehr Chand Khanna: What is the serial number of the motion?

श्री गिडवानी :

The numbers are 184 and 185.

"arrears of rent in respect of Government built property including convenience charges;

"arrears of rent in respect of any evacuee property or any other dues payable to the Custodian in respect of such property:

"Small urban loans".

तो मैं इस वक्त स्माल अरबन लोन्स के बारे में कुछ कहना चाहता हूं। इस पर मैं ने अमेंडमेंट दिये है। इन कर्जों के बारे में यह देखा जाता है कि अगर कोई किसी का श्योरिटी हुआ था या उस ने उस की शनाख्त की थी तो उस से वह कर्जा वसूल किया जाता है। आप को मालूम है, मैं खास तौर से खन्ना साहब का ध्यान इस तरफ दिलाना चाहता हूं, कि शुरू में हम नें छोटे कर्जे देने की रस्म शुरू की तो रिफ्यूजी दूसरें का श्योरिटी बनाया गया लेकिन यह जाहिर बात थी कि जो श्योरिटी इस तरह से बनता था उस की कोई कानूनी जिम्मेदारी नहीं थी। मुझे मालूम है कि एडवाइजरी बोर्ड ने यह साफ ऐलान किया था कि अगर कोई किसी छोटे कर्जे लेने वाले का श्योरिटी बनता है तो उस की उस कर्जे की अदायगी के मुताल्लिक कोई जिम्मेवारी नहीं है।

Shri Mehr Chand Khanna: What is the numer of the motion that is under discussion? Are we going by motions or by rules?

Mr. Chairman: We are now taking such motions as have already been moved—we are not taking up rule by rule.

Shri Gidwani: I am referring to small urban loans. The number of the motion is 184, as also No. 185.

Motion No. 184 reads:

"This House resolves that in pursuance of sub-section (3) of section 40 of the Displaced Persons (Compensation and Rehabilitation) Act, 1954, the following amendment be made in clause(c)

"of sub-rule (1) of rule 7 of the Displaced Persons Compensation and Rehabilitation Rules, 1955, laid on the Table on the 16th August, 1955, namely:—

add at the end 'advanced to him'."

My motion No. 185 is for deletion of clause (i) of sub-rule (1) of rule 7. This clause reads:

"amounts spent on the maintenance of the applicant or any member of his family in any home or infirmary, which amounts the applicant has agreed in writ-

[Shri Gidwani.]

ing may be adjusted against the compensation payable to him".

मैं इस में से दो बातें उड़ाना चाहता हूं। एक तो यह कि जो कर्जा लेता है उसी के कम्पेन्सेशन से वह कर्जा वसूल किया जाय। और दूसरे यह कि जो रुपया बवाओं को और उन लोगों को जोकि इनफरमरीज़ में थे दिया गया था वह वापस न लिया जाये। वह रुपया उन क कम्पेन्सेशन से न काटा जाय। इस सम्बन्ध में मैं ज्यादा समय नहीं लेना चाहता। मैं सिर्फ आप को एक मद्रास के कलक्टर साहब की मिसाल देना चाहता हूं। एक बेवा का १५०० रुपये का कसपेन्सेशन था। उस का क्लेम तो तीन हजार का था लेकिन उस को कम्पेन्सेशन १५०० रुपया मिलना था। कलक्टर साहब ने उस में से १४७४ रुपये काट लियें और बाकी रुपये उस को भेजें उस ने उन को लेने से इन्कार कर दिया। मैं हाउस के सामने उस लेटर को पढ़ देना चाहता हूं जोकि कलक्टर साहब ने भेंजा था। वह इस प्रकार है :

"Subject: Displaced persons from Pakistan—Rehabilitation in Mysore State—Shrimati Durgabai Tikamdas now settled at Bangalore—certain particulars furnished.

"Shri Lakshmichand, son of Shrimati Durgabai Tikamdas, now settled at Bangalore has represented to me that the compensation application filed by his mother has not been considered by you for want of the rehabilitation particulars from this office. The Compensation application filed by Shrimati Durgabai and sent by you to this office, was returned to you for further rectification of certain defects in the application forms. The amounts due by the applicant towards rehabilitation benefits granted to her are furnished below for your information:

	Rs.
Ration allowance	95-14-0
"	47-2-0
"	99-0-0
"	242-0-0
Business loan	298- 0-0
Subsidy	472- 0-0
	1112- 0-0
Interest on Rs. 1112	87- 0-0
Rent for camp for portion occupied	120-0-0
Electricity charges.	155-4-0
Total	Rs. 1474- 4-0

That means Rs. 1474 out of Rs. 1500 compensation. She refused to accept this. Her son has come all the way from Bangalore. He has presented this letter which the Collector of Madras has written to the Revenue Commissioner in Mysore (Refugee Section), to me. The widow has refused to accept this amount.

मैं इस सिलसिले में यह कह देना चाहता हूं कि यह रुपया तो हम बतौर डोल देते थे। इस को क्यों काटा जाना चाहिये। इस में यह दिया हुआ है :

"amounts spent on the maintenance of the applicant or any member of his family in any home or infirmary, which amounts the applicant has agreed in writing may be adjusted against the compensation payable to him".

5 p.m.

अगर ऐसा किया गया तो यह बड़ी बेइन्साफी होगी। जैसाकि मैं ने ऊपर बतलाया है १५०० के कम्पेन्सेशन में से १४७४ रुपया काट लिया गया। ऐसा करना बेइन्साफी है। जबकि यह रुपया बतौर कर्ज नहीं दिया गया था।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि कुछ गांवों में कई कई आदमियों के ग्रुप को कर्जा दिया गया है । इन पांच में से चार नाद क्लेमेंट हैं और एक क्लेमेंट है । अब ऐसा होनें लगा है कि जो नान क्लेमेंट्स का लोन है वह भी उस एक क्लेमेंट क कम्पेन्सेशन से काट लिया जाता है ।

Shri N. C. Chatterjee: It is already five O'clock.

An Hon. Member: He can speak tomorrow.

Mr. Chairman: He can continue tomorrow.

MESSAGE FROM RAJYA SABHA

Secretary: Sir, I have to report the following message received from the Secretary of Rajya Sabha:

I am directed to inform the Lok Sabha that the Rajya Sabha, at its sitting held on the 12th September, 1955, has passed the enclosed motion referring the Inter-State Water Disputes Bill, 1955, to a Joint Committee of the Houses and to request that the concurrence of the Lok Sabha in the said motion and the names of the Members of the Lok Sabha to be appointed to the said Joint Committee may be communicated to this House.

Motion

"That the Bill to provide for the adjudication of disputes relating to waters of inter-State rivers and river valleys be referred to a Joint Committee of the Houses consisting of 45 members; 15 members from this House, namely:— Shri G. Ranga, Shri M. Govinda Reddy, Shri S. Venkataraman, Shri Jagannath Prasad Agrawal, Shri H. P. Saksena, Shri Krishnakant Vyas, Syed Mazhar Imam, Shri M. H. S. Nihal Singh, Shri Jagannath Das, Shri Vijay Singh, Shri N. D. M. Prasadarao, Shri Surendra Mahanty, Shri S.N. Dwivedi, Shri N. R. Malkani, Shri Jai Sukh Lal Hathi

and 30 members from the Lok Sabha;

that in order to constitute a meeting of the Joint Committee the quorum shall be one-third of the total number of members of the Joint Committee;

that in other respects, the Rules of Procedure of this House relating to Select Committees will apply with such variations and modifications as the Chairman may make;

that this House recommends to the Lok Sabha that the Lok Sabha do join in the said Joint Committee and communicate to this House the names of members to be appointed by the Lok Sabha to the Joint Committee; and

that the Committee shall make a report to this House by the 21st November, 1955."

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Wednesday the 14th September, 1955.